आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

योगी सरकार कर रही महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 07 नवंबर, 2024 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 26 www.janexpresslive.com/epaper



एफसीआई को मिलेंगे 10,700 करोड़ 12

# चुनाव में चला ट्रंप कार्ड

## ट्रंप का पहला संबोधन, अमेरिका में स्वर्णिम काल लेकर आएंगे, पीएम मोदी ने दी बधाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। जीत के बाद उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। हम अमेरिका की भलाई के लिए काम करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये पल इस देश को फिर से मजबूत करने में मदद करेंगे। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि मैं हर दिन आपके लिए लड़ूंगा और अमेरिका में स्वर्णिम काल लेकर आएंगे।



### जीत के बाद ट्रम्प की स्पीच, कहा, असंभव को संभव कर दिखाया

चुनाव में जीत तय होने के बाद ट्रम्प ने अमेरिका के लोगों को शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा- हमने वो कर दिखाया जो लोगों को असंभव लग रहा था। मैं देश की सभी समस्याओं को दूर करूंगा। अलास्का, नेवादा और एरिजोना में जीत हासिल करना मेरे लिए बड़ी बात है। यह अविश्वसनीय है। ट्रम्प ने कहा कि मैं अमेरिकी लोगों के परिवार और उनके भविष्य के लिए लड़ूंगा। अगले 4 साल अमेरिका के लिए अहम हैं। ट्रम्प ने कहा कि यह अमेरिका के इतिहास की सबसे शानदार जीत है। ट्रम्प ने इलॉन मस्क की तारीफ करते हुए कहा- इलॉन एक स्टार हैं। चुनाव प्रचार में उन्होंने रॉकेट की तरह उड़ान भरी है।

### सभी स्विंग स्टेट में पिछड़ीं कमला

कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार के करीब हैं, इसकी एकमात्र वजह स्विंग स्टेट होंगे। इनमें से किसी में कमला को बढ़त नहीं मिली है। 7 स्विंग स्टेट में ट्रम्प 3 जीत चुके हैं और 4 में आगे चल रहे हैं। पिछले चुनाव में ट्रम्प को सिर्फ एक स्विंग स्टेट नॉर्थ कैरोलिना में जीत मिली थी। स्विंग स्टेट वे राज्य हैं जहां दोनों पार्टियों के बीच वोट का मार्जिन काफी कम रहता हैं। ये किसी भी तरफ जा सकते हैं। इन राज्यों में 93 सीटें हैं।

### अमेरिकी संसद पर भी ट्रम्प का कब्जा

राष्ट्रपति चुनाव के साथ ही अमेरिकी संसद के दोनों सदनों सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव के भी चुनाव हुए हैं। इनमें सीनेट यानी ऊपरी सदन में ट्रम्प की पार्टी रिपब्लिकन ने जीत हासिल कर ली है। उन्हें 93 सीटों में से 51 सीटें मिलीं। बहुमत के लिए 50 सीटों की जरूरत थी। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में भी रिपब्लिकन लीड कर रही है। कांग्रेस के निचले सदन यानी हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में डेमोक्रेट्स को 133 वहीं, रिपब्लिकन को 174 सीटें मिली हैं। इसमें 435 सदस्य होते हैं, इनका कार्यकाल दो साल के लिए होता है। ट्रम्प 4 साल बाद व्हाइट हाउस में वापसी करेंगे। वे 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। अगर कमला हैरिस चुनाव जीततीं तो वे पहली महिला राष्ट्रपति बनकर इतिहास रच देतीं।

### मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई

राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय होने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।

### राहुल गांधी और खरगे ने भी दीं शुभकामनाएं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जीत की बधाई दी। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि आपको जीत के लिए बधाई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। कमला हैरिस को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए भी शुभकामनाएं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से हम राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी चुनावी जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

### ट्रंप ने समर्थकों को कहा शुक्रिया

ट्रंप ने फ्लोरिडा में समर्थकों से कहा कि मैं आपका 47वां राष्ट्रपति हूं। ऐसी राजनीतिक जीत पहले कभी नहीं देखी गई। भारी जीत की कगार पर खड़े रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने अपने समर्थकों का शुक्रिया अदा किया और इसे अमेरिकी लोगों की शानदार जीत बताया। दरअसल, 78 वर्षीय ट्रंप को फिलहाल 267 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिलने की जानकारी है। यह 270 के जादुई आंकड़े से तीन कम है। वहीं, उनकी प्रतिद्वंद्वी मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 214 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों के साथ पीछे चल रही हैं।

### ट्रंप बोले, हमने इतिहास रच दिया

ट्रंप ने कहा कि हम अपने देश को ठीक करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए काम करेंगे। हमने आज इतिहास रच दिया है। हमने सबसे अविश्वसनीय राजनीतिक जीत हासिल की है। मैं अमेरिकी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपनी हर सांस के साथ आपके और आपके परिवार के लिए लड़ूंगा। ट्रंप ने कहा कि यह एक ऐसा आंदोलन था, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा। सच कहूं तो मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन था। इस देश में और शायद इससे परे भी ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ। अब यह एक नए स्तर पर पहुंचने जा रहा है, क्योंकि हम अपने देश को ठीक करने में मदद करने जा रहे हैं। हमारे पास एक ऐसा देश है, जिसे मदद की जरूरत है। यह ऐतिहासिक है। इसका कारण सिर्फ यही है कि हमने उन बाधाओं को पार किया, जिनके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था।

### ट्रंप ने एलन मस्क का भी दिया धन्यवाद

ट्रंप ने अपने परिवार का शुक्रिया अदा किया। साथ ही चुनाव में उनके लिए काम करने वालों की मेहनत का भी जिक्र किया। इस बीच उन्होंने अरबपति कारोबारी एलन मस्क का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि वह एलन मस्क से प्यार करते है और उनके समर्थन के लिए आभार जताते हैं। ट्रंप ने मस्क की संचार व्यवस्था स्टारलिंक का जिक्र किया और नॉर्थ कैरोलाइना में बाढ़ प्रभावितों की मदद से जुड़ा किस्सा सुनाया। ट्रंप ने कहा कि मस्क की वजह से ही नॉर्थ कैरोलाइना में रिपब्लिकन पार्टी को जीत मिली।

### रूस ने दी चौंकाने वाली प्रतिक्रिया

रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम पर चौंकाने वाली प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत को लेकर क्रेमलिन ने कहा कि वे अंतिम नतीजों की घोषणा का इंतजार करेंगे। क्रेमलिन से जारी बयान के मुताबिक अमेरिका में ट्रंप की जीत के बाद यूक्रेन के साथ 30 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध समाप्त होता है या नहीं, यह देखना बेहद दिलचस्प रहेगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान के दौरान यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बयान दिए थे।

# हमीरपुर में पत्रकारों पर हमला करने वाले अनुरागी भाजपा से निष्कासित

## उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण त्रिपाठी ने संगठन की ओर से मुख्यमंत्री से की थी मांग

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनुरागी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया
- प्रदेश भाजपा संगठन ने भी समिति की आपत्ति को गंभीरता से लिया, कड़ा सबक सिखाया
- नगर पंचायत अध्यक्ष सरीला पवन राजा अनुरागी ने घर बुलाकर पत्रकारों पर गुर्गों के साथ किया था हमला


भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के निर्देश पर हमीरपुर में पत्रकरों पर जानलेवा हमला करने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष सरीला पवन राजा अनुरागी को बीजेपी से निष्कासित कर दिया गया है। इसके साथ ही, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महासचिव अरुण त्रिपाठी ने संगठन की ओर से इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने और दोषी पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा संगठन ने भी उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की मांग को गंभीरता से लिया और अनुरागी पर कार्रवाई की। जन एक्सप्रेस ने मामले को प्रमुखता से उठाया था। दरअसल, नगर पंचायत के स्वच्छता कार्यक्रम की असलियत लिखने से नाराज अध्यक्ष नगर पंचायत सरीला पवन राजा अनुरागी ने पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को एक साजिश के तहत घर बुलाकर कमरे में बंद कर लिया। कमरे में पहले से ही एक दर्जन लोग मौजूद थे। जैसे ही दोनों कमरे में अंदर घुसे, वैसे ही पहले से घात लगाये अनुरागी और उनके गुर्गों ने दोनों पत्रकारों पर हमला कर दिया। जिसमें हमलावरों में पवन अनुरागी, अखिलेश राजपूत, विक्रम यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा, आरके सोनी, आकाश अनुरागी निवासी सरीला आदि लोग शामिल थे। इसमें तीन हिस्ट्रीशीटर अपराधी बताये जाते हैं। यही नहीं, दोनों पत्रकारों को जख्मी करने के बाद चेयरमैन व उसके गुर्गों ने पत्रकारों के हाथ में तमंचा थमाने के बाद उसका वीडियो बनाया। हमलावरों में अनुरागी का एक निर्वतमान लिपिक भी शामिल है।


पत्रकारों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगी उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति: अरुण त्रिपाठी

पीड़ित दोनों पत्रकारों ने जरिया थाने जाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सीएम योगी के निर्देश के बाद पुलिस ने पवन राजा अनुरागी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में अब 19 नवंबर को होगी सुनवाई, तय किए जाने हैं वाद बिंदु

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद मामले में अब 19 नवंबर को सुनवाई होगी। बुधवार को पीठ के नहीं बैठने पर सुनवाई टल गई। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन के सेवानिवृत्त होने पर अब न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। बता दें कि न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने वाद की पोषणीयता पर फैसला सुनाया था। साथ ही मुस्लिम पक्ष की ओर से सभी वादों को अलग-अलग सुनवाई करने की मांग को लेकर दाखिल आवेदन को खारिज कर दिया था। ऐसे में अब सभी वादों की एक साथ सुनवाई की जानी है।

# लखनऊ की बेटी तनुश्री ने बढ़ाया मान, चाइना में जीता सिल्वर मेडल, परिजनों सहित शिक्षकों ने दी बधाई

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

चीन के जिंगशान में आयोजित फोर्थ वर्ल्ड जूनियर साफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में लखनऊ की बेटी व शहर के रघुकुल विद्यापीठ की छात्रा तनुश्री पांडेय ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। 21 वर्षीय तनुश्री की उपलिब्ध पर परिजनों, शिक्षकों व सहपाठियों ने बधाई दी है। भारतीय एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस महासंघ की ओर से चीन के जिंगशान में एक से छह नवंबर तक चल रही प्रतियोगिता में तनुश्री पांडेय हिस्सा ले रही हैं। लखनऊ के रायबरेली रोड वृंदावन उतरेठिया निवासी अनिल पांडेय और नीलम पांडेय की बेटी तनुश्री शुरू से ही टेनिस खेलती रही हैं। चीन में आयोजित प्रतियोगिता में महिलाओं के एकल



स्पर्धा में उन्होंने लीग मुकाबलों में विपक्षी देशों की खिलाड़ियों को शिकस्त दी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला जापान की खिलाड़ी से हुआ। जिसमें उन्होंने 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में उनकी भिड़ंत चाइना ताइपे की खिलाड़ी चियांग मिन यू से हुई। रोमांचक मुकाबले में चियांग मिन यू ने 4-3 अंतर से जीत दर्ज की। तनुश्री को सिल्वर मेडल दिया गया। इसके पहले भी वह कई प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी हैं। तनुश्री के पिता अनिल पांडेय व्यवसाई हैं। जबकि मां गृहिणी हैं। उनका छोटा भाई अभी पढ़ाई कर रहा है। पिता ने बताया कि पिछले 15 वर्ष से तनुश्री टेनिस खेल रही हैं। उनका सपना ओलंपिक में मेडल प्राप्त करना है। वहीं तनुश्री गोंडा के रघुकुल महिला विद्यापीठ में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। तनुश्री पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। महाविद्यालय के प्रबंधक सुमित भूषण सिंह, मुख्य नियंता लेफ्टिनेंट डॉ. हरिनाथ सिंह, नृपेंद्र मिश्रा, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. सत्येंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, डॉ. उमा पाठक, डॉ. नीतू चंद्रा, हुमैरा आफरीन, निशि तिवारी ने बधाई दी है।

# लक्ष्मी काटसिन कंपनी की 32 करोड़ की संपत्ति जब्त

## ईडी ने छत्तीसगढ़ के भाटापारा और बलोदा बाजार में स्थित 31.94 करोड़ रुपये की 73.34 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जब्त की




- विभिन्न बैंकों के साथ की गई करीब 7,377 करोड़ रुपये की जालसाजी के मामले में कार्रवाई
- जब्त की गई भूमि कंपनी व उसके करीबी कर्मचारियों तथा आदिवासियों के नाम पर थी
- सीबीआइ को पहली जून 2021 को शिकायत मिली थी कि कंपनी ने बैंकों के साथ छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जालसाजी की है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लखनऊ**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कानपुर की श्री लक्ष्मी काटसिन कंपनी पर सख्त कार्रवाई की है। कार्रवाई में सीबीआई की जांच को आधार बनाया गया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ के भाटापारा और बलोदा बाजार में स्थित 31.94 करोड़ रुपये की 73.34 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जब्त की है। जब्त की गई भूमि कंपनी व उसके करीबी कर्मचारियों तथा आदिवासियों के नाम पर थी। ईडी ने कंपनी के विरुद्ध यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विभिन्न बैंकों के साथ की गई करीब 7,377 करोड़ रुपये की जालसाजी के मामले में की है। सीबीआई भी इस मामले की जांच कर रही है। जीवनतारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली में स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के डीजीएम राजीव खुराना ने सीबीआई को पहली जून 2021 को शिकायत दी थी कि कंपनी ने बैंकों के साथ छह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की जालसाजी की है।

### फोरेंसिक जांच में पता चला कंपनी ने ऋण समझौते की शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया

ईडी की जांच से पता चला है कि आरोपित कंपनी ने सूटिंग-शर्टिंग, रजाई वाले कपड़े, डेनिम कपड़े व अन्य कपड़ों के निर्माण को लेकर 23 बैंकों के संघ से संपर्क कर ऋण लिया था। कुछ समय बाद ऋण खातों को एनपीए (नान परफार्मिंग असेट्स) घोषित कर दिया गया। फोरेंसिक जांच में पता चला है कि कंपनी ने ऋण समझौते की शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया। कंपनी ने बिना किसी छूट नीति के फर्जी पतों पर पंजीकृत कंपनियों व अन्य ग्राहकों को 207.29 करोड़ रुपये की छूट दी थी। साथ ही कुछ फंड को मेसर्स श्रीलक्ष्मी पावर लिमिटेड में डायवर्ट कर छत्तीसगढ़ के बलोदा बाजार में स्थित आइसीआइसीआइ बैंक के खातों के माध्यम से अलग-अलग व्यक्तियों को भेज दिया था। इस राशि से कंपनी ने छत्तीसगढ़ में अपने भरोसेमंद कर्मचारियों व आदिवासियों के नाम पर भूमि खरीदी थी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के निर्देशों के तहत कंपनी से ऋण वसूली के लिए लगभग 265.44 करोड़ रुपये की संपत्ति की बिक्री पहले ही की जा चुकी है।

### ईडी ने सीबीआई की जांच को बनाया आधार

सीबीआई की जांच को आधार बनाकर ईडी ने अपनी जांच शुरू की थी। सार्वजनिक धन के डायवर्जन व जालसाजी के लिए कंपनी के अध्यक्ष व सह प्रबंध निदेशक डॉ. माता प्रसाद अग्रवाल, संयुक्त प्रबंध निदेशक पवन कुमार अग्रवाल, उप प्रबंध निदेशक देवेश नारायण गुप्ता व अज्ञात लोक सेवकों तथा अन्य व्यक्तियों को आरोपित बनाकर ईडी ने मामले की जांच आगे बढ़ाई है। अभी तक की जांच में यह सामने आया है कि कंपनी ने 2010 से 2018 की अवधि के दौरान विभिन्न बैंकों के साथ 7,377 करोड़ रुपये की जालसाजी की है।



रामकिंकर जन्मशताब्दी समारोह की पूर्णाहुति

# सनातन धर्म की कथा में बाधा न आए इसलिए हम डंडा लेकर बाहर बैठते हैं: मोहन भागवत

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

श्री रामकिंकर विचार मिशन के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी मैथिलीशरण द्वारा श्रीधर धाम दास हनुमान देवस्थान आश्रम चित्रकूट में आयोजित युग तुलसी पद्मभूषण रामकिंकर के तीन दिवसीय जन्मशताब्दी समारोह के पूर्णाहुति अवसर पर संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ और संत का कार्यक्षेत्र अलग-अलग है, जब अंदर संत सनातन धर्म की कथा कह रहे होते हैं, तब हम संघ के लोग कथा में बाधा न पहुंचे इसलिए डंडा लेकर बाहर बैठते हैं। कहा कि अंदर क्या चल रहा है भले ही हमें इसका ज्ञान न हो पर हमारा ज्ञान इतना तो है कि अंदर जो भी चल रहा है सबसे महत्वपूर्ण चल रहा है। रामकिंकर महराज का स्मरण करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि उनकी राम कथा में सिर्फ राम कथा होती थी, उनका चित्त प्रभु में पूर्ण विलीन था इसीलिए उनकी कथा पुरुषार्थ और कुशलता की न होकर कृपा स्वरूप थी और यही हमारे राष्ट्र का आधार है, ऋषि और मुनियों के कठोर परिश्रम से भारत राष्ट्र की नींव रखी गई है, अलग-अलग रंग रूप होते हुए भी मूल रूप से हम सभी एक हैं, भारत देश विश्व में सबसे सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र है जहां जीवन जीने के लिए संघर्ष की आवश्यकता नहीं है, सभी को जोड़कर उन्नति करना हमारे देश का धर्म है और इसी धर्म पर पूरी सृष्टि चल रही है, जानकारी से नहीं आचरण से धर्म की प्राप्ति होती है, भगवान राम ने धर्म को जीकर दिखाया है, जीवन को कुंदन करने के लिए रामकिंकर महराज जैसे महान संतों को श्रवण करने की आवश्यकता है, दुनिया कैसी है यह महाभारत दिखाता है, रहना कैसे है यह रामायण सिखाती है, धर्म का तत्व गूढ़ है, आचरण धर्म संपन्न होने पर जीवन में परिवर्तन दुनिया को उदाहरण बनता है।

### राम और गीता को समझना है तो रामकिंकर को सुनिए: उत्तम स्वामी

13 वर्ष की अवस्था में संन्यास लेने वाले मां नर्मदा के उपासक उत्तम स्वामी ने कहा कि भारत में राम और गीता को समझना है तो पंडित रामकिंकर महराज को सुनिए, अलग-अलग 4 आचार्य के संपूर्ण स्वरूप रामकिंकर महराज है, वेद में भेद है देव में भेद है, पर संत की कृपा में कोई भेद नहीं है, भगवान दुष्ट को मारता है संत दुष्टता को मारता है, संतों का सानिध्य समाधि है, रामकिंकर महराज शंकराचार्य से कम नहीं है सनातन धर्म के लिए रामकिंकर महराज द्वारा किया गया कार्य अलौकिक है सभी संत सनातन हिंदू धर्म के लिए काम करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सत्य परोपकार सेवा धर्म रूपी बीज फेंकते रहिए कोई ना कोई रामकिंकर महराज जैसा पैदा होता ही रहेगा, जिन्होंने रामकिंकर महराज को देखा है उन्होंने राम को देख लिया है।



### सनातन है तो पूरे विश्व में मानवता है: स्वामी चिदानंद

परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद ने कहा कि मोहन भागवत राष्ट्र को चिंतन देने वाले महापुरुष हैं, मुरारी बापू ने अपनी धरा की पावनता से पूरे विश्व को सिंचित किया है, वह यूनाइटेड नेशन में यूनाइटेड क्रिएशन की कथा कहते हैं, रामकिंकर तो चलते-फिरते ग्रंथकर थे विश्वकोश थे, रामकिंकर ही मैथिलीकिंकर बना सकते हैं यही हमारे देश की विरासत है, भारत में जन्म लेने का मतलब है कि आप परमात्मा के जीते जागते हस्ताक्षर हैं। स्वामी चिदानंद ने कहा कि गैर हिंदू अपनी आपस में आलोचना नहीं करते हैं, इसीलिए हमें भी एक दूसरे की आलोचना नहीं करनी है।

### भगवान की इच्छा है सनातन धर्म का उत्थान होगा

सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भगवान की इच्छा है इसलिए सनातन धर्म का उत्थान होगा, संतों और भक्तों के पुरुषार्थ और प्रभु की इच्छा से मंदिर का निर्माण हुआ है, उन्होंने कहा कि पुरुषार्थी लोगों को कभी-कभी शस्त्र उठाना पड़ता है जब पूरा समाज तैयार होता है तब भगवान की कृपा रूपी उंगली उठती है, विश्व में कोई युद्ध न हो इसलिए मन की अयोध्या बनाना आवश्यक है, रामकिंकर महराज ईश्वर निष्ठों की मंडली में मूर्धन्य महापुरुष हैं, मैं अपने आप को पावन करने चित्रकूट आया हूं, इसीलिए मैथिलीशरण का आमंत्रण पाते ही मैंने तुरंत स्वीकृति दे दी थी।

### सनातन बचेगा तो आप बचेंगे

सनातन समाज को बहुत कुछ सोचने की जरूरत है, ध्यान राम का करें और जीवन राष्ट्र का जियें, कास्ट से ऊपर राष्ट्र की बात करें, जातियों का सम्मान करें, संस्कृति और संस्कारों के बल पर हमने दुनिया को बहुत कुछ सिखाया है, भारतीय नेतृत्व ने नारों से नहीं विचारों से दुनिया को बहुत कुछ दिया है, भारत पद नहीं पादुका की धरती है, प्रतिष्ठा नहीं निष्ठा की धरती है, हर्ष मिलाप की नहीं भरत मिलाप की धरती है, संघ के संस्कारों से हरियाणा खड़ा हो गया है, सनातन प्रेमियों मूल और मूल्य से जुड़े रहिए, चिदानंद स्वामी ने कहा कि जब-जब उन्होंने रामकिंकर महराज को देखा है तब-तब लगा साक्षात हनुमान बैठे हैं, तुलसीदास ने एक ग्रंथ लिखा पर रामकिंकर महराज ने एक-एक चैपाई पर एक-एक ग्रंथ लिख दिया।

### रामकिंकर को नहीं पढ़ता तो राम कथा के रहस्य से अनभिज्ञ रहता: मुरारी बापू

मुरारी बापू ने राम किंकर महराज के सानिध्य का स्मरण करते हुए कहा कि मनुष्य के शरीर में पंच महाभूत होते हैं मुझे पंडित रामकिंकर महराज में पांच तत्व दिखाई दिए, पहला विश्वास रूप में जहां रामकिंकर महराज को प्रभु की कृपा पर अटूट विश्वास है, दूसरा विचार तत्व के रूप में रामकिंकर महराज ने मानस के पात्रों का रहस्य खोला है, तीसरा विलास रूप में देखे तो पंडित रामकिंकर राज ऋषि थे, उनके आने से मंच शोभायमान हो जाता था, वह सुमति विलास के पर्याय थे, चैथा तत्व विराग पक्ष है वह परम बैरागी हनुमान के उपासक हैं, रामकिंकर महराज का पांचवा तत्व विनोद पक्ष दिखाई देता है वह विनोदी स्वभाव के थे मंद मंद मुस्कुरा कर अपनी बात कहते थे, पहले मुस्कुराहट फिर राम कथा। मुरारी बापू ने कहा

### साधु प्रतिष्ठा को नहीं निष्ठा को प्रणाम करता है: मुरारी बापू

प्रख्यात संत मुरारी बापू ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को राष्ट्रपुरुष संबोधित करते हुए कहा कि साधु प्रतिष्ठा को नहीं निष्ठा को प्रणाम करता है। मैं भी आपकी राष्ट्रनिष्ठा को प्रणाम करता हूं, मैथिलीशरण को आत्मीय आदर देते हुए मुरारी बापू ने कहा कि कोई मेवा के लिए गुरु के निकट होता है कोई सेवा के लिए, परंतु मैथिलीशरण तो सबल सरल और संवेदनशील है संवेदना का अभाव होने से चलकर भी हम लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते हैं, सबल को परिभाषित करते हुए बापू ने कहा कि एक बालक जैसे अपने पिता की मूंछ और बाल खींचता है, मैथिलीशरण की ग्रंथ और गुरु में अटूट निष्ठा सही रूप में अनुष्ठान है, यहां का स्मरण सालों रहेगा, यहां आकर मैं धन्य भी हुआ, प्रसन्न भी हुआ और चैतन्य भी हुआ, लगा मैं भी मैथिलीशरण की तरह इस अनुष्ठान का यजमान हूं,

# श्रानीपुर टाइगर रिजर्व के ईको पर्यटन सत्र का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जनपद में स्थापित रानीपुर टाइगर रिजर्व के जाम्बवंत ईको पर्यटन केन्द्र किहुनिया में पर्यटन सत्र 2024-25 का शुभारंभ बुधवार को किया गया। जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने हवन, पूजन-अर्चन के साथ इसका शुभारंभ किया।
उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन विभाग राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में रानीपुर टाइगर रिजर्व में ईको पर्यटन का शुभारंभ किया गया है। वन में रहने वाली प्रजातियों के लिए नहर के माध्यम से पानी की व्यवस्था करके वन्य जीव का संरक्षण किया जा सकता है। यह 530 किलोमीटर की दूरी में फैला हुआ है। इसमें जानवरों के लिए रहने के लिए कोई समस्या नहीं आएगी। बुंदेलखंड क्षेत्र में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता आए थे। यह आपका सौभाग्य है कि यहां पर्यटन क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि वन विभाग मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के बॉर्डर पर एक अच्छा गेट बनवाए। बॉर्डर पर बाउंड्री बनवा दी जाए, जिससे कि अन्य प्रान्तों में जानवर न जा सके। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि इस टाइगर रिजर्व को केन बेतवा से लिंक कर दिया जाएगा तो पानी की समस्या नहीं होगी। यहां के सभी धर्मस्थल को संरक्षित किया जा रहा है। यह कार्य प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के डबल इंजन की सरकार कर रही है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक फील्ड डायरेक्टर रानीपुर टाइगर रिजर्व के के सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यह एक बड़ा प्रयास है। यह पहले मैसूर क्षेत्र में आता था। इससे रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे, जिससे कि यहां के लोगों में जीवन परिवर्तन होगा। कहा कि बुंदेलखंड एक ऐसा खजाना है, जिसको हमें पहचान की जरूरत है, यह विकास के रास्ते को प्रशस्त करेगा।
इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, वन संरक्षक झांसी महावीर कौजलगी, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, भाजपा महामंत्री आलोक पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी एन के सिहं आदि मौजूद रहे।

## बेरहम पति ने कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । उरई

सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर में महिला के चरित्र के शक में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हमलाकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी अमर सिंह यादव 33 वर्ष पुत्र पीतम सिंह ने बुधवार की सुबह 9 बजे अपनी 30 वर्षीय पत्नी कुशमा देवी के गले में कुल्हाड़ी मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं बल्कि बेरहम हत्यारोपी पति घटना को अंजाम देने के बाद मौके से भाग गया। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और ग्रामीणों ने घटना की खबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूछतांछ के दौरान हत्यारोपी पति ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मेरी पत्नी चरित्र ठीक नहीं था। बताया कि कई बार घर से भाग जाने की भी धमकी देती थी। जिससे तंग आकर उसने वारदात को अंजाम दे दिया। मृतिका की माँ ने बताया कि उसकी 6 लड़किया है और वह अपनी बच्ची कुशमा के साथ ही मानपुर में ही रहती है।मृतिका कुशमा के दो बच्चे 7 वर्षीय लड़का और 3 वर्षीय लड़की है। फिलहाल घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार के साथ अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ जालौन के अलावा थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह पुलिस वल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पति को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## हमीरपुर एसपी को हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चित्रकूट जिले के निवासी हेड कौंस्टबल के लापता होने के मामले में हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जयदीप त्रिपाठी एवं अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि चित्रकूट के ब्यूर गांव के निवासी हेड कौंस्टबल राजाराम शुक्ला लगभग एक साल पहले हमीरपुर से ऑन ड्यूटी लापता है। उनके घर वाले इसके लिए थाने के कई चक्कर लगा चुके है, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसके चलते उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण लेते हुए रिट याचिका दाखिल की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने हमीरपुर को नोटिस जारी किया है। साथ ही जांच के संदर्भ में 16 दिसम्बर के पहले शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है।

## राजा सिंह परिहार बने प्रदेश महासचिव

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और भारतीय किसान यूनियन की संयुक्त बैठक में क्षत्रिय समाज और किसान हितों पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद चित्रकूट के जिलाध्यक्ष राजा सिंह परिहार को अतिरिक्त प्रभार भारतीय किसान यूनियन का प्रदेश महासचिव/प्रदेश महामंत्री, विनोद सिंह हाडा को मंडल अध्यक्ष, अनिल सिंह को मंडल महामंत्री, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया को जिलाध्यक्ष, रिंकू सिंह सेंगर को जिला कोषाध्यक्ष, प्रमोद सिंह को जिला महामंत्री, कनक सिंह को जिलाध्यक्ष युवा तथा शिवम सिंह चैहान को जिला महामंत्री युवा नियुक्त किया गया।

## गाजियाबाद घटनाक्रम पर अधिवक्ताओं ने किया कार्य विरत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ हुई बर्बरता के विरोध में चित्रकूट के अधिवक्ता बुधवार को भी कार्य से विरत रहे। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश तिवारी व एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय संविधान से ऊपर कोई नहीं हो सकता है। गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ बर्बरता करने वाले पुलिस कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जानी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मिश्रा ने कहा कि इस मामले में बार काउंसिल ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश को सख्त कदम उठाते हुए बड़ा निर्णय लेना चाहिए। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के महामंत्री मनोज कंचनी, अनिल त्रिपाठी, सुरेन्द्र पयासी, उमेश कुमार सिंह, रवि मिश्रा, विनीय पयासी, अरुण टाइगर, विकास निगम आदि मौजूद रहे।

## अवैध रूप से संचालित हो रहे भांग ठेके पर बिक रहा था गांजा

जन एक्सप्रेस । शत्रुघन सिंह



**उरई।** पिछले दिनों नगर में संचालित भांग ठेकों पर हुई प्रशासनिक कार्यवाही में भारी मात्रा में गांजा की बरामदी के बाद कई भांग ठेके निरस्त कर कोतवाली में एफआईआर भी दर्ज करायी गयी थी। लेकिन जब आबकारी विभाग ने पुनः भांग ठेकों की नीलामी प्रक्रिया करायी तो पुराने भांग ठेकेदार ने ही अपने शार्दिगों को नीलामी प्रक्रिया में शामिल कर एक बार फिर से भांग ठेकों पर अपना कब्जा कर लिया था और भांग ठेकों को विभाग से बगैर चैहद्दी पास कराये ही संचालित कर दिये थे। इसी दौरान आबकारी विभाग को शिकायत मिली कि भांग ठेकों पर फिर से गांजा की बिक्री शुरू हो गयी तो बुधवार को आबकारी टीम ने राजमार्ग स्थित वीमार्ट के सामने संचालित भांग ठेका पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देते हुये ठेका पर मौजूद युवक को पकड़कर अपने साथ ले गयी और ठेके पर तालाबंदी करा दी। छापामार कार्रवाई में आबकारी टीम को क्या मिला क्या नहीं मिला इस बारे में विभागीय टीम जानकारी देने से बचती नजर आयी। उधर जैसे ही उक्त कार्रवाई की जानकारी भांग ठेकेदार को पता चली तो वह सकते में आ गया और फिर विभागीय कार्यवाही से बचने के लिये तोड़जोड़ करने में जुट गया।
जानकारी के अनुसार नगर ही नहीं बल्कि जिले में जिन स्थानों पर भांग ठेके संचालित होते हैं वहां पर भांग से ज्यादा गांजा की बिक्री खुलेआम लंबे समय से की जाती रही है। जब यह मामला आला प्रशासन अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने विगत माह एक साथ कई भांग ठेकों पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिलवाया तो इस बात का पूरी तरह से खुलासा हो गया था कि वास्तव में भांग के ठेकों से अवैध तरीके से गांजा की बिक्री होती है। क्योंकि छापामार कार्यवाही के दौरान भारी संख्या में गांजा की पुड़िया बरामद हुई थी। अभी पिछले माह ही पुनः निरस्त हुई भांग की दुकानों की नीलामी प्रक्रिया आबकारी विभाग ने पूरी करायी थी। सूत्रों की मानें तो जिस व्यक्ति के विरुद्ध भांग की दुकानों से गांजा की बिक्री कराने मामले में एफआईआर दर्ज हुयी थी उसने अपने ही शार्दिगों के नाम भांग ठेके की उच्चतम बोली लगाकर हथिया लिये थे। इसी के साथ भांग ठेकों पर चोरी छिपे गांजा की बिक्री का खेल शुरू हो गया था। इतना ही उक्त मामले की शिकायत आबकारी विभाग से की गयी थी।

# डीएम-एसपी ने छठ पूजा की तैयारियों को लेकर रामकुंड का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आगामी छठ पूजा को लेकर रामकुंड का दौरा किया और वहां की तैयारियों का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने छठ पूजा के आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पूजा स्थल पर साफ-सफाई, जल निकासी, बिजली की व्यवस्था और छठ व्रतियों के लिए आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती और ट्रैफिक व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रहने के निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान छठ पूजा के शांतिपूर्ण और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयासों के तहत काम करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, मुख्य कोषाधिकारी आंनद सिंह, तहसीलदार शेर बहादुर, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ध्रुव चरित्र का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु




जन एक्सप्रेस । उरई

शहर के स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में अग्रवाल बंधु द्वारा आयोजित श्री मद्भागवत कथा सप्ताह भक्ति ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन ध्रुव चरित्र कथा का वर्णन करके संगतों को निहाल किया गया। श्री अग्रवाल बंधु श्रीमती शिप्रा दीपेश अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं व शहर निवासियों के लिए बीते तीन नवंबर 10 नवंबर दिन रविवार तक शाम 3 बजे से 5 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव आयोजित किया गया है, कथा के दूसरे दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ करके हिस्सा लिया व कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन को सुनकर खुब आनंद लिया। श्रीमद्भागवत कथा के सरस प्रवक्ता पंडित ओमप्रकाश शास्त्री ने अपनी मधुर वाणी से कथा के दूसरे दिन भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार उत्तानपाद सिंहाशन पर बैठे हुए थे। ध्रुव भी खेलते हुए राजमहल में पहुंच गए। उस समय उनकी अवस्था पांच वर्ष की थी। उत्तम राजा उत्तनपाद की गोदी में बैठा हुआ था। ध्रुव जी भी राजा की गोदी में चढ़ने का प्रयास करने लगे। सुरुचि को अपने सौभाग्य का इतना अभिमान था कि उसने ध्रुव को डांटा- च्वाइस गोद में चढ़ने का तेरा अधिकार नहीं है। अगर इस गोद में चढ़ना है तो पहले भगवान का भजन करके इस शरीर का त्याग कर और फिर मेरे गर्भ से जन्म लेकर मेरा पुत्र बन।%% तब तू इस गोद में बैठने का अधिकारी होगा का ज्ञान प्रदान करके श्रद्धालुओं को निहाल किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान कमला अग्रवाल, प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रिचा राजीव अग्रवाल, पूजा रामेंद्र कुमार, यसी, खुशी, आश्वत, आशवी, अश्विनी निरंजन, कल्लू यादव, नरेंद्र ठाकुर, हरिओम शिवहरे, पप्पन सिंह, आदर्श मिश्रा, अनुराग दुबे सहित बड़ी संख्या संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नाला किनारे अधेड़ का शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के जेल चौकी के सामने नाला किनारे झाड़ियों में अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के जेल चौकी के सामने नाला किनारे झाड़ियों में 55 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से खलबली मच गई। घटना की सूचना पर सीओ सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। जिसमे मृतक की शिनाख्त हमीरपुर के मोदहा निवासी कुतबुद्दीन 55 के रूप में उसके पुत्र रहीश ने की। बताया कि वह आंख का ऑपरेशन कराने 27 अक्तूबर को उरई आए थे। ऑपरेशन होने के बाद जब वह घर नहीं पहुंचे, तो उनकी खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला था। इस पर उन्होंने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चित्रकूट की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समाप्त, पुरस्कार पाकर चहके बच्चे

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

दो दिवसीय क्षेत्रीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन बुधवार को किया गया। जिसमें विजेता प्रतियोगियों को अपर उप जिला अधिकारी व सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है और खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग है। खेलों के द्वारा भारत देश का विश्व पटेल पर का नाम हो रहा है। सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। खेल के द्वारा शिक्षा भी बहुत रोचक हो जाती है। जिससे खेल के साथ हम शिक्षा में भी आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम समापन के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने बताया कि इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्षेत्र चित्रकूट के 12 संकुलों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्राथमिक स्तर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता कंपोजिट विद्यालय छिपनी बाहर खेड़ा व उप विजेता प्राथमिक विद्यालय हिनौता माफी रहे। प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में विजेता प्राथमिक विद्यालय कड़ेरी पुरवा व उपविजेता प्राथमिक विद्यालय हिनौता माफी रहे। साथ ही 400 मीटर की दौड़ में प्राथमिक विद्यालय नया छिवलहा के बबलू विजेता रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन: अंहकार मनुष्य का है सबसे बड़ा शत्रु- प्रपन्नाचार्य

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



कथा व्यास ने कहा कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नयागांव आचार्य मंदिर के भागवत रसिक आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महराज ने श्रीकृष्ण बाल लीला, गिरीराज पूजन कथा व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। इस दौरान जीवंत झांकियों के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो व जय कन्हैया लाल की के उदघोष से गूंज उठा।
जिला मुख्यालय के भैरों पागा रोड़ स्थित राजोत्सव परिसर में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के चैथे दिन बुधवार को कथा व्यास बद्री प्रपन्नाचार्य ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो अपनी इस संतान की मृत्यु का उसे भय सता रहा था। कंस के करागार में चंद्रवंश में देवकी के अष्टम गर्भ से श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। जन्म के समय आकाशवाणी हुई। आकाशवाणी के निर्देशानुसार वासुदेव श्रीकृष्ण भगवान को लेकर यमुना पार कर गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचे। सुबह होते ही कंस कारागार में बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर कंस दौड़कर देवकी के कोख से बच्चा को छीना और जमीन पर पटकना चाहा तभी आकाशवाणी हुई कि वध करने वाला गोकुल में पल रहा है। कथा व्यास ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रीकृष्ण ने पूतना राक्षसी, बकासुर वध कर मथुरा में गमन कर कंस के कारागार में बंद पिता वासुदेव तथा माता देवकी का उद्धार किया। बद्री प्रपन्नाचार्य महराज का भागवत कथा शाम तीन बजे से रात सात बजे तक राजोत्सव परिसर में विभिन्न लीलाओं का प्रवचन दे रहे हैं। महाराज के प्रवचन को सुनने के लिए दूर-दराज से आए श्रद्धालु भागवत कथा में शामिल हो रहे हैं। शनिवार को सात दिवसीय भागवत कथा का समापन एवं रविवार को हवन, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा।
इस मौके पर मुख्य यजमान राजेश अग्रवाल (राजू सर्राफ), अरुणा अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, बब्बू त्रिपाठी, महेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, दीपचंद जैन एवं शहर वासी उपस्थित रहे।

# योगी सरकार कर रही महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित

- आकांक्षा हाट 2024 का शुभारंभ करेंगे सीएम योगी
- महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में मुख्यमंत्री का प्रयास
- आकांक्षा हाट के आयोजन से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा
- जम्मू-कश्मीर के साथ सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा आकांक्षा हाट 2024

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 नवंबर 2024 को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले ÷आकांक्षा हाट 2024÷ का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों (सास्हा) को अपने उत्पादों और कौशलों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। आकांक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पत्नी संघ का एक विकासशील अंग है, जो राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। राज्य के सभी 75 जिलों में कार्यरत इस समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्व-रोजगार और स्व-सहायता समूहों को आर्थिक अवसर प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 के माध्यम से यह समिति महिलाओं को अपने उत्पादों, कौशल, और शिल्प को प्रदर्शित करने का अवसर देगी, जिससे वे अपने परिवार और समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकेंगी।

### आकांक्षा हाट 2024 के आयोजन से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

आकांक्षा हाट 2024 का आयोजन स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस आयोजन में हर जिले को एक समर्पित स्टॉल प्रदान किया जाएगा, जहां विभिन्न जिलों की महिला उद्यमी अपने क्षेत्रीय उत्पादों और शिल्प का प्रदर्शन करेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का यह प्रयास है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक से अधिक आर्थिक अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन सकें और समाज में अपनी एक मजबूत पहचान बना सकें।

### जम्मू-कश्मीर के साथ सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान

आकांक्षा हाट 2024 में ट्विन स्टेट इनिशिएटिव के तहत जम्मू और कश्मीर से महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को भी आमंत्रित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य दोनों राज्यों की महिला उद्यमियों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। इससे उत्तर प्रदेश की महिला उद्यमियों को न केवल नए कौशल और विचारों को सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को व्यापक स्तर पर विस्तार देने में भी सहायता मिलेगी।

# 30 नवंबर तक भरपूर चौड़ी होंगी संगम की ओर जाने वाली सड़कें

- हनुमान मंदिर से संगम तक जाने के लिए बन रही हैं इंटर लॉकिंग सड़कें
- पीडीए व छावनी परिषद के सहयोग से हो रहा है सड़कें का निर्माण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/प्रयागराज



विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। महाकुंभ के आयोजन को लेकर पूरे शहर में सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य जोरों पर हैं। ऐसे में महाकुंभ के केंद्रीय स्थल संगम की ओर जाने वाली सड़कों के चौंडीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी अंतिम चरण में है। इसको 30 नवंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि पीडीए और छावनी परिषद के सहयोग से शहर से संगम को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण कार्य 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के मुताबिक मेला क्षेत्र की सभी सड़कें पिछले कुंभ की तुलना में दोगुनी से ज्यादा संख्या में चौड़ी की जा रही हैं। महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन सीएम योगी की प्राथमिकता है। ऐसे में यूपी सरकार इसके आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रही है। महाकुंभ 2025 में लगभग 40 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान है, जो कि पिछले कुंभ मेले की तुलना में ढेड़ से दो गुना है। सड़कों का चौड़ीकरण भी उसी अनुपात में किया जा रहा है। महाकुंभ में प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं का मुख्य गंतव्य स्थल त्रिवेणी संगम है। त्रिवेणी संगम को शहर से जोड़ने वाली सभी सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि शहर से संगम जाने वाली त्रिवेणी रोड़, लाल सड़क, काली सड़क, नवल राय रोड़, किला घाट रोड़ व दारागंज रोड़ के चौड़ीकरण का कार्य 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। श्रद्धालुओं की संख्या के अनुमान के मुताबिक सभी सड़को की क्षमता को दोगुना किया जा रहा है। साथ ही सड़कों के दोनों ओर इंटरलॉकिंग फुटपाथ भी बनाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। प्रयागराज जंक्शन से संगम को जोड़ने वाली त्रिवेणी रोड़ और दारागंज की रिवर फ्रंट रोड का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र की सड़कें छावनी परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। इन सड़कों का निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य पीड़ीए व छावनी परिषद के सहयोग से हो रहा है। साथ ही किला घाट और हनुमान मंदिर के आगे संगम नोज तक जाने वाली इंटर लॉकिंग सड़कें भी दोगुनी चौड़ी की जा रही हैं। इनका निर्माण कार्य भी 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। सड़क के किनारे व मुख्य चौराहों पर होर्डिंग व साइन बोर्ड के जरिए श्रद्धालुओं को मेले के मुख्य दर्शनीय स्थलों के बारे में सभी जरूरी सूचनाएं दी जाएगी। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह सूचना व पूछताछ केंद्र भी बनाए जाएंगे।

# कासगंज हिंसा! तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में मारे गए चंदन गुप्ता के पिता ने लखनऊ में दिया धरना, बोले, अब तक नहीं मिला न्याय

- पिता ने घटना के बाद किए गए वादे न पूरे होने को लेकर जताई नाराजगी
- न्याय को लेकर जल्द सुनवाई किए जाने की मांग

जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय





**लखनऊ।** कासगंज में वर्ष 2018 में तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में मारे गए चंदन गुप्ता के पिता छः वर्षों से न्याय के लिए अबतक भटक रहे हैं। प्रदेश सरकार के जिम्मेदारों के तमाम दावों और आश्वासनों के बावजूद परिवार को अभी तक न्याय नहीं मिला है। बुधवार को न्याय की आस में चंदन गुप्ता के बुजुर्ग पिता विवेक गुप्ता ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना दिया। उन्होंने घटना के बाद किए गए वादे न पूरे होने को लेकर नाराजगी जताते हुए न्याय की मांग लेकर जल्द ही सुनवाई किए जाने की बात कही।

### चंदन चौक बनाने का वादा भी अधूरा!

लखनऊ पहुंचे चंदन गुप्ता के पिता विवेक गुप्ता ने कहा कि घटना के बाद वादा किया गया था कि जिले में चंदन गुप्ता के नाम पर चौक बनाया जाएगा साथ ही चंदन गुप्ता की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिमा तो स्थापित कर दी गई लेकिन उसका अनावरण नहीं हो सका। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा भी अधूरा रह गया। इसके अलावा परिवार की अन्य मांगों को भी नहीं पूरा किया गया। हालांकि, उन्होंने सरकार द्वारा सहयोग किए जाने की बात कही है। सवाल यह भी है कि यदि सरकार सहयोग कर रही है तो परिजनों की मांग पूरी क्यों नहीं हो सकी। फिलहाल, बुधवार को धरने की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने तत्काल प्रभाव से धरना खत्म करा दिया।

### मामले की हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई

बताते चलें कि कासगंज में हुई हिंसा के मामले में सबसे पहले कासगंज जिला न्यायालय में ट्रायल चला था। इसके बाद मामला लखनऊ के एनआईए कोर्ट में चला गया। यहां भी लंबी सुनवाई चली। इसके बाद विगत 25 अक्टूबर को मामले में फैसला आना था। इस बीच मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। अब हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही है। इसके पहले सुनवाई के लिए 21, 23, 24 की तिथियां निर्धारित की गई थी। हालांकि इन पर सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। वहीं, 25 अक्टूबर को एनआईए कोर्ट में इस मामले का फैसला भी नहीं हो सका। 5 नवंबर को सुनवाई के लिए तारीख दी गई थी लेकिन इसमें भी सुनवाई नहीं हो सकी।

# पर्यटन विभाग ने किया शिखर सम्मेलन में सहभागिता कर बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ एवं संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्ववाधान में आयोजित दो दिवसीय समिट में विभिन्न देशों के बौद्ध भिक्षुओं, धर्म गुरूओं तथा विद्धवानों ने भाग लिया। इस समिट का विषय एशिया को मजबूत करने में बुद्ध धम्म की भूमिका रखा गया था। इस समिट में उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने प्रदेश में स्थित बौद्ध स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए बौद्ध अनुयायियों को उत्तर प्रदेश आने का न्यौता दिया। मंगलवार से शुरू हुई समिट आज समाप्त होगी। पर्यटन विभाग का प्रयास था कि इस समिट में प्रतिभाग करने वाले देशों के प्रतिनिधि यहां से शान्ति का संदेश लेकर जायं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दो दिवसीय बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में स्थित होटल अशोका में हुआ था। प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा बौद्ध सर्किट के अन्तर्गत आने वाले बौद्ध स्थलों के बारे में अच्छी जानकारी दी। विदेशी प्रतिनिधियों ने सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना की। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रही है ताकि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अविस्मरणीय अनुभव लेकर लौटें। उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विभिन्न सर्किट का विकास किया जा रहा है। बौद्ध धर्म का मूल उत्तर प्रदेश में है। भगवान गौतमबुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु, कौशांबी, श्रावस्ती और संकिसा आदि पर देश-दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। भविष्य में यहां पर्यटकों की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि होगी। इसके साथ ही आकर्षक पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।पर्यटन मंत्री ने बताया कि कुशीनगर में टीएफसी, गेट कांप्लेक्स, अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसी तरह श्रावस्ती में बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं का सृजन किया जा रहा है।कौशांबी में बौद्ध थीम पार्क और गेट कांप्लेक्स निर्माण की तैयारी है। कपिलवस्तु स्थित बौद्ध विहारों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास और कपिलवस्तु का समेकित पर्यटन विकास किया जा रहा है। कपिलवस्तु में विपश्यना केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। सारनाथ, संकिसा और श्रावस्ती में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। कई और कार्य किए जा रहे हैं।



# यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए योगाचार्य पंडित नवीन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




लोकबंधु अस्पताल के नर्सिंग संवर्ग के स्टॉफ व पतंजलि योगपीठ जनपद लखनऊ के युवा प्रभारी योगाचार्य पं. नवीन को यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोकबंधु अस्पताल के निदेशक डॉ. सुरेश चंद्र कौशल व सी. एम. एस डॉ. राजीव दीक्षित ने बधाई दी। सीएमएस डा. दीक्षित ने नवीन के बारे में बताते हुए कहा कि योग गुरु नवीन नर्सिंग कार्य के साथ साथ चिकित्सालय में योग आचार्य के रूप में भी जाने जाते हैं। नर्सिंग कार्य के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आई हुई गर्भवती महिलाओं को गर्भ संस्कार योग कराया और सिखाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि गुणवत्ता कार्यों में विशेष रुचि रखने के कारण नवीन को इमरजेंसी विभाग में नर्सिंग ऑफिसर की ड्यूटी प्रदान की गई। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त करने के लिए योग गुरु पंडित नवीन की निदेशक सहित लोकबंधु चिकित्सालय प्रशासन और समस्त चिकित्सा अधिकारियों ने सराहना की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अवैध मदिरा निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु चल रही प्रवर्तन कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत कल देर रात्रि कई मदिरा की दुकानों एवं उनके आस-पास आबकारी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निर्धारित मूल्य पर मदिरा की बिक्री करने, ग्राहकों से उचित व्यवहार करने एवं दुकानों पर आवश्यक सूचनाएं लिखने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश दुकानदारों को दिये गये ।जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षक सेक्टर 11 राहुल कुमार सिंह द्वारा बिजनौर, नटकुर, गौरीगांव, ट्रांसपोर्ट नगर तथा लेबर चौराहा पर संचालित देशी, विदेशी व बीयर की दुकानों पर चेकिंग की गई। आबकारी निरीक्षक सेक्टर 2 ऋचा सिंह द्वारा निशातगंज तथा महानगर क्षेत्र और आबकारी निरीक्षक सेक्टर 10 अखिल गुप्ता द्वारा पारा एवं ठाकुरगंज की मदिरा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दुकानों पर अधिक दाम पर मदिरा नहीं बेची जा रही है, इसकी जानकारी के लिए गुप्त रूप से खरीदारी भी की गयी। शराब की दुकान के आस-पास अवैध रूप से मदिरापान न होने पाये इसके लिए दुकानदारों को सख्त निर्देश दिये गये। साथ ही पॉश मशीन से बिक्री करने और ग्राहको से उचित व्यवहार करने संबंधी अन्य निर्देश भी दुकानदारों को दिये गये। उन्होंने बताया कि आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5 की टीम द्वारा ग्वारी चौराहा गोमतीनगर में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त देर रात्रि तक रजनीश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक सेक्टर 03 लखनऊ द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर से गुजरने वाले ट्रकों, टैंकरों और अन्य भारी वाहनों एवं आसपास के ढाबों की सघन चेकिंग की गई।

### 394 विधानसभा क्षेत्रों में चल रहा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश में उप निर्वाचन होने के दृष्टिगत 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रदेश की 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।उन्होनें बताया कि निर्वाचक नामावलियों मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों,कार्मिक को पुनरीक्षण अवधि 29 अक्टूबर 2024 से 06 जनवरी 2025 तक जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों इत्यादि को भारत निर्वाचन आयोग की बिना अनुमति के स्थानान्तरित करने पर रोक लगी है ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों मे पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार मतदाताओं के दावे और अपत्तियां 28 नवम्बर तक लिया जायेगा। इस बीच 9, 10, 23 तथा 24 नवम्बर 2024 विशेष अभियान तिथियां में बीएलओ मतदान बूथ पर सभी आवश्यक फार्मों सहित उपस्थित रहकर नागरिकों की सहायता करेगें। उन्होनें बताया कि 28 नवम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक दावें और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 06 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन कराया जायेगा ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे पुनरीक्षण अवधि में मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच कर लें।

### जांच में खराब निकली स्मार्ट बिजली मीटर की गुणवत्ता

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश भर में लग रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता खराब है। इसमें लगे कई उपकरण मानक के अनुरूप नहीं है। यह खुलासा पावर कॉरपोरेशन की ओर से कराई गई उच्च स्तरीय जांच में हुआ है। कॉरपोरेशन निदेशक ने मीटर लगाने वाली तीनों कंपनियों को नोटिस जारी किया है। ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाने का मामला फिर फंसता नजर आ रहा है। वहीं, इन कंपनियों के उपकरणों की जांच कर उन्हें मंजूरी देने वाले अभियंताओं पर भी तलवार लटक रही है। प्रदेश में 3.45 करोड़ विद्युत उपभोक्ता है। अभी तक करीब 2.75 लाख मीटर लगाए जा चुके हैं।

# वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना दोबारा लागू

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल पर प्रदेश के वाहन स्वामियों को एक बार पुनः एकमुश्त शास्ति समाधान योजना का लाभ प्रदेश सरकार ने उपलब्ध कराया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकेटेश्वर लू ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से पूर्व तक रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर संदेय कर के विलम्ब संदाय हेतु शास्ति के संदाय से इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से तीन माह की अवधि के लिए छूट प्रदान की गई है।जारी अधिसूचना के तहत ऐसे वाहन स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस, जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित हों, जिनके कर,शास्ति के विरूद्ध अपील,पुनरीक्षण, उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अथवा उप परिवहन आयुक्त यात्रीकर के समक्ष लम्बित हों, पात्र होंगे। वाहन स्वामियों को वाद प्रत्याहृत करने के लिए, यथास्थिति सम्बन्धित न्यायालयों,उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र,उप परिवहन आयुक्त यात्रीकर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। परिवहन यानों के स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस, जिनके विरूद्ध इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि तक कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन पात्र होंगे। विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन कराधान अधिकारी को तिपहिया एवं हल्के मोटर यानों 7500 किग्रा सकल यान भार तक के मामले में आवेदन शुल्क के रूप में 200 रूपये की धनराशि एवं अवशेष यानों हेतु आवेदन शुल्क के रूप में 500 रूपये की धनराशि सहित आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# अग्नि आपदा प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम में राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा विभिन्न विकासपरक व अन्य शासकीय योजनाओं को मुकम्मल अन्जाम देने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर सतत् रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रभारी अपर निदेशक बी डी चौधरी ने बताया कि इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बीकेटी लखनऊ में आयोजित ÷अग्नि आपदा प्रबन्धन÷ राज्य स्तरीय 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्साधिकारी, तथा आपदा विशेषज्ञों सहित 55 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू, द्वारा महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये गये।उन्होंने प्रतिभागियों से अग्नि आपदा प्रबन्धन के महत्वपूर्ण गुर बताए।संस्थान के अपर निदेशक प्रभारी बीडी चौधरी, डॉ अदिति उमराव, परियोजना निदेशक ईऑ, राहत आयुक्त कार्यालय, डॉ एसके सिंह, सहायक निदेशक, संजय कुमार, सहायक निदेशक कुमार दीपक, सलाहकार आप्र की की गरिमामयी उपस्थिति रही। बीपी सिंह आईपीएस रिटायर्ड ने अग्नि आपदा के दौरान भीड़ प्रबंधन पर विशेष जानकारी प्रदान की। घनश्याम मिश्रा, सलाहकार, यूनीसेफ लखनऊ एवं डॉ मजहर रशीदी, मास्टर ट्रेनर, द्वारा विभिन्न प्रकार की अग्नि काण्ड दुर्घटना सम्बन्धित प्रबन्धन योजना एवं विद्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, कार्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, सार्वजनिक स्थल अग्नि प्रबन्धन योजना, गृह अग्नि प्रबन्धन योजना निर्माण सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं समूह चर्चा द्वारा विषय-वस्तु की जानकारी साझा की। अदिति उमराव, परियोजना निदेशक ईऑ, राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा राज्य आपदा मोचक निधि एव राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि, निर्माण, प्रक्रिया एवं व्यवहारिक ज्ञान पर चर्चा, अंकेक्षण हेतु निर्देश पर चर्चा की। डॉ एससी शर्मा, अधीक्षक सेनि पशुपालन निदेशालय ने अपनी वार्ता में अग्नि आपदा प्रबंधन में पशुपालन विभाग, पशु चिकित्सालय एवं चिकित्सकों के दायित्व, दावानल जंगल की आग खेत में लगी आग से निपटने से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। एसडीआरएफ टीम एवं अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि के विषय में विशेष जानकारी एवं हैण्डऑन ट्रेनिंग अभ्यास द्वारा प्रतिभागियों को अग्नि दुर्घटना बचाव सम्बन्धित तकनीक सिखायी। कुमार दीपक सलाहकार ने आपदा के प्रकार, उत्तर प्रदेश में विभिन्न प्रकार की आपदाओं की संवेदनशीलता के विषय में जानकारी दी।प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण उपरान्त 04 समूहों में विद्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, कार्यालय अग्नि प्रबन्धन योजना, सार्वजनिक स्थल अग्नि प्रबन्धन योजना, गृह अग्नि प्रबन्धन योजना का निर्माण किया गया।

# मनरेगा- मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले जरूरतमंद लोगों को लगातार काम देने का कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण को उनकी मांग के अनुरूप कार्य उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। अकुशल मजदूरों को उनके ही गांव में प्राथमिकता के साथ 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।मनरेगा योजना के अंतर्गत मानव दिवस सृजन के मामले में उत्तर प्रदेश लगातार अग्रणी राज्य की श्रेणी में है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 20 करोड़ ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं। वहीं अगर बीते 3 वर्षों की बात करें तो वर्ष 2021-22 की तो जहां 2021-22 में 32.56 करोड़ मानव दिवस सृजित किये गये थे, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31.15 करोड़ मानव दिवस सृजित किये गये और वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना के इतिहास में यह दूसरा मौका है जब एक ही वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को 3 बार रिवाईज किया गया। इससे पहले वर्ष 2020-21 में 3 बार लक्ष्य बढ़ा था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पहले 21 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे 3 बार बढ़ाकर पहले 25 करोड़ फिर 30 करोड़ उसके पश्चात 34.50 करोड़ किया गया। जिस लक्ष्य को भी पार करते हुये उत्तर प्रदेश में 34.54 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित किये गये । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा मनरेगा के तहत अधिक से अधिक काम देने के निर्देश से यह संभव हो सका है। मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य है।गांवों में गरीबों के लिए मनरेगा वरदान साबित हो रही है। प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 60.17 लाख मांग के सापेक्ष 100 प्रतिशत 60.17 लाख परिवारों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है।प्रदेश में बस्ती जनपद द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1,95,717 मांग के सापेक्ष 100 प्रतिशत 1,95,714 श्रमिक परिवारों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। जबकि, 79,40,929 मानव दिवस का सृजन किया जा चुके है। बस्ती जनपद मानव दिवस सृजन में प्रदेश में नंबर वन है। आजमगढ़ द्वितीय जौनपुर तीसरे स्थान पर है।आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजित करने पर ज्यादा फोकस हो, ताकि ग्रामीण इलाके में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके। मनरेगा से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर और योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए।मनरेगा के अंतर्गत रोजगार, आवास, सिंचाई, सड़क, पौधरोपण इत्यादि से संबंधित कई योजनाओं का संचालन हो रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक एक लाख से ज्यादा परिवारों को मनरेगा योजनांतर्गत कार्य उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका को आसान बनाया जा रहा है।

### राम मंदिर में लगने वाले दरवाजों की पैमाइश शुरू

# फर्स्ट फ्लोर में लगेंगे दरवाजे, तमिलनाडु और कन्याकुमारी के कारीगर बनाएंगे

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर के प्रथम तल का निर्माण पूरा हो चूका है। अब इसमें दरवाजे लगेंगे। गर्भगृह समेत अलग-अलग दरवाजों की पैमाइश का काम शुरू हो गया है। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से आये कारीगर इसका निर्माण कर रहे है। ये सभी कारीगर मेसर्स अनुराधा टिम्बर हैदराबाद तेलंगाना से अनुबंधित हैं। इन्हीं कारीगरों ने ही सागौन की लकड़ियों के दरवाजे बनाए हैं।अब इन दरवाजों को गोल्ड प्लेटेड किया जाना है। इसके लिए अंतिम रूप से पैमाइश की जा रही है, जिससे कि गोल्ड प्लेट चढ़ाने के बाद नाप-जोख में कोई अंतर न आए। इसके पहले भूतल के दरवाजों का भी निर्माण करने के बाद इन कारीगरों ने ही नाप-जोख की थी।राममंदिर में लगेंगे 46 दरवाजे राम मंदिर के तीनों तलों को मिलाकर कुल 42 दरवाजे प्रस्तावित है, जिनमें तीनों तलों में 14-14 दरवाजों को लगना था। लेकिन भूतल के निर्माण के उपरांत दरवाजों की संख्या 14 से



बढ़कर 18 हो गई, जिससे कुल संख्या 46 हो गयी। फिलहाल प्रथम व द्वितीय तल में 14-14 दरवाजे ही लगाए जाने हैं।राम मंदिर की निर्माण एजेंसी एल एण्डटी के परियोजना निदेशक वीके मेहता ने बताया ÷अभी प्रथम तल में दरवाजे लगेंगे लेकिन गर्भगृह के अतिरिक्त कितने अन्य दरवाजों पर गोल्ड प्लेट चढ़ाई जाएगी, इस बारे में अभी स्पष्ट रूप से कुछ कहना जल्दबाजी होगी। दरवाजों स्वर्ण जड़ित करने का काम पिछली बार सूरत गुजरात के किसी श्रद्धालु की ओर से हुआ था।बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक 25 को प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर होगा फैसला श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आमंत्रित सदस्य गोपाल राव ने बताया कि बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक 25 नवंबर को प्रस्तावित है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर किस तरह का आयोजन किया जाएगा, इस विषय पर मंथन होगा। बोर्ड के फैसले के मुताबिक आगे की योजना पर काम शुरू होगा।तीर्थ क्षेत्र ने निर्णय लिया है कि देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले संगीतज्ञों व शास्त्रत्ीय संगीत के कार्यक्रम नियमित रूप से नृत्य मंडप में ही किए जाएं। इसकी शुरुआत आठ नवम्बर को गीत रामायण के पाठ से होंगी।


## गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं राजरानी कान्वेंट स्कूल के बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 06.11.2024 को यातायात माह के पंचम दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर रायबरेली एवं राजरानी कान्वेंट स्कूल झकरासी रायबरेली में यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई, उनको पम्पलेट व हैंडबिल वितरित किए गए साथ ही जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए।

## पूर्व सैनिक देवी सहाय मिश्र का निधन सेवा के दौरान मिले थे क़ई मेडल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

सेवानिवृत्त थल सेना के जवान देवी सहाय मिश्र का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट महेश मिश्र ने बताया कि देवी सहाय मिश्र कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज रायबरेली स्थित एम्स अस्पताल में चल रहा था। डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। इसके बाद उन्हें मुंशीगंज लाया गया। लेकिन यहां अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। पूर्व सैनिक मिश्र का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। आगे क्रिया अंतू के समीप उनके पैतृक गांव बभनी में होगी। पूर्व सैनिक मिश्र 1962, 1965 और 1971 के



युद्ध में शामिल होकर अदम्य साहस का परिचय दिया था। उनकी वीरता को देखते हुए सेना अधिकारियों ने क़ई मेडल दिए थे। रिटायर्ड होने के बाद वे सामाजिक गति विधियों में शामिल होकर जन सेवा को अपना कर्म बनाया। जनहित कार्यों ने इन्हें लोकप्रिय बना दिया।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

यातायात जागरूकता माह के छठवें दिन बुधवार को जनपद की यातायात पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र गौरीगंज के एमजेएस इंटर कॉलेज गौरीगंज में यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।और पंपलेट आदि वितरण कर सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए यातायात नियमों की जानकारी दी गई।एवं नियमों का पालन करने हेतु अपील की गई।तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर जैसे यातायात नियमों का उल्लंघन,गलत दिशा में वाहन चलाना,सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जागरूकता




अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से संबंधित जानकारियां छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों को दी गई।

एमजेएस मेमोरियल ग्रीन वैली इंटर कॉलेज गौरीगंज में यातायात जागरूकता अभियान के तहत जलि के यातायात प्रभारी शोभनाथ दीवान सुरेश वर्मा ने कॉलेज के छात्रों एवं अध्यापकों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।और नियमों का पालन करने को प्रेरित किया गया।इस दौरान स्कूल के प्रबंधक एम आर मौर्य,प्रिंसिपल संतोष तिवारी,शिक्षक पवन मौर्य, दिव्यांशी,याशमीन,पुनीता,श्वेता, आयुषी,वंदना शुक्ला,अवधराज, कॉलेज के छात्र,छात्राएँ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पुरुष बैरक व महिला बैरक, पाकशाला व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो सचिव द्वारा बदलते मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बन्दियों की अधिक देखभाल किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया निरीक्षण के पश्चात महिला बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिला बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है दौरान निरीक्षण जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी जेलर सुमैया परवीन, डिप्टी जेलर धर्मपाल सिंह, अंकित गौतम, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

## निस्वार्थ भावना से लोगों की सेवा करने की प्रेरणा हनुमान जी से मिली: डॉ. इंद्रभान विश्वकर्मा

- गंभीर बीमारियों के प्रकोप से जूझ रही जनता के लिए संजीवनी बने डॉक्टर इंद्रभान विश्वकर्मा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

भगवान राम की नगरी अयोध्या में इस समय डेंगू, मलेरिया, और टाइफाइड जैसी बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, और पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी दबाव है। इस कठिन परिस्थिति में, जिला श्रीराम अस्पताल के डॉक्टर इंद्रभान विश्वकर्मा ने अपनी समर्पित सेवा और निरंतर प्रयासों से स्थानीय जनता के लिए एक नई उम्मीद का संचार किया है। डॉक्टर इंद्रभान विश्वकर्मा जिस प्रकार से अपनी सेवा में जुटे हुए हैं, उससे अयोध्या की जनता उन्हें आधुनिक समय के %संजीवनी प्रदानकर्ता% के रूप में मानने लगी है। हनुमान जी ने जिस प्रकार लक्ष्मण जी के जीवन को संजीवनी बूटी से पुनर्जीवित किया था, ठीक उसी भावना के साथ डॉक्टर इंद्रभान भी बीमार लोगों की जान



बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनके निःस्वार्थ समर्पण और कठिन परिश्रम ने अयोध्या की जनता को राहत का अनुभव कराया है।डॉक्टर इंद्रभान न केवल मरीजों का उपचार कर रहे हैं, बल्कि बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने, उचित देखभाल के उपायों को साझा करने, और मरीजों को मानसिक रूप से प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी यह सेवा भावना और समर्पण अयोध्या के लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गई है जनता की ओर से यह अपील भी की जा रही है कि जिला प्रशासन इस संकट से निपटने के लिए और ठोस कदम उठाए। डॉक्टर इंद्रभान जैसे चिकित्सकों का साथ देते हुए प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाए और बीमारियों के रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।इस कठिन समय में, डॉक्टर इंद्रभान विश्वकर्मा ने यह साबित कर दिया है कि समाज की सेवा में समर्पित एक चिकित्सक ही असली नायक होता है। उनकी यह सेवा भावना पूरे शहर के लिए एक प्रेरणा है, और उनके प्रयासों से अयोध्या की जनता को संजीवनी जैसी राहत मिल रही है।अयोध्या के लोग डॉक्टर इंद्रभान विश्वकर्मा के इस योगदान की सराहना करते हैं और जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि इस महामारी को नियंत्रित करने के लिए और प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि अयोध्या एक बार फिर स्वस्थ और सुरक्षित बन सके।

## वेदों का सार युगों युगों से मानव जाति के कल्याण के लिए: पंडित शिव नारायण

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

तहसील तिलोई क्षेत्र अंतर्गत गांव तिवारीपुर बड़ा सेमरौता में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को राजा परीक्षित जन्म की कथा भक्त जनों को भाव विभोर कर दिया।कथावाचक पंडित शिव नारायण पाण्डेय ने कहा कि जन्म-जन्मांतर और युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है,तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं।वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति के कल्याण के लिए है।भागवत पुराण उसी सनातन ज्ञान प्रवाह है,जो वेदों से प्रवाहित होती चली आई है।इसलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है।उन्होंने कहा कि युद्ध में गुरु द्रोण के मारे जाने पर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया। वहीं दूसरी ओर अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ।आयोजन समिति के अध्यक्ष विनायक दत्त त्रिपाठी ने बताया कि सात दिनों से भागवत कथा के बाद हवन यज्ञ किया जाएगा। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, शिवनाथ तिवारी,विजय तिवारी, सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

### सम्मन वास्ते करारवाद अमूर तनकी तलवी
**आर्डर 5 कायदा 1 व 5**

**न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एटा**

**एम एस सी नंबर: 129 सन् 2018**
**तारीख पेशी: 19/11/2024**

श्री राधारमन आयु 55 वर्ष पुत्र श्री राम भरोसे लाल मूल निवासी ग्राम नंदोलिया थाना बेवर तहसील भोगांव जिला मैनपुरी हाल पता 43वीं वाहिनी पी0ए0सी0 कासगंज रोड तहसील व जिला एटा।

**बनाम**

1- श्री सुरेश कुमार पाण्डेय पुत्र उद्भव प्रसाद पाण्डेय निवासी लवकुश नगर डाकखाना अयोध्या, जिला फैजाबाद।

2- विश्वनाथ पुत्र गंगाराम यादव निवासी चांदपुर, हरिवंशपुर डाकखाना दभा तेमर, थाना पूरा कलंदर जिला फैजाबाद।

हरगाह राधारमन ने आपके नाम एक एम.ए.सी. पिटीशन की बाबत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 19-11-2024 वक्त दस बजे असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई वाकिफ किया गया हो जो ऐसे सवालों का जवाव दे सके कुल मुकदमा का जवाब दे सके या उसके साथ कोई शख्श हो जो ऐसे सवालों का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप उसी रोज पेश करें जिन पर कि जवाबदेही के दस्तावेज पेश करना चाहते हों, आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मशकुर न हों तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसला होगा।

व शख्श मेरे और मुहर अदालत से आज बतारीख 08 माह अक्टूबर सन् 2024 ई0 को जारी किया गया।

**न्यायालय की आज्ञा से**
**(मुकेश चन्द्र वर्मा)**
**मुन्सरिम, रीडर**
**न्यायालय मोटर दावा अधिकरण, एटा**

### प्रदेश के 16 मंडल के खिलाड़ी प्रतियोगिता में कर रहे हैं प्रतिभाग

## सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।डीएम व एसपी पुलिस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।और आए हुए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।डीएम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना से खेले,पूरी मेहनत और लगन के साथ हैंडबॉल प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करें।उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी



जरूरी है।आप लोग पढ़ाई पर भी ध्यान दें।उसमें भी कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। बताते चलें कि डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में यह प्रतियोगिता नौ नवंबर तक चलेगी।इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सोलह मंडल के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।प्रतियोगिता का समापन नौ नवम्बर को किया जाएगा।जिसमें विजेता टीम को पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन डॉ अब्दुल हमीद ने किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या मंडल अयोध्या चंचल मिश्रा,मंडल सचिव हैंडबॉल संघ प्रमेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## समर्पण चैरिटेबल ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैंप का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

टीवी 27 न्यूज के 2 साल पूरा होने पर रायबरेली के जिला संवाददाता सेराज अहमद और ब्लड डोनर एसोसिएशन राय बरेली के नेतृत्व में एवं टीवी 27 न्यूज की पहल पर आज समर्पण चैरिटेबल ब्लड बैंक मैं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन समाज सेवी अमिताभ पांडे÷रिंकू भैय्या÷ ने फीता काटकर किया अमिताभ पाण्डेय ने कहा कि भारत में लगभग 12,000 लोग रक्त की अनुपलब्धता के कारण मर जाते हैं! ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है। मरीज़ अक्सर इसलिए पीड़ित होते हैं क्योंकि उन्हें सुरक्षित रक्त आधान नहीं मिल पाता।इस प्रकार, रक्तदान सबसे बड़ा उपहार है जो आप किसी ज़रूरतमंद को दे सकते हैं। यह नेक काम कई ज़रूरतमंद लोगों की जान बचाने में




मदद कर सकता है। फिर भी, सुरक्षित रक्तदान में योगदान देने वाली चीज़ों की सूची जानना ज़रूरी है अब्दुल मुस्तकीम( अध्यक्ष- ब्लड डोनर एसोसिएशन निफा÷हद्भस्नस्न÷राय बरेली) ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त या उसके घटकों को चढ़ाना या दान करना मानवता का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि रक्तदाता कौन है या रक्त प्राप्तकर्ता कौन है, एक दाता भविष्य में प्राप्तकर्ता हो सकता है और साथ ही एक प्राप्तकर्ता निकट भविष्य में एक स्वस्थ दाता भी हो सकता है गुलाम अहमद सिद्दीकीने बताया कि मौका दीजिए अपने खून को किसी की रगों में बहने का ये लाजवाब तरीका है कई जिस्मों में जिंदा रहने का रक्तदान शिविर में अरशद रईस, सलमान,रेहान ,अरविंद अग्निहोत्री,मोहम्मद ताल्हा,अली हसन घोसी,जैद खान,सैफी असगर, आदि दर्जनों लोगों ने रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया।

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करना सपा का लक्ष्य: नीलेश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सदर विधान सभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन राही ब्लाक स्थित कलसहा गांव के मंगलम गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता योगेश्वर पटेल एवं संचालन जिला महामंत्री अरशद खान ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए सदर विधान सभा क्षेत्र प्रभारी एवं सपा के जिला उपाध्यक्ष नीलेश यादव ने कहा कि सपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का लक्ष्य हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर पूरा करना है, जिन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में छूट गया है, उन्हें जोड़ने का काम दिसम्बर तक पूरा करना है। इस समय किसानों की रबी की बुवाई का समय है, डी.ए.पी. खाद सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिससे किसान परेशान है। पूर्व जिलाध्यक्ष आरपी यादव ने कहा कि पिछले चुनाव में जो खामियाँ रह गयी हैं, उनसे सबक लेने की आवश्यकता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव ने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए अभी से तैयारी करने की आवश्यकता है। सपा के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने कहा कि जिले की कानूनी व्यवस्था बद् से बद्तर हो गयी है, अपराधों पर पुलिस अंकुश नहीं लगा पा रही है। सपा के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी हसीन अहमद ने कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैला रही है हमें इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है कार्यकर्ता सम्मेलन को अरविन्द यादव, भारत लाल, अजय यादव ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य देशराज यादव, आलोक यादव, सुरेश यादव, चेतन यादव, अनुज यादव आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## अवैध वसूली व अपमान जनक व्यवहार के विरुद्ध समूह सखियों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राष्ट्रीय जीविका मिशन कार्यालय के सामने बैंक सखियों ने धरना देकर अवैध वसूली, दुर्वव्यहार सहित अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रतिवाद प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारी बैंक सखियों ने जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला, और वहीं एक सभा की। जिसे संबोधित करते हुए उत्तर बैंक सखी एसोसियेशन की जिला अध्यक्ष बंदना ने कहा कि मशीन का बैंक द्वारा हमे ऋण देकर 31190 मूल्य लिया गया । जिसकी वारंटी है, किंतु उसकी रिपेयरिंग का 4000 रु वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 6 माह तक 4000 रु मासिक प्रोत्साहन राशि अनुमन्य की गई थी, जिसका आज तक भुगतान नहीं हुआ है। बैंक और प्रबंधन मिलकर हमारे काम का इंसेंटिव और अर्जित धन



का बंदर बांट कर रहे हैं यही नहीं समूह की सखियों को बक्रांगी लिमि. के जिला प्रमुख अजीत मशीन ठीक करने के बहाने एम्स के गेट के सामने एक रेस्टोरेंट में बुलाते हैं, और वहां न जाने पर अभद्रता और अन्य तरीके से उत्पीड़न करते हैं।बैंक सखी प्रियंका सिंह ने कहा कि काम का लक्ष्य दिया जाता है, जिसका रात दिन काम जरूर पूरा करने पर कोई इंसेंटिव नहीं मिलता , और न कर पाने पर आर्थिक रूप दंडित करने के लिए अवैधानिक तरीके से पैसे काट लिए जाते हैं उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए 6 माह की 24000 रु प्रोत्साहन राशि का बन्दर बांट कर लिया गया। और हर माह अर्जित धन का भी हेर फेर कर लिया जाता है। काम में आर्थिक नुकसान के साथ बहुत अपमान जनक व्यवहार किया जाता हैऐक्टू नेता विजय विद्रोही ने कहा कि अवैध वसूली तथा दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला सखियों को रेस्टोरेंट जैसे निजी प्रतिष्ठान में बुलाने की बात बहुत गम्भीर है, इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ऐसे बैंक के एजेंट को तत्काल सेवा से पृथक कर किसी महिला को इस पद पर संस्थित किया जाना चाहिए। विजय विद्रोही ने आगे कहा कि कमीशन मशीन के ऋण के ब्याज के बराबर है, बैंक, सेवा प्रदाता कंपनी, एजेंट सब मिलकर श्रम की लूट कर रहे हैं, उन्होंने इस पर रोक लगाते हुए 10000 रु मासिक मानदेय दिए जाने की सरकार से मांग कीबाद में जिलाधिकारी को संबोधित मसीन की रिपेयरिंग के लिए अवैध वसूली रोके जाने, डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर द्वारा कार्यालय के बजाय रेस्टोरेंट में बुलाए जाने के विरुद्ध कार्यवाही करने, 6 माह की बकाया प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराए जाने की मांग का ज्ञापन दिया गया कार्यक्रम में पूनमनिशा देवी नेहा, पूजा साहू सहित दर्जनों समूह सखियों ने हिस्सा लिया।

▸ शेष पेज 07 पर...


# दोस्त के घर रूका, रात में की दंपती और बेटे की हत्या



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में फजलगंज थाने से चंद कदम की दूरी पर तीन साल पहले हुए परचून दुकानदार, उसकी पत्नी व बेटे के तिहरे हत्याकांड में इटावा निवासी दो बदमाशों को दोषी करार दिया गया है। अपर जिला जज 14 की अदालत में सात नवंबर को सजा सुनाई जाएगी। मूलरूप से उन्नाव के बीघापुर निवासी 45 वर्षीय प्रेमकिशोर अपनी 40 वर्षीय पत्नी ललिता व 12 वर्षीय पुत्र नैतिक के साथ फजलगंज स्थित उचवां बस्ती में रहते थे। घर के बाहर ही जनरल स्टोर चलाते थे। तीन अक्तूबर 2021 की सुबह जब प्रेम की दुकान पर सेल्समैन दूध देने पहुंचा तो ताला लगा था। दुकान न खुलने पर मोहल्ले के लोडर चालक राजेश सोनी ने प्रेम किशोर के दूसरे भाई प्रेम कुमार और प्रेम ने तीसरे भाई राजकिशोर को फोन पर सूचना दी। प्रेम और राजकिशोर के पहुंचने पर ताला तोड़ा गया, तो घर के अंदर प्रेम किशोर, उसकी पत्नी व बेटे के रक्तरंजित शव पड़े थे।

## प्रेम किशोर ने की थी दूसरी शादी

सजा पर फैसला सुनने कोर्ट पहुंचे मृतक के भाई और वादी मुकदमा दर्शनपुरवा निवासी होमगार्ड राजकिशोर ने बताया कि वह लोग चार भाई थे। बड़े भाई राजकुमार उन्नाव में खेती करते थे और छोटा भाई प्रेम कुमार बीमा अस्पताल में कर्मचारी है और बर्रा में रहता है। प्रेमकिशोर ने ललिता से दूसरी शादी की थी।

## ममेरी बहन से कर ली थी शादी

इसके पहले उसकी शादी एक प्राइवेट डॉक्टर की बेटी गीता देवी से हुई थी, जिससे दो बच्चे भी थे। गीता की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर प्रेमकिशोर ने उसकी ममेरी बहन से दूसरी शादी कर ली थी, जिससे उसे एक बेटा नैतिक हुआ। प्रेमकिशोर पत्नी ललिता व बेटे नैतिक के साथ उचवां बस्ती में रहकर जनरल स्टोर चलाते थे।

## खाना खाया और रात में कर दी तीन हत्याएं

मृतक के भाई राजकुमार व राजकिशोर ने बताया कि कई साल पहले प्रेमकिशोर और गौरव गुरुग्राम की एक फैक्ट्री में साथ काम करते थे। तभी से गौरव का घर आना जाना हो गया। घटना की रात गौरव ने प्रेमकिशोर के घर आकर बताया था कि उन्हें दिल्ली जाना था, ट्रेन छूट चुकी थी और फजलगंज से स्टेशन पास पड़ता है, इसलिए दोनों रात में वहीं रुक गए।

## 14 गवाह कोर्ट में पेश किए गए

तब राजकिशोर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इटावा के बकेवर निवासी गौरव शुक्ला व महेवा निवासी हिमांशु सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उनके पास से लूटी गई मोटरसाइकिल व लूट की रकम 11500 रुपये भी बरामद हुए थे। एडीजीसी शिवभगवान गोस्वामी ने बताया कि अभियोजन की ओर से 14 गवाह कोर्ट में पेश किए गए।

## घर में बड़ी रकम होने की थी आशंका

दोनों ने घर पर ही खाना भी खाया और फिर साथ में सोने का नाटक किया। रात में प्रेमकिशोर के पैर बांधकर सिर पर लोहे की राड से हमला किया। नैतिक और ललिता के आ जाने पर उनकी भी हत्या कर दी। पुलिस का कहना था कि प्रेमकिशोर बिधनू में एक नया मकान बनवा रहा था, इसलिए गौरव को आशंका थी कि उसके घर पर बड़ी रकम होगी।

## न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा

गवाहों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने गौरव और उसके दोस्त हिमांशु को दोषी करार दिया। गौरव जेल में ही बंद है, जबकि हिमांशु की जमानत हो गई थी। दोषी करार दिए जाने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

## आपसी सहमति से हो गया था संपत्ति का बंटवारा

वहीं, जबकि उनकी पहली पत्नी के दोनों बच्चे राजकिशोर के साथ ही रहते हैं। वर्तमान में बेटे की उम्र 20 वर्ष और बेटी की 18 वर्ष है। राजकिशोर ने बताया कि वर्ष 2012 में पिता और 2014 में माता की मौत के बाद वर्ष 2018 में चारों भाइयों में आपसी सहमति से संपत्ति का बंटवारा हो गया था। सभी अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते थे।

## लोहे की रॉड, बिजली का तार आदि हुआ था बरामद

इसीलिए उसने दोस्त के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। राजकिशोर ने बताया कि ललिता के शरीर पर कोई जेवर नहीं मिले थे। हत्या में इस्तेमाल हुई लोहे की रॉड, गला कसने के लिए इस्तेमाल किया गया बिजली का तार और मुंह ढकने के लिए इस्तेमाल किया गया पॉलिथीन घटनास्थल से बरामद हुआ था।

# यूपी उप चुनाव की 9 सीटों को निषाद पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एनडीए को जीत दिलाएगा- कैबिनेट मंत्री

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




भाजपा सीसामऊ विधानसभा के मीडिया सेंटर रॉयल पैराडाइज जी टी रोड में पत्रकार साथियों को संबोधित करते हुए निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में त्योहार तलवार से नहीं व्यवहार से मनाय जाते हैं जनता को समझना चाहिए कि उन्हें तलवार चाहिए या व्यवहार पहले के समय तलवार से त्योहार बनाए जाते थे लेकिन जनता ने जब से समझदारी दिखाते हुए भाजपा को सत्ता में लाई है तब से व्यवहार से त्यौहार मनाया जा रहे हैं और यही रामराज्य।

उत्तर प्रदेश में पीडीए एनडीए के साथ है विपक्ष का पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है भाई भतीजाबाद परिवारवाद विपक्ष का आभूषण बन गया है जब से पिछडे समाज के लोगों ने पंजा हाथी साइकिल का बटन दबाना बंद किया है उनको अपने संवैधानिक अधिकार प्राप्त होने लगे हैं कमल का बटन दबते ही और एनडीए मजबूत होते ही मछुआरा समाज के लोगों को संवैधानिक प्रक्रियाओं का लाभ मिल रहा। सरकार बिना भेदभाव के आम जन को जन कल्याणकारी योजनाएं प्राप्त हो रही है मकान मिल रहा है राशन मिल रहा है इलाज मिल रहा है इज्जत घर मिल रहा है माता बहनों को उज्जवला गैस मिल रही है एनडीए की सरकार महिलाओं को मान सम्मान स्वाभिमान के साथ सुरक्षा प्रदान कर रही है माताएं बहने उत्तर प्रदेश में देर रात भी बाजारों में बेफिक्र होकर घूम रही है योगी जी के नेतृत्व में चल रही सरकार अपराधियों पर नकेल कस रही है समाज भय मुक्त हो रहा है भाई भतीजा बाद मुक्त हो रहा है माफिया मुक्त हो रहा है गुंडा मुक्त हो रहा है इसलिए आप लोगों को जरूरत है की आप भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सीसामऊ विधानसभा में मतदान करें। एक सवाल के जवाब में संजय निषाद ने कहा कि सभी धर्म का हम सम्मान करते हैं और इस बात को विपक्ष के प्रत्याशी को भी समझना चाहिए हिंदू धर्म की आस्था के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जा सकती। इस देश में मछुवारा समाज 70 वर्षों से पंजा हाथी साइकिल ने को मझधार में फंसाए रखा था जो राम के खेवनहार है उनको कमल का बटन दबाते ही भारतीय जनता पार्टी ने मझधार से निकाल कर उनका हक दिलाया है। आपको एक भी सीट नहीं मिली इसके जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए के विश्वसनीय सहयोगी निषाद पार्टी के मुखिया व प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने कहा है कि उन्हें एनडीए की जीत चाहिए, सीट नहीं। कुंभ में मुसलमान के दुकान न लगाने संबंधी बयानों को लेकर कहा की आस्था के केंद्रों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए सरकार के तौर पर और सभी के साथ हैं लेकिन जिस तरह से पिछले दिनों खाने में थूकने आदि के मामले सामने आए हैं इससे सवाल खड़े हो रहे हैं। पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी उत्तर जिला के अध्यक्ष दीपू पांडे क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा जी मौजूद रहे।

# मदरसों के हक में और बुलडोजर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



समाजिक संस्था एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मदरसा एक्ट को सही ठहराते हुए उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर इंसाफ वाला फ़ैसला सुनाया जिससे अल्पसंख्यकों मुसलमानों का विश्वास न्यायपालिका पर और भी मज़बूत हुआ है।

हयात ज़फ़र हाशमी ने कहा मदरसों से डिग्रियां लेकर भविष्य को संवारने की आस लगाएं 17 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाशमी ने मदरसा एक्ट को संवैधानिक क़रार देने वाले वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए चीफ जस्टिस सहित पीठ का आभार प्रकट किया। वहीं मदरसा एसोसिएशन के जिम्मेदारों को मुबारकबाद दी उनकी कोशिश रंग लाई। हाशमी ने कहा कि साथ ही यूपी सरकार द्वारा बुलडोजर कार्यवाही किये जाने पर 25 लाख का मुआवजा दिये जाने का आदेश देकर पीड़ितों को राहत देने का काम किया है।

# महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** महर्षि वाल्मिकी जन्मोत्सव पर केंद्रीय मेला कमेटी द्वारा एस, सी, एस, टी, आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत का वाल्मिकी उपवन मोती झील में स्वागत किया गया। इस मौके पर बैजनाथ रावत ने सबसे पहले महर्षि वाल्मिकी जी की आदम कृत प्रतिमा पर माला पहना कर कार्यक्रम का शुभाराम किया। तत्पश्चात मेला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालक प्रकाश हजारिया, अध्यक्षता राम गोपाल समुद्र सरपंच,द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राम संजीवन सागर, मुन्ना हजारिया, मुन्ना पहलवान, विनोद कुमार एडवोकेट, रामलखन रावत, श्री कांत, रामस्वरूप, बृजेंद्र मकोरिया, घनश्याम रवि शंकर हवेलकर, आदि मौजूद रहे।

# महंगाई बेरोजगारी बढ़ाते हाउस टैक्स पर जनता जवाब देगी- हाजी फजल महमूद

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर 213 सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव को लेकर पीड़ीए मिशन की युवा टीम आदर्श चुनाव आचार संहिता के तहत बूथों की ओर दिन में 1ः00 बजे सपा के झंडे के साथ रवाना कर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि जुड़ेंगे और जीतेंगे क्योंकि महंगाई बेरोजगारी तथा बढ़ते हुए हाउस टैक्स से जनता परेशान है उसका जवाब 20 नवंबर को सीसामऊ विधानसभा की जनता देगी। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि इंडिया गठबंधन के कांग्रेस सहित सभी शामिल दलों ने भी गहन संपर्क अभियान चला दिया है जिसको बीजेपी सरकारी तंत्र के द्वारा दबाना चाहती है लेकिन गठबंधन के प्रत्याशी की जीत पक्की है। अध्यक्ष ने आगे कहा कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि रहा नहीं वह वक्त पुराना पीडीए ने मिलकर ठाना अब तक औरों की बनवाई अब अपनी सरकार बनाएंगे अब हम परिवर्तन लाएंगे उक्त नारों के साथ सपा के फ्रंटल टीमों ने जनसंपर्क टीम पीड़ीए मिशन को लेकर 275 बूथों पर पहुंच रही है जहां जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है। सपा महानगर के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह साजन ने छठ पूजा पर बधाई देते हुए पीडीए टीम से कहा की पूजा स्थल पर पहुंच कर सबका सहयोग करें और 9 नवंबर से मिशन में जुटें। सपा महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने अपने संबोधन में कहा कि पीड़ीए मिशन बी एल ए पर्ची लेकर जाएंगे अपनी पर्ची सुरक्षित रखकर आधार कार्ड के साथ मतदान स्थल पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करें।। कौशल पुरी वार्ड 91 मे इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्रीमती नसीम सोलंकी का जनसम्पर्क क्षेत्रीय जनता के सहयोग व समर्थन से सम्पन्न हुआ। प्रमुख रूप से हाजी फजल महमूद, नौशाद आलम मंसूरी, सुनील सिंह साजन, आलोक मिश्रा, विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व विधायक सजीव दरियाबादी, प्रदेश सचिव के के शुक्ल, संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, अमरीष सिंह गौर, विकास अवस्थी, नीरज त्रिपाठी, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, रजत मिश्रा, सुलेखा यादव, दीपा, पूजा, राकेश साहू आदि लोग मौजूद रहे।



# ऑटो पार्ट्स व्यापारी के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सीसामऊ गांधीनगर के छीर सागर वाली गली में रहने वाले ऑटो पार्ट्स व्यापारी के घर में बुधवार की सुबह अचानक शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां पहुंच गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहले तो आग में फंसे व्यापारी के पूरे परिवार को बाहर निकाला। व्यापारी के परिवार को बाहर निकालने के बाद 2 घंटे की कड़ी में मशक्कत से आग पर काबू पा लिया गया। भीषण आग में लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि सीसा मऊ गांधीनगर क्षीर सागर वाली गली में ऑटो पार्ट्स व्यापारी प्रदीप जायसवाल का घर है। तीन मंजिल के मकान में बेसमेंट भी बना हुआ है। बेसमेंट में कबाड़ समेत अन्य सामान रखा हुआ है। बुधवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से बेसमेंट में आग लग गई। आग का धुआं पूरे घर में भर गया। आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग में फंसे पूरे परिवार को फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ऑक्सीजन मास्क लगाकर बाहर निकाल। वही व्यापारी प्रदीप जायसवाल के मुताबिक आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है।

# कोचिंग से घर लौट रही छात्रा के साथ रेप की कोशिश

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर शहर में आए दिन रेप की घटनाएं बढ़ती जा रही है। लगातार हो रही रेप की घटनाओं के बाद भी कानपुर कमिश्नरेट पुलिस इन घटनाओं पर अंकुश लगा पाने में ना काबिल दिखाई पड़ रही है। बीती मंगलवार को बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राम जानकी मंदिर के पास दो युवकों ने छात्रा को घर में खींच लिया। इसके बाद उसे गांजा व शराब पिलाने का प्रयास किया और फिर रेप की कोशिश की। छात्र के विरोध करने पर उसे बेरहमी से पीटा और छात्रा का मोबाइल भी तोड़ दिया। चीख पुकार मचाने के साथ ही छात्र अर्ध लग्न अवस्था में भागी और पड़ोसी की दुकान में घुस गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों की काफी तलाश की लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। सूत्रों के मुताबिक पीड़ित छात्रा औरैया की रहने वाली है और बर्रा में रहकर अपनी पढ़ाई कंप्लीट कर रही है। छात्रा के मुताबिक उसकी सहेली का एक दोस्त कई दिनों से उसका पीछा कर रहा था मंगलवार की शाम को वह स्कूटी से कोचिंग के लिए निकली तो उसकी सहेली के दोस्त ने उसे रोक लिया। कुछ देर तो वह छात्रा को इधर-उधर की बातें कर बहलाता रहा और फिर बोला कि तुम्हारी सहेली मेरे घर पर है और जबरन उसे घर ले गया। घर में घुसते ही उसे युवक ने दरवाजा बंद कर दिया। पहले से वहां पर मौजूद अपने दोस्त के साथ छात्र के साथ अश्लीलता शुरू कर दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### यूपी टीम ने ग्रीनपार्क में किया अभ्यास


**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में बीसीसीआई की अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के इलीट ग्रुप-बी में आठ नवंबर को उत्तर प्रदेश बनाम छत्तीसगढ़ के बीच मैच होना है। इसके लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश की टीम ने स्टेडियम में अभ्यास किया। उत्तर प्रदेश की टीम अभी लगातार तीन मैच जीत चुकी है। ग्रीनपार्क में सुबह दस बजे पहुंची यूपी टीम ने कोच विक्रमजीत मलिक की निगरानी में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। सबसे पहले टीम ने रनिंग, वार्मअप और एक्सरसाइज के बाद नेट में अभ्यास किया। कप्तान आराध्य यादव समेत स्वास्तिक चिकारा, लोकल ब्वाय आदर्श सिंह, रितुराज शर्मा ने नेट पर जमकर बल्लेबाजी की। वहीं, कुणाल त्यागी, शुभम मिश्रा, रोहित द्विवेदी, विजय यादव, प्रशांत वीर ने अपनी गेंदों से ग्रीनपार्क के विकेट और मैदान की परिस्थितियों को परखा। पिछले मैच के हीरो रहे समीर रिजवी टीम के साथ नहीं जुड़े, उन्हें रणजी टीम में स्थान दिया गया है। वहीं, मेहमान छत्तीसगढ़ की टीम बुधवार देर शाम कानपुर पहुंची। गुरुवार को यूपी और छत्तीसगढ़ दोनों ही टीमें ग्रीनपार्क में अभ्यास करेंगी।

### लालबंगला में डॉक्टर को पीटने वाला सिपाही निलंबित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** लालबंगला में मंगलवार देर शाम कार और बाइक में टक्कर होने के बाद कार सवार डॉक्टर और सियाही के बीच मारपीट हो गई थी। डॉक्टर का आरोप था कि सिपाही और उसके साथी उन्हें घसीटकर चौकी में ले गए और बेरहमी से पीटकर उनका पैर तोड़ दिया। मामले में डीसीपी पूर्वी ने सिपाही को निलंबित कर दिया है। चकेरी पटेलनगर निवासी न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु वर्मा मंगलवार देर शाम कार से क्लीनिक में मरीज को देखने जा रहे थे। इस दौरान पुलिस चौकी चौराहे के पास कार मोड़ने के दौरान सिपाही आर्यन की बाइक से टक्कर हो गई थी। बाद में दोनों पक्षों ने मारपीट का आरोप लगाकर कांशीराम अस्पताल में मेडिकल कराया था। साथ ही पीड़ित डॉक्टर ने आरोपी सिपाही के खिलाफ चकेरी थाने में शिकायत भी की थी। मामले को संज्ञान में लेकर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने सिपाही आर्यन को निलंबित कर दिया है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई होगी।

# छठ को लेकर भक्तिमय हुआ कानपुर, घर से लेकर घाट तक की गई सजवाट; व्रतियों में भारी उत्साह







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

आस्था के महापर्व छठ का आज तीसरा दिन है। आज ही अस्त होते सूर्य को संध्या का अर्घ्य दिया जाएगा, जिसकी तैयारी घरों में बहुत जोरों से की जा रही है। छठ का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से शुरू होता है। पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रत संपन्न किया जाता है। चार दिन चलने वाला इस पर्व में सूर्य और छठी मैय्या की पूजा की जाती है। इस दिन रखा जाने वाला व्रत बेहद कठिन माना जाता है, क्योंकि इस व्रत को 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। कानपुर प्रशासन की ओर इस महापर्व को लेकर हर घाट में व्यापक व्यवस्था की गई है। छठ की छटा आज पूरे कानपुर में छाई हुई है। घर से लेकर घाट तक, गलियों से लेकर सड़कों तक... हर तरफ आकर्षक सजावट दिख रही है। पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है। छठ को लेकर कानपुर के घाट से लेकर घर-घर में छठ के गीत गूंजने लगे हैं। ''केलवा जे फरेला घवद से, ओह पर सुगा मेड़राय, आदित लिहो मोर अरगिया., दरस देखाव ए दीनानाथ., उगी है सुरुजदेव.., हे छठी मइया तोहर महिमा अपार.., कांच ही बास के बहंगिया बहंगी लचकत जाय.., गीत सुनने को मिल रहे हैं। राज्य सरकार ने हर छठ घाट पर सुरक्षा तय करने के लिए जिला प्रशासन को आदेश दिया है। प्रमुख घाटों पर गोताखोरों के साथ पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है, जिससे किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

### संध्या अर्घ्य पूजा सामग्री लिस्ट

छठ पूजा के तीसरे दिन की पूजा के लिए सामग्री सूची में एक बांस या पीतल का बर्तन, एक गिलास, एक कटोरा, एक चम्मच, दूध और पानी के लिए एक तांबे का घड़ा, एक बड़ी टोकरी, एक थाली, एक दीपक, खाजा या कोई अन्य मिठाई, एक नई साड़ी, दो बड़ी बांस की टोकरियां, दूध और पानी के लिए एक गिलास, एक लोटा और एक थाली, एक चम्मच, गन्ने के पांच पत्ते, गन्ना और शकरकंद, पान और सुपारी का, केला, अनानास, बड़ा मीठा नींबू, मूली, अदरक, कच्ची हल्दी और पानी वाला नारियल आदि है।

### कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने छठ पूजा स्थलों का किया निरीक्षण

छठ पर्व की तैयारी अपने चरम पर है और इसी के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पनकी नहर के किनारे बने छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया। छठ पूजा की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस, नगर निगम और अन्य विभागों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। शाम को घाट रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हो उठा। जिसकी आभा देखते बन रही थी। इस साल करीब 1लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए घाट पर सुरक्षा, साफ-सफाई और पार्किंग व्यवस्था पर बल दिया जा रहा है।

# कल्याणपुर ब्लाक प्रमुख ने इंटर लॉकिंग सड़क का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बुधवार को ग्राम पंचायत बगदौधी बांगर में गोराहा रोड से पुईया गुप्ता के घर तक बनी इंटरलॉकिंग सड़क व नाली का उद्घाटन क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष कल्याणपुर श्रीमती अनुराधा अवस्थी ने किया। जिसको पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत, लगभग 13 लाख 47 हजार रुपए की लागत से बनाया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी जी, जिला पंचायत सदस्य राजू दिवाकर, गजेन्द्र सिंह, फैलू दुबे,दिनेश पाल, राजा मिश्रा, बउआ बाजपेई, लव सिंह, पुइया गुप्ता, अवर अभियंता रविन्द्र पालीवाल व ग्राम वासी मौजूद रहे। ग्राम वासियों ने कहा पहले कीचड़ गढ्ढों के चलते निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था अब सड़क के बन जाने से काफी राहत हुई है। सभी ने क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा स्वास्थ्य को धन्यवाद दिया। श्रीमती अनुराधा अवस्थी ने कहा कोई भी समस्या हो उसे हमें बताएं मैं हर संभव मदद करूंगी।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# गिलानी को श्रद्धांजलि देने वाले विधायकों को शर्म आनी चाहिए

**जहां तक गिलानी से जुड़े विवादों की बात है तो वह एक नहीं कई थे। भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कुख्यात गिलानी का पासपोर्ट 1981 में जब्त कर लिया गया था और फिर पासपोर्ट केवल एक बार 2006 में हज यात्रा के लिए लौटाया गया था। गिलानी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय, पुलिस और आयकर विभाग में कई मामले लंबित थे। गिलानी कश्मीर को बंद रखने वाले कैलेंडर निकालने के लिए जाना जाता था। वह घोषित करता था कि कब–कब कश्मीर घाटी बंद रहेगी लेकिन अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद से गिलानी की भारत विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लग गया था।**

*कट्टरपंथी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी जिसने जम्मू-कश्मीर को वर्षों तक आतंकवाद और अलगाववाद के घेरे में जकड़े रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पाकिस्तानी शह पर काम करने वाले जिस गिलानी ने कश्मीर के युवाओं के हाथों में पत्थर पकड़ा कर उनका भविष्य बर्बाद किया। जिस अलगाववादी गिलानी ने कश्मीर में बंद के कैलेंडर जारी करवाये। जिस कट्टरपंथी गिलानी ने भारत के राष्ट्रीय ध्वज और भारतीय संविधान के विरुद्ध नारे लगवाये, जिस पाकिस्तान प्रेमी गिलानी ने कश्मीर को विकास और शांति से दशकों तक दूर रखने में अहम भूमिका निभाई, उसी को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में श्रद्धांजलि दिया जाना बेहद चौंकाने वाला घटनाक्रम है। यह सही है कि वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सदस्य रहा है। कोई भी सदन अपने सदस्य या पूर्व सदस्य के निधन पर उसे श्रद्धांजलि देता ही है लेकिन ऐसा करते समय देश के साथ खड़े रहने वालों और देश का विरोध करने वालों के बीच का अंतर तो देखा ही जाना चाहिए। गिलानी की वजह से हमारे कई सुरक्षा बलों को शहादत देनी पड़ी थी, निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी थी इसलिए ऐसे व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने वाले विधायकों को शर्म आनी चाहिए। हम आपको याद दिला दें कि पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता और जम्मू-कश्मीर में करीब तीन दशकों तक अलगाववादी मुहिम का नेतृत्व करने वाला सैयद अली शाह गिलानी जब मरा था तो पाकिस्तान गम में डूब गया था लेकिन कश्मीर में किसी ने भी जरा-सा भी दुख नहीं जताया था। पाकिस्तान इस बात से बहुत निराश हुआ था कि उसके हाथों में खेलने वाला और उसके एक इशारे पर कश्मीर में सभी गतिविधियों को ठप करवा देने वाला गिलानी इस दुनिया से चला गया लेकिन गिलानी की मौत के बाद कश्मीर में ना तो कोई प्रतिक्रिया हुई थी ना ही उसकी बरसी पर उसे कोई याद करता है। इसलिए सवाल उठता है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में ऐसे देशविरोधी शख्स को श्रद्धांजलि क्यों दी गयी? हम आपको याद दिला दें कि गिलानी की एक सितंबर, 2021 को मौत हो गई थी। गिलानी की मौत के साथ ही कश्मीर में भारत-विरोधी और अलगाववादी राजनीति के एक अध्याय का अंत हो गया था। गिलानी के परिचय की बात करें तो आपको बता दें कि उसका जन्म 29 सितंबर 1929 को बांदीपुरा जिले के एक गांव में हुआ था। उसने लाहौर के 'ओरिएंटल कॉलेज' से अपनी पढ़ाई पूरी की। 'जमात-ए-इस्लामी' का हिस्सा बनने से पहले उसने कुछ वर्ष तक एक शिक्षक के तौर पर नौकरी भी की। कश्मीर में अलगाववादी नेतृत्व का एक मजूबत स्तंभ माने जाने वाला गिलानी भूतपूर्व राज्य में सोपोर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधायक रहा। उसने 1972, 1977 और 1987 में विधानसभा चुनाव जीता हालांकि, 1990 में कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने के बाद वह चुनाव-विरोधी अभियान का अगुवा हो गया था। वह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के संस्थापक सदस्यों में से एक था, जो 26 पार्टियों का अलगाववादी गठबंधन था। लेकिन बाद में उन नरमपंथियों ने इस गठबंधन से नाता तोड़ लिया था, जिन्होंने कश्मीर समस्या के समाधान के लिए केन्द्र के साथ बातचीत की वकालत की थी। इसके बाद 2003 में गिलानी ने तहरीक-ए-हुर्रियत का गठन किया। हालांकि, 2020 में गिलानी ने हुर्रियत की राजनीति को पूरी तरह अलविदा कहने का फैसला किया और कहा था कि 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के केंद्र के फैसले के बाद दूसरे स्तर के नेतृत्व का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा।*

## एक्सप्रेस आलेख

कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्राय: इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता।



**योगेश कुमार गोयल**

# समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का निदान

**भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है।**

किसी भी व्यक्ति के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है। भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये



**कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।**

इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्रायः इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।

## एक्सप्रेस कविता

*जरा अपनी गिरेबां में झांक कर देखो*
*गरीबों की जिंदगी में झांक कर देखो।*
*पराई चादरों में छेद करना आसान है बहुत*
*कभी अपनी फटी पैबंद टांक कर देखो।*
*मौज मस्ती में तो सब जी लेते हैं*
*मुफलिसी में धूल फांक कर देखो।*

*क्या किसी पराये दर्द में झलके आंसू*
*जरा अपना दिल भी चाक कर देखो।*
*परेशान क्यों दूसरों की दौलत देखकर*
*एक भलाई का काम पाक कर देखो।*
*दौलत,शोहरत चार दिन की चांदनी संजीव,*
*अपनी जिंदगी दूसरों में खाक कर देखो।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

***तकलीफ़ सबको होती है जीवन में परंतु जो अपने कार्य के प्रति दृढ़ रहता है वो हर कार्य को कर जाता है***

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 24:31 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 11:36 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | धृति, 09:46 |
| सूर्योदयः | 06:42 |
| सूर्यास्तः | 17:28 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 13:25-14:46 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



**- कृष्णेन्द्र राय**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रोजाना इस्तेमाल करें 3 तरह के एसेंशियल ऑयल, सेहत को मिलेंगे कई फायदे



**एसेंशियल** ऑयल, जिनमें प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और पौधों से प्राप्त तत्व होते हैं, हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। एसेंशियल ऑयल के नियमित इस्तेमाल से तनाव कम हो सकता है, मूड बेहतर हो सकता है। इतना ही नहीं एसेंशियल त्वचा और बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। लेकिन अक्सर लोग सिर्फ खास मौके पर ही एसेंशियल ऑयल का ही इस्तेमाल करते हैं।

**लेमन एसेंशियल ऑयलः** लेमन एसेंशियल ऑयल में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी और ए पाया जाता है। रोजाना नहाने के पानी में लेमन एसेंशियल ऑयल को मिलाया जा सकता है। इस ऑयल के इस्तेमाल से रोजमर्रा का तनाव कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। लेमन एसेंशियल ऑयल में खुशबू होती है जो आपके मन को शांत कर सकती है। इसके एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकते हैं।

**पेपरमिंट एसेंशियल ऑयलः** पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल आपकी आंत की मांसपेशियों को आराम देने में मदद करता है। पाचन संबंधी परेशानियों से राहत दिलाने में भी पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल बहुत फायदेमंद होता है। आप रोजाना रात को सोने से पहले अपने सिर पर 3 से 4 बूंदें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल की लगा सकते हैं। इसके अलावा आप कार या घर में एयरफ्रेशनर की तरह भी पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

**तुलसी एसेंशियल ऑयलः** तुलसी के एसेंशियल ऑयल में कई पोषक तत्व होते हैं। इसमें एंटी-स्पास्मोडिक गुण, जीवाणुरोधी गुण, एनाल्जेसिक गुण, एंटीसेप्टिक गुण, विटामिन ए जैसे पोषक तत्व होते हैं। जो तनाव को कम करने, मूड को बेहतर बनाने और शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही, रोजाना त्वचा और बालों पर तुलसी एसेंशियल ऑयल लगाने से स्कैल्प को पोषण मिलता है, जिससे बालों का झड़ना और गिरना बंद होता है।

**एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करते वक्त सावधानियांः** एसेंशियल ऑयल को हमेशा कैरियर ऑयल के साथ मिलाकर ही त्वचा पर लगाएं। गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे डॉक्टर की सलाह के बाद ही एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें। अगर आपकी त्वचा पर कोई कटने, जलने या घाव का निशान है, तो एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बिल्कुल न करें।

**निष्कर्षः** रोजाना एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल आपके शरीर और मन को एक नई ऊर्जा दे सकता है, बस इसका सही तरीके से और सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करना जरूरी है।

## एक्सप्रेस विशेष

**सुधीर जोशी**

# कांग्रेस को स्वीकार नहीं समान सीट वितरण का फार्मूला

**कुल मिलाकर यह कहा जा रहा है सीटों के समान वितरण का फार्मूला दोनों को स्वीकर नहीं होगा और अंतत थोरात के फार्मूले को अस्वीकार कर लोकसभा में मिली सीटों के आधार पर चुनावी जंग में तीनों पार्टियां उतरीं कांग्रेस ने 17 में 14 सीटे जीतकर सभा चौका दिया था, उसी तक कांग्रेस को भरोसा है कि वह विधानसभा चुनाव में 100 से ज्यादा सीटें जीतेगी।**

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात ने जानकारी दी कि महाविकास अघाड़ी में तीनों प्रमुख दल 90–90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस, शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी और एनसीपी शरद चंद्र पवार पार्टी तीनों 90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि शेष 18 सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ी जाएंगी। महाविकास अघाड़ी के नेताओं प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि माविया की तीनों पार्टियां 85–85 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, लेकिन कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात ने दिल्ली में इस फॉर्मूले को 90 तक पहुंचा दिया है। थोरात ने कहा कि महाविकास आघाडी ने 18 सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ दी है।यहां सवाल यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में 44 सीटें जीतने वाली कांग्रेस क्या इस बार100 या उससे ज्यादा सीटें जीत पाएगी।**

**लोकसभा** सीटों की लिहाज से उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आने वाले महाराष्ट्र में आगामी 20 नंवबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव के लिए दोनों गठबंधनों ने अपने-अपने उम्मीदवार भी तय कर दिए हैं और नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। लोकसभा चुनाव में शिवसेना उबाठा तथा शरद पवार की राकांपा के मुकाबले से अच्छा प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस को लगता है कि उसे बड़े भाई की भूमिका में सामने लाना चाहिए लेकिन महाविकास आघाडी में शामिल दोनों दल शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट तथा राकांपा शरद पवार गट दोनों ही नहीं चाहते कि कांग्रेस का मुख्यमंत्री बने। शरद पवार आपनी बेटी सुप्रिया सुले को राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं तो संजय राऊत शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को महाविकास आघाडी का दूसरी बार मुख्यमंत्री का चेहरे के रूप में सामने लाया चाहते हैं। इन दोनों से अलग कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नाना पटोले की भी इच्छा है कि वे मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस तथा शरद पवार की पार्टी चाहती है कि चुनाव परिणाम सामने आने के बाद मुख्यमंत्री का चेहरा तय किया जाए। कांग्रेस तथा शरद पवार की राकांपा दोनों का प्रदर्शन लोससभा चुनाव में शिवसेना के मुकाबले अच्छा रहा इसलिए दोनों दलो के सीटों के वितरण का समान सीटों का फार्मूला




स्वीकार्य नहीं है। विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी ने भले ही तीनों घटक दलों को बराबर-बराबर सीटें देने के फॉर्मूले का ऐलान कर दिया है, लेकिन एक-एक सीट के लिए खींचतान अभी भी जारी है। कांग्रेस को इस बात का पूरा भरोसा है कि उसकी झोली में विधानसभा चुनाव में उसे 100 से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त होगी। महाविकास अघाड़ी का सीट बंटवारे का नया फॉर्मूला सामने आया है। सीईसी में ही सभी सीटों पर लगेगी मुहर- पटोले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने भी कहा कि इस समय सीईसी में सभी सीटों पर मुहर लग जाएगी। पहले चकण में 55 सीटों पर चर्चा की, इसमें किसी मैत्रीपूर्ण मैच का फैसला नहीं हुआ। महाविकास अघाड़ी ने अब तक 158 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इसमें एनसीपी के शरद पवार गुट के 45, ठाकरे गुट के 65 और कांग्रेस के 48 उम्मीदवार शामिल हैं। महायुति की सीटों का फॉर्मूला दिल्ली से ही तय हुआ है, इसके मुताबिक, बीजेपी 153 सीटों पर, शिवसेना 80 सीटों पर और एनसीपी कांग्रेस 55 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि, महाविकास अघाड़ी में दरार दिख रही है। परिणामस्वरूप, यह प्रशंसनीय है कि सम सूत्र को थोड़ा किनारे कर दिया जाएगा और सूत्र यह होगा कि कांग्रेस 102 या 103, शिवसेना (उबाथा) 95, एनसीपी-एसपी 84 और अन्य सहयोगी 6 से 7 सीटें सहयोग दलों के लिए छोड़ने का निर्णय लिया गया है। महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर सहमति बन गई है, लेकिन शिवसेना (उबाठा) ने कांग्रेस के साथ आक्रामक रुख अपना लिया है, ऐसे में माना जा रहा है कि सीटों के बंटवारे को लेकर आखिरी तक खींचतान जारी रहेगी। शिवसेना (उभाटा) पार्टी ने अब तक 95 सीटों की घोषणा कर दी है। बोरीवली; साथ ही आलंदी गांव को लेकर अभी-भी विवाद चल रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा रहा है सीटों के समान वितरण का फार्मूला दोनों को स्वीकर नहीं होगा और अंतत थोरात के फार्मूले को अस्वीकार कर लोकसभा में मिली सीटों के आधार पर चुनावी जंग में तीनों पार्टियां उतरीं कांग्रेस ने 17 में 14 सीटे जीतकर सभा चौका दिया था, उसी तक कांग्रेस को भरोसा है कि वह विधानसभा चुनाव में 100 से ज्यादा सीटें जीतेगी, इसलिए कांग्रेस चहती है कि उसे कम से कम 105 या उससे ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का मौका मिलती चाहिए ताकि वह 110 सीटें जीतकर कांग्रेस को अपना मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करने का मौका मिल सके।

# गोलियों की गड़गड़ाहट से गूंजी आवास विकास कॉलोनी

## भाजपा पूर्व नगर उपाध्यक्ष समेत 6 लोगों पर एफआईआर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



*प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली सदर अंबर सिंह, ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी*

मंगलवार को शहर के मोहल्ला आवास विकास में कई राउंड फायरिंग हुई। इससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई।आवास विकास कॉलोनी निवासी अनिल लखनपाल ने भाजपा पूर्व नगर उपाध्यक्ष अंकुर शुक्ला व उनके छह अज्ञात साथियों पर जान से मार देने की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी अनिल लखनपाल ने बताया कि घटना मंगलवार की रात करीब 11 बजे की है। मोहल्ला सुंदरपुरम निवासी देव जुनेजा बजरंग दल के नेता हैं। देव जुनेजा रात करीब 09.30 बजे उनके घर पहुंचे। वह काफी घबराए हुए थे। पूछने पर बताया कि अंकुर शुक्ला ने मुझे और जसवंत राज पासी जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने देव से कहा की इसकी सूचना पुलिस में देनी चाहिए। देव उनके निवास पर तहरीर लिख रहे थे। इसी बीच अंकुर शुक्ला कुछ युवकों के साथ देव को मारने के लिए उनके घर के बाहर चक्कर लगाने लगे। तहरीर पुलिस को देने के लिए उन्होंने अपने मित्र सुरेन्द्र सिंह के साथ देव जुनेजा को अनुपम नर्सिंग होम तक छोड़ दिया और घर वापस जा रहे थे। आरोप है कि गली के मोड पर करीब 11.00 बजे अंकुर शुक्ला ने अपने अन्य 6 अज्ञात साथियों के साथ उन पर और उनके साथी पर जान से मारने की नीयत से चार राउंड फायरिंग की। किसी तरह से दोनों लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। गोली चलने की आवाज पर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर आ गए। दोली चलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर एलआरपी, राजापुर चौकी और सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने जांच कर लोगों से पूछताछ की।उन्होंने आरोपी अंकुर शुक्ला से खुदकी और परिवार की जान को खतरा बताया है।पुलिस ने आरोपी अंकुर शुक्ला और उनके छह अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम-एसपी, छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने सेठ घाट पहुंचे

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बुधवार को सेठघाट पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल,एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए की गई तैयारियों को परखा, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।तहसील, ब्लॉक, जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन को पूजा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद करने के निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष व संरक्षक से बातचीत की। इसके बाद पूजास्थल, घाट की साफसफाई, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग सहित विभिन्न मूलभूत और जरूरी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, अधिकारियों को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित ढंग से छठ पूजा संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम ने छठ पूजा पर्व की दृष्टिगत अपनी घोषणा के क्रम में क्रिटिकल गैप से बनवाए सड़क मार्ग का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी जनपदवासियों व श्रद्धालुजनों को भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मइया की कृपा से लोक आस्था का यह महापर्व संपूर्ण सृष्टि के लिए सुख-समृद्धि तथा आरोग्यता का कारक बने, यही कामना है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खंड प्रथम केके झा, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, ईओ विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### थारू हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच। पर्यटन सत्र के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री वन धन योजना के अंतर्गत कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर पर जनजाति महिलाओं द्वारा वन निगम के सहयोग से थारू हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें थारू कल्चर के तहत पेड़ पौधों से बने स्वदेशी उत्पादों का स्टॉल लगाया गया जसमें दो दर्जन से अधिक उत्पादों को बिक्री के लिए लगया गया जिसमें पिटरिया, गमला, टोकरी, चप्पल, पर्स, पावदान, टोपी आदि बिक्री हेतु लगाया गया। उद्घाटन के दिन पहले ग्राहक गिरीजापुरी शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज के शिक्षक पुनीत गुप्ता रहे जिन्होंने एक टोपी 300 रुपए में खरीदी इस दौरान वह काफी खुश नजर आए उन्होंने कहा कि लोगों को स्वदेशी और हस्तशिल्प चीजों को खरीद कर जनजाति लोगों का हौसला बढ़ाना चाहिए। प्रदर्शनी स्टाफ की मुख्य कार्यकर्ता निर्मला ने बताया कि पर्यटन सत्र के सभी दिनों बिक्री के लिए ये सब उत्पाद यहां कतर्नियाघाट में केविन में मौजूद रहेगा पर्यटक इसकी खरीददारी उचित मूल्य पर कर सकते हैं।

### डालमिया भारत शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लि.शुगर यूनिट जवाहरपुर के पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ बुधवार को शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार व हवन पूजन के साथ हुआ। इसके साथ ही क्षेत्रीय गन्ना किसानों के बीच समय से पेराई सत्र शुरू होने से खुशी की लहर छा गई। चीनी मिल परिसर में नैमिषारण्य के विद्वान आचार्यों द्वारा मिल के यजमान व सहायक अधिशासी निदेशक टीएन सिंह के साथ हवन पूजन अनुष्ठान को संपन्न कराया गया। सर्वप्रथम पंक्ति में बैलगाड़ी तौल कराने वाले मालती पत्नी संतराम निवासी पिपरी ट्रॉली काशी प्रसाद पुत्र चेतई, ट्रिपलर ट्राली चालक संतराम पुत्र श्रीपाल , तथा प्रथम ट्रक गोरिया प्रथम सेंटर से रही।मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु द्वारा प्रथम तौल कराने वाले कृषकों को मिठाई अंग वस्त्र व नगदी पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, सीतापुर समिति अध्यक्ष भंवर सिंह, महोली समिति अध्यक्ष धनंजय सिंह, सीतापुर समिति उपाध्यक्ष के के बाजपेई, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित मिल कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।

# जिले के चार उप निरीक्षक इंस्पेक्टर पद पर प्रोन्नत एसपी ने बैज व स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस । बहराइच



अधिकारियों को बैज लगाकर सम्मानित करती एसपी

जिले में नियुक्त चार उपनिरीक्षकों के यूपी शासन ने निरीक्षक पद पर प्रोन्नत किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने प्रोन्नति पाए उप निरीक्षकों को उन्हें बैज व स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती शुक्ला ने बताया कि जिले में उपनिरीक्षक पद पर तैनात थाना मटेरा में तैनात अशोक कुमार वर्मा,

बृजभान यादव, थाना कोतवाली नानपारा में तैनात अवधेश यादव तथा थाना नवाबगंज में तैनात रणजीत यादव को निरीक्षक पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी की ओर से स्टार व बैज लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दीं तथा उज्जल भविष्य की कामना की गई।

साथ ही उन्हें लगन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित गया।

इस अवसर पर प्रोन्नति पाए पुलिस अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के साथ साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/ कर्मचारीयों ने शुभकामनाएं दी।

### गाज़ियाबाद में हुए अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस । सीतापुर। विगत दिनों प्रदेश के जनपद गाजियाबाद में जिला कचहरी के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज में घायल हुए अधिवक्ताओं के मामले का संज्ञान लेते हुए न्याय एवं अधिवक्ता हित में आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की मांग को लेकर महमूदाबाद लायर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सोमवार को एसडीएम महमूदाबाद को सौंपा। सोमवार की सुबह महमूदाबाद लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा की अगुवाई में करीब आधा सैकड़ा अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौंपते हुए गाजियाबाद जिला कचहरी में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के घोर निंदा की। दिए गए ज्ञापन में अधिवक्ताओं पर दर्ज किए गए मुकदमे अभिलंब वापस लिए जाने, संदिग्ध दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने, दोषियों को बर्खास्त किए जाने के साथ अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू किए जाने की मांग की गई है।

# पर्यटकों के लिए खुला कतर्नियाघाट अभ्यारण, वन मंत्री ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । बहराइच



पर्यटन सत्र का शुभारंभ करते वन मंत्री

पर्यटकों के लिए इस वर्ष समय से पहले कतर्नियाघाट ईको पर्यटन सत्र का शुभारंभ बुधवार को भव्य तरीके से किया गया। सत्र का शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन विभाग के हाथों कराया गया। इस बार पर्यटन सत्र का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में रखा गया जिसमें बुधवार को दोपहर 2 बजे कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर (घड़ियाल सेंटर) पर भव्य तैयारियों के बीच वन विभाग, वन निगम, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, गजमित्र (न्यूज़), बाघमित्र की टीम व स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में वन मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में की शुरुआत वन मंत्री व विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंत्री सक्सेना ने पर्यटन मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व उपलब्धियों को बताया गया। एफडी ने नेचर प्रटेशन सेंटर में मौजूद लोगों को प्रोजेक्टर पर जंगल व पर्यटन पर बनी वीडियो शॉर्ट फिल्म दिखाते हुए लोगों के इस पर्यटन सत्र की व्यवस्थाएं और विशेषताएं बताया। जिसके बाद उद्घाटन के दौरान मंत्री सक्सेना ने विधायक व वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ जिनान जिप्सी से जंगल सफारी व बोटिंग कर पर्यटन सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। पर्यटन प्रभारी वन दरोगा मयंक पांडे ने बताया कि पर्यटक सत्र के पहले दिन से ही कतर्नियाघाट व निशानगाड़ा रेंज के घने जंगलों में जंगल सफारी कर जंगल की सुंदरता का दीदार कर सकेंगे साथ ही गेरुआ नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे।

इस अवसर पर सुधीर शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मनोज सिंह अपर मुख्य सचिव, संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पीपी सिंह सीएसएफ, अदिति शर्मा सीएसएफ, विधायक सरोज सोनकर, राजेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष, प्रीतम निषाद प्रधान प्रतिनिधि, इकरार अंसारी प्रधान, घूरे प्रसाद मौर्य, प्रमोद आर्य, मुकेश चन्द्रा मुख्य विकास अधिकारी, अरुण कुमार, एसडीओ वन विभाग संतोष कुमार, डीएलएम वन निगम नारायण सिंह गुसाल, रेंजर कतर्नियाघाट आशीष गौड़, वन दरोगा मयंक पांडे, रेंजर मुर्तिहा रतनेश कुमार, रेंजर सुजौली रोहित कुमार, रेंजर निशानगाड़ा सुरेंद्र श्रीवास्तव, दबीर हशन परियोजना अधिकारी डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, मंसूर अली, राजा हशन, ऋषभ प्रताप सिंह, अजय सिंह, योगेश सिंह, अन्नु शुक्ला, हीरालाल यादव, महावत मोहर्रम अली, विनोद कुमार, इरशाद अली, राहुल, सरोज यादव, पंजाब सिंह आदि मौजूद रहे।

# बच्चों की पढ़ाई पर निगरानी जरूरी बुनियादी शिक्षा की मजबूती से विकसित होगा भारत- जिलाधिकारी





जन एक्सप्रेस । सीतापुर

वियनित क्षेत्र, सीतापुर भूमिजा बहुद्देशीय हाल खैराबाद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निपुण सेल सीतापुर की कार्यशाला में प्रतिभाग कर निपुण सेल से होने वाले फायदों को बताया और उन्होंने कहा कि पढ़ाई करते वक्त छोटे बच्चों की निगरानी जरूरी है। खासकर क्लास एक से तीन तक के बच्चों की। यही उम्र है जब बालमन कोई भी शब्द अपने मानसपटल पर अंकित कर लेता है। इसके लिए बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने की जरूरत है। तभी भारत तेजी से विकसित होगा और बच्चे निपुण होंगे। जिलाधिकारी ने कहा बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में ए0आर0पी0 और बीईओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही पाठ्यक्रम में हुए बदलाव को शिक्षकों तक पहुंचाने और निगरानी करने का कार्य करते है। शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों का मूल्यांकन हर सप्ताह करें और अभिभावक के संपर्क रहे। जिससे समय समय पर उन्हें भी अवगत कराया जा सके कि बच्चा पढ़ाई में कैसा है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि एफ0एल0एन0 के जरिए संख्या और अक्षर की जानकारी छोटे बच्चों को अच्छे से हो जाए तो आगे की कक्षाओं में पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 57 प्रतिशत बच्चे निपुण श्रेणी में आ चुके है। कार्यशाला में मौजूद ए0आर0पी0 एलिन ने पढ़ाने के दौरान की समस्या और उसके निराकरण के बारे में अन्य शिक्षकों से साझा किया। कार्यशाला में अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश की अकादमिक संस्था एफ0एल0एन0 एवं सी0एस0एफ0 के साथ समन्वय स्थापित कर शिक्षा कार्य को और बेहतर बनाने पर बल दिया। कहा कि समय समय पर इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित होती रहनी चाहिए जिससे शिक्षण कार्य को और बेतहर बनाया जा सके।

कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, सी0एस0एफ0 की कृतग्या सहित संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पड़ोसियों ने ग्रामीण को लाठियों से पीटकर मार डाला

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले के बंजरिया गांव निवासी एक व्यक्ति की उसके पड़ोसियों ने रात में पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजरिया के मजरा दूगो निवासी शकील उर्फ भूरे (45) पुत्र जमील का अपने पड़ोसी रहीश, मनऊ और भद्दर आदि से जमीनी विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद के चलते मंगलवार रात को शकील और रहीश समेत अन्य से विवाद हुआ। विवाद के दौरान रात 10 बजे सभी ने शकील की लाठियों से पीट कर हत्या कर दी। इसके बाद सभी फरार हो गए। शकील की मौत से परिवार में चीत्कार मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

### नगर कोतवाली पुलिस ने पकड़ा 25 लाख से अधिक का गांजा

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जिले में नशे के तस्करों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं भारत नेपाल सीमा से हो रही नशे की तस्करी अब जिला मुख्यालय तक पहुंच गई है हालांकिपुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर नशीला सामान बरामद कर लिया है। थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने 25 लाख से अधिक का गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस की गिरफ्त में एक बाल अपचारी भी आया है पुलिस पकड़े गए अपराधी से गहन पूछताछ कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि एक व्यक्ति बाइक पर सवार होकर एक बालक के साथ संदीप सामान लेकर जा रहा था जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 52 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पकड़े गए गंज की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 लाख 300 रुपए है पकड़े गए अपराधी की पहचान बस्ती जनपद के रवि प्रताप उर्फ सुड्डू के रूप में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में एक बाल अपचारी भी पकड़ा गया है पुलिस दोनों से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली परिसर में कई थाना इंचार्जों संग समीक्षा बैठक की

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। महमूदाबाद। मंगलवार की रात करीब नौ बजे पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने महमूदाबाद कोतवाली परिसर में सर्किल के चारों थानों महमूदाबाद, सदरपुर, थानगांव और रामपुर मथुरा के प्रभारियों व एसआई के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान एसपी ने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के साथ जन समस्याओं को मौके पर पहुंच निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। एसपी ने महमूदाबाद, सदरपुर, थानगांव और रामपुर मथुरा थानों प्रभारियों से जानकारी हासिल करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी दिनेश् शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह, कृष्णनंदन तिवारी, थानगांव के थाना प्रभारी उमेश् चंद्र चौरसिया सहित समस्त एसआई मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में दो शावक के साथ दिखीं बाघिन, दहशत का माहौल

जन एक्सप्रेस । बहराइच



मिहीपुरवा। कतर्निया घाट संरक्षित वन्य जीव प्रभाग के मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुमई गौढी के कुछ हिस्सों में बाघिन तीन दिनों से अपने तीन शावक के साथ चहल कदमी कर रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीण घर से बाहर निकलने में संकोच कर रहे हैं। ऐसा इसलिए की कोई व्यक्ति या किशोर बाघिन के हमले का शिकार ना हो जाए।

कतर्निया घाट संरक्षित वन्यजीव अभयारण्य में नर और मादा बाघ की संख्या इधर कुछ वर्षों में निरंतर बढ़ रही है। बांका क्षेत्रफल कम होने की वजह से बाघ और बाघिन ग्रामीण इलाकों में निकल रहे हैं। यह शिकार की तलाश में भी ग्रामीण क्षेत्रों में चहल कदमी कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में शावक के साथ बाघिन दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मचा है। ग्रामीणों में दो शावकों के साथ बाघिन की चहल कदमी को लेकर ग्रामीण दहशत में है। लोग घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। यही नहीं अपने बच्चों को भी घरों से बाहर जाने से रोक रहे हैं। जिसके चलते बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। बीते वर्ष से अब तक बाघ और बाघिन के हमले में कई की जान जा चुकी है। घटनाएं होने के बावजूद भी वन विभाग मौन है। अभी हाल में बाघ ने कुछ मवेशियों को अपना शिकार बनाया था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से शिकायत की थी। लेकिन वन विभाग ने सुरक्षा के कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। वन रेंज क्षेत्र मोतीपुर के सुमई गौढी छंगा पुरवा गांव के आसपास बाघिन अपने दो शावको के साथ चहल कदमी कर रही है। ग्रामीण दहशत में है। बल्कि खेतों में काम करने के लिए भी बाघिन के हमले के डर से नहीं निकल रहे हैं। जिससे कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

### कार सवारों ने दो युवकों को तमंचे की बट से जमकर की पिटाई रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। शहर के एलआरपी पुलिस चौकी के पास कार सवारों ने अपने दो युवकों की जमकर पिटाई कर दी। तमंचे की बट और हथौड़ी नुमा किसी औजार से ताबड़तोड़ प्रहार किए ।जिससे दोनों घायल हो गए। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। मोहल्ला बहादुर नगर निवासी सागर रस्तोगी ने बताया कि रात करीब 10.45 वह अपने मित्र पार्थ मितल को लखनऊ जाने वाली बस पकड़ाने के लिए बाईपास चौराहे निकट एलआरपी पुलिस चौकी के पास खड़ा था।

### गोष्ठी तथा पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता की कोशिश

जन एक्सप्रेस । बहराइच। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ नेहरू युवा केंद्र बहराइच के तत्वाधान में श्री मानस इंटर कॉलेज विशुनपुर राहु बहराइच में एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न युवा महिला मंडलों के युवतियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में गोष्ठी पेंटिंग प्रतियोगिता वाद विवाद व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदंबा प्रसाद मिश्र प्रधानाचार्य वह विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनहित फाउंडेशन उमेश चंद्र मिश्र ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य वह वर्तमान समय में प्रदूषण से बचाव हेतु वृक्षारोपण किए जाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी और युवाओं को जागरूक किया तथा कार्यक्रम संबंधी पोस्ट का विमोचन कर पोस्टर को चस्पा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वी के सिंह भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक इंद्रसेन चौधरी ने किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य से अवगत कराया पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह वर्धन किया गया।

# जिले में छठ पूजन के लिए चिन्हित किए गए 129 स्थल, व्यवस्था के लिए नामित किए गए अधिकारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

छठ त्योहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के साथ ब्लाक रिसिया अन्तर्गत बलभद्दरपुर स्थित विश्रामघाट का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी रिसिया एस.पी. गौतम को निर्देश दिया कि त्यौहार के अवसर पर साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध के साथ-साथ प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाय तथा चूनाकारी भी करायी जाय। विश्रामघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने घाट परिसर में स्थित धुरिया बाबा स्थल व राणी सती मन्दिर में दर्शन कर पूजाअर्चन किया।

इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल, सभासद अशोक शर्मा, ग्राम प्रधान ओम प्रकाश, थानाध्यक्ष रिसिया दद्दन सिंह, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार यादव, ग्राम पंचायत सचिव महेश कुमार मिश्रा, लेखपाल राज किशोर शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रहरी, महेश मिश्रा सहित संभ्रांतजन व गणमान्यजन तथा बड़ी संख्या श्रद्धालु व आमजन मौजूद रहे। रिसिया से लौटते समय डीएम व एसपी ने झिंगहाघाट व बेरिया का निरीक्षण कर घाट की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि छठ पूजा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द रखी जायें ताकि किसी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 28.11.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग , डेबिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 12002024 दिनांक 05.11.2024 |
| कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर जंघई के अनुभाग में रेल और स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण ओवरहालिंग डिस्ट्रेसिंग LWR की बॉक्सिंग और प्रोफाइलिंग आदि जैसे वचे हुए कार्य। |
| अनुमानित राशि | Rs. 1,49,56,598.60 |
| धरोहर राशि | Rs. 2,24,800.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 14.11.2024 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.11.2024 15.00 बजे. |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3434/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक्सप्रेस खबरें...

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मृणाली अविनाश ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट,एसडीएम सदर ने नगर पंचायत पिपराइच, रिठिया, ताजपिपरा, तुरा नाला ,जंगल अहमद अलीशाह के छठ्ठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दी। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का जायजा नगर पंचायत पिपराइच, रिठिया, ताजपिपरा, तुरा नाला जंगल अहमद अलीशाह का निरीक्षण किया घाटों पर साफ-सफाई, की व्यवस्था, घाटों की बैरिकेडिंग को देखा उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर एकत्र होते हैं, ऐसे में स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा, कि छठ पर्व पर कई श्रद्धालु पूरी रात घाटों पर रुकते हैं, ऐसे में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य है। जिन स्थानों पर जरूरत पड़ती है वहां जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि रात में पर्याप्त प्रकाश बना रहे।उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए बैरिकेडिंग की जांच की और श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने को कहा। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए कर्मचारीगण दिए गए दायित्वों का पूरा पालन करेंगे।

### विकास, योजना, उपलब्धि आधारित विकास प्रदर्शनी का प्रमुख ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/खड्डा, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत विकास खण्ड खड्डा में बुधवार को सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख शशांक दुबे द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा। खड्डा के ब्लाक प्रमुख शशांक दुबे ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता लाभ उठा रही है। बिना भेदभाव से पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों को गिनाया। इस दौरान योजनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खण्ड विकास अधिकारी विनीत यादव, एडीओ पंचायत प्रदीप मल्ल, एपीओ अभिषेक सिंह, सचिव अशोक कुशवाहा, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह यादव, अनुराग प्रताप सिंह, आनन्द सिंह, पारसनाथ गिरी, राजू गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, विनय पाठक, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने छठव्रतियों को दी छठ पूजा की बधाई



**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने छठ पूजा के पावन अवसर पर जनपदवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल हमारी संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को दर्शाता है, बल्कि हमारे जीवन में अनुशासन, आस्था और सामुदायिक एकता का प्रतीक भी है। सूर्योपासना का यह पर्व हमें निष्ठा, तप और त्याग की सीख देती है। छठी मइया समस्त जनपदवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें।

---

**बाईपास निर्माण के मुआवजे में की जा रही 67 प्रतिशत कटौती के विरोध में किसानों का धरना सोलहवें दिन भी रहा जारी**

# धरनारत किसानों ने सत्ता पक्ष व जिला प्रशासन पर लगाया उदासीनता का आरोप

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

देवरिया बाईपास एन एच 727 के निर्माण से प्रभावित किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में सदर विकास खंड क्षेत्र के पड़री चौराहे पर एवं बैतालपुर विकास खंड क्षेत्र के बरारी मोड़ पर चल रहा धरना बुधवार को सोलहवें दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने किया। किसानों को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि 11 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर होने वाली ट्रैक्टर रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसान गांवों में समूह बनाकर जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर रैली में भाग लेने के लिए समस्त किसानों को जागरूक कर रहे हैं । किसान नेता श्री सैंथवार ने कहा कि ट्रैक्टर रैली को लेकर किसानों में इस बार बहुत उत्साह है । खेती किसानी का समय प्रारंभ हो चुका है धान की कटाई भी शुरू हो गई है, मगर किसान अपने मान सम्मान के लिए इस बार जिला प्रशासन को अपने शक्ति का एहसान कराएंगे।

### 11 की ट्रैक्टर रैली होगी ऐतिहासिक- सुयश मणि

कांग्रेस किसान सेल के पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस बार का किसानों का होने वाला आंदोलन देवरिया में एक इतिहास लिखेगा। 11 नवंबर के ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए सभी किसानों से संपर्क किया जा रहा है। गौरा से लेकर सिरजम तक के सभी गांवो के किसान बैतालपुर धरना स्थल से जिला मुख्यालय के ट्रैक्टरों के साथ मार्च करेंगे। धरना में मुख्य रूप से अजय मणि त्रिपाठी, भरत मणि, रमेश मणि ,अजीत मणि,अमित मणि,छोटकन प्रसाद, सिद्धार्थ मणि,अनिल मणि त्रिपाठी,विनोद मणि इत्यादि किसान उपस्थित रहे।



### गांवों को अर्धनगरीय घोषित कर शासन प्रशासन कर रहा है किसानों संग छल

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन एवं सरकार जिस तरीके से ग्रामीण किसानों को अर्ध नगरी बनाकर उनको चार गुना मुआवजे से वंचित कर रही है एवं जो ग्राम पंचायत 2020 में ग्रामीण थे 2021 के पंचायत चुनाव में भाग लिए उन गांवों को भी अर्ध नगरी बनाकर चार गुना मुआवजा से वंचित किया जा रहा है, तथा 67 प्रतिशत की कटौती अलग से की जा रही है जिससे किसानों में बहुत ही नाराजगी है। 11 नवम्बर को किसानों का गुस्सा ट्रैक्टर रैली में देखने को मिलेगा। धरना में संजय सिंह,लल्लन यादव, सुधीर चौहान,अजीत पाल सिंह विवेक सोनी राज प्रताप यादव,ध्रुव नारायण चौहान,नूर आलम खान,राजनाथ यादव,विनय कुमार सिंह,नागेंद्र सिंह,हरिलाल यादव राजन कुमार इत्यादि किसान उपस्थित रहे।

### भाजपा सरकार किसानों के साथ, शीघ्र होगा समाधान- सुरेन्द्र चौरसिया




केंद्र व प्रदेश सरकार को कराया गया है अवगत वहीं रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने संवाददाता से बातचीत में बताया कि हम सभी भाजपा सरकार और भाजपा के जनप्रतिनिधि किसानों के साथ हैं जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार को अवगत कराया गया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी अवगत कराया गया और हम सभी जनप्रतिनिधि किसानों की इस गंभीर समस्या का समाधान कराने के प्रयास में लगे हैं। वहीं जब संवाददाता ने धरनारत किसानों का विगत सोलह दिनों जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान नहीं लेने का सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह जिलाधिकारी से बात करेंगे।

### कांग्रेस नेता सुयश मणि के नेतृत्व बैतालपुर बरारी में चल रहा धरना

गौरी बाजार प्रतिनिधी के अनुसार बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों का एक जत्था जो बैतालपुर विकास खंड क्षेत्र के बरारी मोड़ पर भी बुधवार को सोलहवें दिन भी धरना जारी रहा।*बुधवार के धरना की अध्यक्षता भाकियू के वरिष्ठ नेता एस एस अंसारी ने किया। किसानों को सम्बोधित करते हुए भाकियू वरिष्ठ नेता एस एस अंसारी ने कहा कि बैतालपुर क्षेत्र के किसानों में भी 11 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाला ट्रैक्टर रैली को लेकर काफी उत्साह है एवं बड़ी संख्या में बैतालपुर धरना स्थल से ही किसान अपना ट्रैक्टर लेकर जिला मुख्यालय के लिए मार्च करेंगे।

### किसानों की समस्या हमारी समस्या, शीघ्र समाधान का कर रहें हैं प्रयास- सदर सांसद



बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों की मांगों को धरनारत किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि धरने के सोलह दिन बीत गए परन्तु सत्ता पक्ष व जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार धरनारत किसानों का हाल जानने नहीं पहुंचा जबकि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश सरकार खुले मंच से किसान हितैषी होने का ढिंढोरा पीटती है।धरनारत किसानों द्वारा लगाए गए आरोप के संबंध में हिंदी दैनिक निष्पक्ष प्रतिदिन संवाददाता से बातचीत में सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने बताया कि हम भी किसान परिवार के सदस्य हैं और समस्त किसानों की पीड़ा हमारी पीड़ा है। बाईपास सड़क निर्माण में प्रभावित किसानों के मुआवजे में हो रही कटौती के संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराया गया है हम चाहते हैं कि किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान हो जाए।

---

# दलित हत्याकांड में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**

महेंद्र हत्याकांड में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरहनी टोला रामनगर निवासी महेंद्र भारती को बीते 30 अक्टूबर को उक्त गांव के टोला चाईटोला के दबंग परिवार के लोगों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था, जिससे महेंद्र भारती गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में दों दिन बाद दम तोड़ दिया था। उक्त मामले में पुरन्दरपुर पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मु0अ0स0 288/24 धारा 105,110,115(2),352,351 (3),3(5) बीएनएस व 3(1)ध 3(2)(5) एससी एसटी के तहत केस दर्ज आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के लिए आगे की कार्रवाई में जुट गई थी। घटना कारित कर आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए थे जिन्हें पुलिस ने धर दबोच लिया। पुरन्दरपुर पुलिस ने हत्या में शामिल दों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि पुलिस ने इस हत्या में प्रयुक्त रूप से शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए दिन -रात एक करके दों को गिरफ्तार कर लिया। महेंद्र के मौत के बाद से पुलिस पर गिरफ्तारी न करने के लिए तथाकथित नेताओं का दबाव बनाया जा रहा था लेकिन पुलिस ने बुधवार को श्याम बिहारी पुत्र धनराज तथा शिवा पुत्र श्याम बिहारी निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस इस मामले में चार अज्ञात व्यक्तियों को उठाया और तब दों आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तारी पुलिस टीम थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील वर्मा, उपनिरीक्षक संदीप यादव, कांस्टेबल कुलदीप यादव, कांस्टेबल आदित्य यादव, कांस्टेबल पृथ्वी सिंह चौहान, महिला कांस्टेबल खुशबू पाण्डेय रहीं।

### क्या कहते हैं पुलिस क्षेत्राधिकारी

फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि मुख्य दों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, शेष बचे अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

# उत्कर्ष फाइनेंस कर्मियों द्वारा लोन वसूली के नाम पर समूह की महिलाओं से मारपीट

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

गोरखपुर के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के संसारपार गांव में उत्कर्ष माइक्रो फाइनेंस कंपनी द्वारा अपने एजेंटो के माध्यम से लोन वसूली के नाम पर समूह की महिलाओं से गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। ऐसे में गांव की महिलाएं डर से गांव छोड़ने को मजबूर हैं। कई महिलाएं घर से गायब भी है। जिसे लेकर समूह की महिलाओं ने बड़हलगंज थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।




### मारपीट और गाली-गलौज का आरोप

आरोप लगाया कि लोन वसूली के नाम पर एजेंट शिवम अपने चार पांच साथियों के साथ बीते 4 नवंबर को देर रात्रि जबरन घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट किया। दबंगई से महिलाओं को अपनी गाड़ी में बैठाने लगा। लोन की रकम जमा करने का अनावश्यक दबाव बना प्रताड़ित करने लगा साथ ही सादे स्टैम्प पर हस्ताक्षर बनवा धमकी दे रहा है। जबकि लोन का आधार बनाकर कई महिलाओं से गैर कानूनी तरीके से धन उगाही की गई है।

### दर्जनों से अधिक समूह की महिलाओं ने लिया लोन

बड़हलगंज थाना क्षेत्र के संसारपार गांव में दर्जनों से अधिक समूह की महिलाओं ने लोन लिया है। अब इन महिलाओं को लोन लेना मंहगा पड़ रहा है। क्योंकि वसूली एजेंटों के दबंगई का आलम यह है कि लोन वसूली के नाम पर बीते 4 नवंबर की देर रात को लगभग 9 बजे महिलाओं के साथ जबरन घर में घुसकर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगा दर्जनों की संख्या में थाने पहुंची महिला सविता, इंद्रावती देवी, माया, गायत्री, पाना, रितु, रुक्मणि ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया।

### जांच कर होगी कार्रवाई

इनके डर से कई महिलाएं घर से गायब है। कोतवाली पहुंची महिलाओं ने आरोप लगाया कि इनके द्वारा कई महिलाओं को कहीं छुपाकर रखा गया है। जिसे लेकर उनके परिजन परेशान है। महिलाओं ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि समूह की महिलाएं तहरीर दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है ,जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी ।

---

# विधायक ने नवनिर्मित सड़क का किया लोकार्पण




**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

क्षेत्रीय विधायक पी एन पाठक ने बुधवार को अपने विधायक निधि से निर्मित सड़क एवं इण्टरलाकिग का लोकार्पण किया। इस मौके पर कहा कि क्षेत्र का विकास कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता में है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार देश के हर गरीब तबके को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने को कटिबद्ध है। कुबेरनाथ शिव मन्दिर परिसर में 19 लाख की लागत से हुई इंटरलगिंक कार्य का लोकार्पण करते हुये उन्होने बताया कि क्षेत्र के मन्दिरों का विकास भी मेरे प्राथमिकता में है ।इसके साथ ही उनके द्वारा हरैया में 8 लाख की लागत से बना सड़क इंटरलाकिंग लोकार्पण हुआ । इस दौरान मंडल अध्यक्ष बच्चा सिंह ,विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह ,महंत राज कुमार गिरी ,दिनेश तिवारी ,दुर्गा दयाल तिवारी ,कृष्णा पांडेय,डा पी के विस्वास , जनार्दन मिश्रा, राजेंद्र गिरी, ऋषिभुषण तिवारी, अविनाश तिवारी अजय पटेल ,आदि लोग मौजूद रहे।

---

# चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा में युवक की गला काटकर हत्या

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

चिलवाताल थाना क्षेत्र के नकहा नंबर 1 में मोती लॉन मैरिज हॉल के पीछे अनिल गुप्ता नाम के एक युवक की गला रेट कर हत्या कर दी गई और लाश को नाली में फेंक दिया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात कातिलों की तलाश में जुट गई है। बुधवार की सुबह 7ः00 बजे स्थानीय लोगों ने आखा नंबर एक मोती लान के पीछे खून से सनी हुई एक युवक की लाश को देखकर चिलुआताल पुलिस को खबर दिया। मौके पर पहुंच पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने लाश की शिनाख्त की कोशिश की तो मालूम हुआ कि मृतक यादव टोला नकहा नंबर 1 का रहने वाला अनिल गुप्ता है। अनिल गुप्ता की 3 वर्ष पूर्व शादी हुई थी, डेढ़ साल का बच्चा है। 6 भाइयों में चौथे नंबर पर था। मृतक के परिजनों का कहना है कि किसी से किसी प्रकार की कोई रंजिश या दुश्मनी नहीं थी। मृतक की बरगदवा में कपड़े की दुकान है। अज्ञात लोगों ने मृतक अनिल गुप्ता की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की और लाश को नाली में फेंक दिया। पुलिस कातिलों की तलाश में लगी हुई है।



### बोले एस एस पी- कातिल शीघ्र होंगे सलाखों के पीछे

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने थानाध्यक्ष को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कातिल को शीघ्र सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए।

---

# छठ पूजा के लिए तरकुलहा मंदिर में विशेष तैयारी, घाटों की हुई सफाई

**जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा**



हर साल की तरह इस बार भी चौरी चौरा स्थित प्रसिद्ध देवी तरकुलहा मंदिर में छठ पूजा को लेकर व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मेला मालिक अविजित जायसवाल लवी की अगुवाई में मंगलवार को मंदिर परिसर और छठ घाटों की सफाई की गई। इस दौरान घाटों और तालाब को भी साफ किया गया, ताकि पूजा अर्चना में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

अविजित जायसवाल लवी ने बताया कि इस पर्व को लेकर विशेष रूप से महिलाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्था की जा रही है, क्योंकि यह व्रत उनके लिए अत्यंत कठिन और पवित्र होता है। उन्होंने कहा कि पूजा स्थल तक पहुंचने के रास्ते में लाइटिंग और बैरिकेटिंग की व्यवस्था भी दुरुस्त की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा हो सके।

यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा के लिए आते हैं। प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है, और सुरक्षा की दृष्टि से अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो।

छठ पूजा के लिए तैयारियाँ जोरों पर हैं और श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि वे इस महत्वपूर्ण पर्व को श्रद्धा और भक्ति के साथ मना सकें।

---

# महराजगंज जेल में बंद विधायक से मुलाकात करने पहुँचे सपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने बुधवार को जिला कारागार में कानपुर की सीसामऊ सीट से विधायक इरफान सोलंकी से मुलाकात की। विधायक सोलंकी वर्तमान में कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा काट रहे हैं। पांडेय के साथ समाजवादी पार्टी के कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

मुलाकात के दौरान पांडेय ने विधायक के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लिया और उनकी व्यक्तिगत स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि विधायक जेल मैनुअल के हिसाब से कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। माता प्रसाद पांडेय ने कहा, ÷जेल मैनुअल के अनुसार कुछ कष्ट होना स्वाभाविक है। हम विधायक सोलंकी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने और उनके मनोबल को बढ़ाने आए हैं साथ ही, नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि इरफान सोलंकी की पत्नी आगामी चुनाव में प्रत्याशी के रूप में उतरने वाली हैं, और उन्होंने विश्वास जताया कि सपा की यह उम्मीदवारी मजबूत साबित होगी। पांडेय ने दावा किया कि जनता का समर्थन सपा के साथ है और उन्हें उम्मीद है कि सोलंकी की पत्नी चुनाव में जीत दर्ज करेंगी।



गौरतलब है कि इस मुलाकात के दौरान समाजवादी पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी पांडेय के साथ जिला कारागार, धनेवा धनेई पहुंचे।

वरिष्ठ सपा नेता दिलीप शुक्ला को देख उनका हाल चाल जाना व उन्हें बधाई दी।

इस दौरान पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सुशील टिबड़ेवाल, दिलीप शुक्ला, विद्यासागर यादव, राजेश यादव, श्रीपति आजाद, प्रफुल्ल यादव बबलू भारती, विन्द्रेश साहित विभिन्न लोग मौजूद रहें।

---

# एमसीए पब्लिक स्कूल में तीसरे दिन खेलकूद महोत्सव का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर**

उपनगर गोला के सुअरज पब्लिक स्कूल में तीसरे दिन खेलकूद महोत्सव का आयोजन अत्यंत धूमधाम से किया गया। इस भव्य खेलकूद कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया।प्रतियोगिता के आयोजन में प्रमुख खेलों के रूप में कबड्डी खो खो डिस्कस थ्रो रिले रेसऔर बैडमिंटन का समावेश था। शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने उद्घाटन सत्र में इन खेलों के शारीरिक मानसिक और सामूहिक विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया।

प्रतियोगिता के दौरान खेलों के संचालन की जिम्मेदारी पीटीआई जितेन्द्र यादव प्रीति तिवारी और शैलेन्द्र सिंह ने सुसंगत तरीके से निभाई।मैदान पर निरंतर जोश और उत्साह का संचार करते हुए मुकेश घनश्याम और वीरेंद्र ने जीवंत और आकर्षक कमेंट्री द्वारा दर्शकों को लगातार जोड़े रखा।खेल परिणामों के स्कोरर के रूप में रजनी गणेश और अनीता ने पूरी तन्मयता से अपने कर्तव्यों का पालन किया।




बुधवार के प्रमुख खेलों के परिणाम इस प्रकार रहे।बैडमिंटन (सीनियर गर्ल्स में ब्लू हाउस ने ऐतिहासिक जीत हासिल की।खो खो जूनियर में रेड हाउस ने प्रवीणता का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की।खो खो सीनियर में ब्लू हाउस ने अपना दबदबा स्थापित किया और जीत दर्ज की।कबड्डी सीनियर ब्वॉयज में ग्रीन हाउस ने खेल के प्रति अपनी निपुणता प्रदर्शित करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया।रिले रेस में ब्लू हाउस ब्वॉयज और रेड हाउस गर्ल्स ने सामूहिक उत्साह और संकल्प से विजय प्राप्त की डिस्कस थ्रो में अमन ने पहले स्थान पर कब्जा किया।सनी ने दूसरे स्थान पर प्रतिष्ठा प्राप्त की।दुर्गेश ने तीसरे स्थान पर आकर अपनी क्षमता का परिचय दिया।100मीटर दौड़ में अमन और दुर्गेश ने जीत हासिल की। खेलकूद महोत्सव की सफलता में हाउस मास्टर्स विद्या ब्रिजेश सिद्धार्थ सुब्रत खुशबू चंद शिम्पी काजल और राधा का अत्यधिक योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन और समर्पण के कारण खेलों का आयोजन अत्यधिक व्यवस्थित और सफल रहा।सभी विजेता विद्यार्थियों को उनके समर्पण और उत्कृष्टता के लिए हार्दिक बधाई दी गई।

# संगम स्थित छठ घाट पर विशेष आयोजन शहर के सभी छह घाटों पर स्वच्छता और जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



नगर निगम यहाँ के घाटों और शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।छठ पर्व के अवसर पर प्रयागराज नगर निगम ने गंगा-यमुना के घाटों की स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है।इसके तहत सात नवम्बर को संगम स्थित छठ घाट पर सुबह 9 बजे से विशेष आयोजन किया जाएगा।इन गतिविधियों में स्थानीय लोग और श्रद्धालु अपनी भागीदारी निभा सकते है।जन सहयोग से कलश और रंगोली बनाई जायेगी जिसके जरिए स्वच्छता का सन्देश दिया जाएगा।इस आयोजन का एक मुख्य आकर्षण हस्ताक्षर अभियान होगा जिसमें लोग स्वच्छता और प्लास्टिक फ्री शहर बनाने का संकल्प लेंगे और हस्ताक्षर करेंगे।इन हस्ताक्षरित कपड़े के बैनर से थैले बनवाकर श्रद्धालुओं और घाटों पर मौजूद दुकानदारों को मुफ्त में बांटा जाएगा।इस तरह से प्लास्टिक के थैलों का विकल्प के रूप में इसे देकर घाटों पर प्लास्टिक कचरे को कम करने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर गणेश केसरवानी सपरिवार उपस्थित होंगे।उनके साथ ही मंडलायुक्त विजय विश्वास जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मंदार नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग शामिल होंगे।वही आठ नवम्बर को सभी घाटों पर स्वच्छता अभियान के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस दिन घाटों की सफाई के लिए नगर निगम के कर्मचारी और स्थानीय स्वयंसेवी संगठन मिलकर काम करेंगे।यह स्वच्छता अभियान घाटों के आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर केंद्रित होगा। जिसमें कचरे को एकत्र करके उसका निपटान किया जाएगा।इस दौरान घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा की स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।पर्व से एक दिन पहले बुधवार छः नवम्बर को शहर के सभी घाटों पर सफाई करने के साथ ही बलुआघाट पर विशेष अभियान चलाया गया।इसके तहत सफाई मित्रों के साथ घाट की सफाई के लिए श्रमदान किया गया।हर दूकान दस्तक अभियान के तहत घाट के आसपास के दुकानदारों से पर्व को स्वच्छ पवित्र और प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की गई।हाथों मे%स्वच्छ महाकुम्भ,स्वच्छ प्रयागराज %आओ मिलकर संकल्प करे। पॉलीथीन का उपयोग बंद करे %पर्यावरण से नाता जोड़ो पॉलीथिन का उपयोग छोड़ नारे लिखीं तख्तियों के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान जोनल अधिकारी श्याम कुमार सिंह पार्षद सतीश केसरवानी सीएफएसआई ज्ञानेन्द्र सिंह एसएफआई पूजा सिंह एसएफआई रूपेन्द्र भास्कर सहित तमाम सफाई मित्र और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। नगर निगम का उद्देश्य है कि गंगा नदी की पवित्रता को बनाए रखते हुए शहर को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान किया जाए।छठ पूजा के अवसर पर किए जा रहे इस जागरूकता अभियान में प्रशासन की श्रद्धालुओं और स्थानीय जनता से अपील है कि वे इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और गंगा में किसी भी प्रकार का कचरा न डाले।इस अभियान की सफलता से न केवल गंगा की स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि लोगों में नदी की पवित्रता को बनाए रखने के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।हम सब का उद्देश्य प्रयागराज को सुन्दर और स्वच्छ बनाना है।

# छठ पूजा के दृष्टिगत महापौर द्वारा किया गया घाटों का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



आज दिनांक06-11-2024 को उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी महापौर द्वारा छठ पूजा के दृष्टिगत नये पुल के नीचे का घाट राम घाट संगम नोज दशासुमेध घाट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय पार्षद संजय ममगई जोनल अधिकारी रमेश पाण्डेय मेला प्रबन्धक एस0 डी0 एम0 मेला आदि उपस्थित रहे।नये पुल के नीचे के घाट पर नगर निगम की जे0सी0बी0 व पोकलैड द्वारा दरेशी का कार्य किया जा रहा था तथा सीढ़ियों की सफाई का कार्य चल रहा था। महापौर जी द्वारा जल पुलिस को उक्त स्थान पर बैराकेटिंग किये जाने के आदेश दिये गये।संगम नोज पर मेला प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जा रही थी राम घाट पर व्यवस्था सही पायी गयी अस्थाई प्रकाश की व्यवस्था की गयी थी।तथा अस्थाई चेंजिग रूम स्थापित किया गया है। महापौर द्वारा स्नान घाट पर बैराकेटिंग व बालू की बोरियॉ लगाने के आदेश मेला प्रबन्धक को दिये गये।दशासुमेध घाट पर मेला प्रशासन द्वारा घाट निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।जिस कारण उक्त घाट पर कोई व्यवस्था नहीं पायी गयी।घाट के एक तरफ थोड़ी सी जगह पायी गयी जहॉ पर दरेशी आदि कराकर सुरक्षा सहित व्यवस्था कराने अस्थाई प्रकाश व्यवस्था व घाट पर खड़ी मशीनों को हटाते हुये घाट एप्रोच मार्ग को सही करने के आदेश दिये गये।महापौर द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पूर्व वर्षो की भॉति मेले से पूर्व सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय जैसे घाट को नहाने योग्य तैयार कराना समुचित सफाई चूने का छिड़काव फागिंग घाटो पर अस्थाई मार्ग प्रकाश व्यवस्था शुद्व पेयजल की आपूति टैंकर मोबाईल टायलेट, चेंजिंग रूम का निर्माण बालू की बोरी लगाकर घाट की व्यवस्था आदि।उक्त में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

# पुलिस अफसरों ने महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर किया विचार विमर्श



जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

कुम्भ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु यमुना बैंक रोड कीडगंज अन्तर्गत यमुना नदी के तट पर नवनिर्मित रामघाट का भ्रमण किया गया।नवनिर्मित घाट पर जूना अखाड़ा मौजगिरि आश्रम के प्रमुख महंत हरि गिरी महाराज व आश्रम के अन्य साधु-संतों की उपस्थिति में अधिकारीगण द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। जूना अखाड़ा मौजगिरि आश्रम के प्रमुख महंत हरि गिरी महाराज के साथ कुम्भ मेला में अखाड़ों के व्यवस्थापन को लेकर विचार विमर्श किया गया। अधिकारीगण द्वारा यमुना बैंक रोड यमुना तट का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।उक्त भ्रमण/निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला राजेश द्विवेदी व अन्य प्रशासनिक पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने रास्ते का किया निरीक्षण

# ग्राम सिकरो में उपजिलाधिकारी व तहसीलदार कोरांव ने विवादित रास्ते का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



तहसील कोरांव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सिकरो में विवादित रास्ते का निरीक्षण करने पहुंची उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने आवागमन को सुलभ बनाने के लिए हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।वही गांव के लोग भी उपस्थित रहे इस कार्य को लेकर उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह व तहसीलदार कोरांव को गांव के लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।और गांव के लोगों ने उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह के कार्यों से खुश नजर आए।वही उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने गांव के लोगो से भी अपील करते हूए कहा कि हमारे द्वारा पीड़ित परिवारो को न्याय मिलेगा और किसी भी तरह भू माफियाओं को बक्शा नहीं जाएगा उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।बताते चले कि उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने लगातार कोरांव क्षेत्र में विवादित स्थलों का स्वयं औचक निरीक्षण कर हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही है।

# कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर बहन से रेप

जन एक्सप्रेस। आगरा

थाना ट्रांस यमुना अंतर्गत टेढ़ी बगिया में सौतेले भाई ने बहन के साथ दरिंदगी की। भाई बहन को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ तीन दिन तक रेप करता रहा। जब किशोरी की तबीयत बिगड़ी तो उसकी मां को पता चला। मां के पूछने पर उसने पूरी कहानी बताई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती का मेडिकल कराया है। पीड़िता की मां ने बताया कि टेढ़ी बगिया के रहने वाले साबिर से उनका दूसरा निकाह हुआ है। उनकी तीन बेटियां हैं। एक की शादी हो चुकी है। उनके दूसरे पति को भी दो बेटे हैं। वो अपनी दोनों बेटियों को साथ लेकर रहती हैं। दीपावली से पहले उनके पति के बड़े बेटे ने 14 साल की छोटी बेटी को कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पिला दी। इसके बाद उसके साथ रेप किया। लगातार तीन दिन तक उसके साथ रेप किया गया। दीपावली के बाद बेटी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। वो बेटी को लेकर मायके आ गई। यहां पर डॉक्टर को दिखाया। पीड़िता की मां का कहना है कि डॉक्टर ने बेटी की हालत देखकर गलत होने की आशंका जाहिर की। बेटी से पूछा तो वो बहुत डरी हुई थी। घर जाकर जब उसे काफी समझाया तो उसने पूरी कहानी बताई। उसने बताया कि भाई ने किसी को बताने पर मां और दोनों बहनों को मारने की धमकी दी थी।

# बीच सड़क पर मारपीट गाड़ी टकराने पर ड्राइवर आपस में भिड़े

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** वाहन टकराने के बाद वाहन चालक आपस में भिड़ गए। वाहन चालकों में बीच सड़क जमकर लात घूंसे चले। घटना मंगलवार देर रात की है। मामला ताजगंज थाना क्षेत्र के शंकर ग्रीन अपार्टमेंट के नजदीक का है। बताया जा रहा है कि मार्ग पर टाटा मैजिक जा रही थी। तभी एक बाइक सवार की टाटा मैजिक से टक्कर हो गई। इसके बाद बाइक सवार ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते सड़क पर जंग का मैदान बन गया। वाहन चालकों के बीच मारपीट शुरू हो गई। वाहन चालकों के साथ मौजूद महिलाओं में चीख पुकार मच गई। मारपीट होते देख सड़क पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास भी किया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ। सड़क पर मारपीट होते देख मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घटना का वीडियो बना लिया। बुधवार को सड़क पर हो रही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में मारपीट के साथ महिलाओं की चीख पुकार सुनाई दे रही है।

# नवीनतम औपन्यासिक रचना 'कैकेयी' भेंट करते हुए पण्डित कृष्ण देव मिश्र



जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

भौतिकता की चकाचौंध में दिग्भ्रमित समाज की बिखरती परम्पराओं को अपने सत्साहित्य से दिशानिर्देश का भगीरथ प्रयास कर रहे नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा के धनी ग्राम भगेसर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार पण्डित कृष्ण देव मिश्र %कृष्ण% की नवीनतम औपन्यासिक रचना %कैकेयी% आज पाठकवृन्द के लिए उपलब्ध हो गयी है। उपन्यासकार पण्डित कृष्ण देव मिश्र ने आज गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव के शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा को ÷कैकेयी÷ भेंट करते हुए बताया कि इस रचना में जहां माता कैकेई को नयी दृष्टि से देखने का सत्प्रयास किया गया है, वहीं समाज में फैली अनेक भ्रान्तियों का सप्रमाण निराकरण किया है। इसके लिए मैंने विभिन्न आर्ष ग्रन्थों से साठ से अधिक प्रमाण प्रस्तुत किये हैं। यह कृति आज जहां कैकेयी की भूमिका का निर्वाह कर रही महिलाओं को आत्मबल प्रदान करेगी, वहीं नारी समाज का उचित मार्गदर्शन कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उक्त उपन्यास की डॉक्टर सन्त लाल मौर्य गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज प्रवक्ता हिन्दी, कवि सुशील शुक्ला हर्ष, गणेश मिश्र, और क्षेत्र के विद्वानों ने प्रशंसा की।

# असम की युवती से गैंगरेप करने वाले गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** किरावली में असम की एक युवती को बंधक बनाकर गैंगरेप किया गया। युवती को शादी का झांसा देकर युवक दिल्ली से लेकर आया था। यहां पर युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रेप किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया- वह गंगानगर, राजस्थान अपनी बड़ी बहन के घर आई थी। तीन दिन पहले गंगानगर से दिल्ली पहुंची। उसे केरल अपने भाई के पास जाना था। स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करने के दौरान उसे पुणे निवासी मनोज गायकवाड़ मिला। उसने उसे गुमराह करते हुए केरल की जगह दूसरी ट्रेन में बैठा दिया। वो भी उसके साथ ट्रेन में बैठ गया। उससे प्यार भरी बातें करने लगा। उसने शादी का झांसा भी दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया-आरोपी युवक ने उसे आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर उतार लिया। वहां से वो उसे किरावली के गांव भालरा में अपने दोस्त कान्हा के घर ले गया। दो दिन युवती को दोस्त के घर पर ही रखा।

# महंगे मोबाइल फोन के शौक ने दोस्तों को बनाया लुटेरा

जन एक्सप्रेस। आगरा

■ ऑटो में बैठकर करते थे लूटपाट; पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा

ऑटो गैंग लूट और स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने सरगना समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त किया जाने वाला ऑटो बरामद किया गया है। महंगे मोबाइल फोन रखने के शौक ने दो दोस्तों को अपराधी बना दिया। दोनों मिलकर पहले लूट करते । फिर लूटे के माल से मिली रकम को आपस मे बराबर बराबर बांट लेते। ये सिलसिला काफी समय से चल रहा था। दोनों दोस्त बेहद पेशेवर अंदाज में वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस भी परेशान थी। बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। इसी बीच गैंग ने 31 अक्टूबर को दोनों दोस्तों ने हरीपर्वत थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटिया आजम खां क्षेत्र से अपने घर की तरफ जा रहे युवक के हाथ से मोबाइल छीना और ऑटो लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने वारदात की जानकारी पुलिस को दी। थाने में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई। सुराग मिलने के बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों मनीष कुशवाहा और अर्जुन कुशवाहा निवासी एत्माद्दौला को आरटीओ मोड़ के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त किए जाने वाला ऑटो बरामद किया है। आरोपियों ने बताया कि बरामद हुआ मोबाइल फोन उन्होंने 30 अक्टूबर को मोतीलाल नेहरू रोड से एक बुजुर्ग के हाथ से छीना था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास पुलिस के सामने आया है। वारदात के खुलासे के बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस ये पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों आरोपी अब तक मोबाइल लूट की कितनी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ये भी पता लगा रही है कि लूटे गए मोबाइल को दोनों आरोपी कहां खपाते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी बेहद पेशेवर अंदाज में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देते थे। दोनों दोस्त शाम के वक्त सुनसान रहने वाले स्थानों पर ऑटो लेकर घूमते थे। जैसे ही कोई अकेला व्यक्ति फोन पर बात करता हुआ नजर आता था। ऑटो में बैठा एक दोस्त उस व्यक्ति से कुछ कदम पीछे उतर जाता था। ऑटो सवार दोस्त ऑटो लेकर आगे निकल जाता था।धीमी रफ्तार से चलता था। जैसे ही दूसरा दोस्त मोबाइल लूटकर भागता था। ऑटो उसके पास आकर रुकता था। आरोपी उसमें बैठकर फरार हो जाता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देशी शराब की दुकान पर बीती रात को चोरों ने सात पेटी व नगद रुपए चुरा ले गए

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत देवघाट देशी शराब की दुकान पर बीती रात को चोरो ने सात पेटी शराब व नगद रुपए और स्कैनर उठा ले गए ।सुचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर कोरांव नितेन्द्र कुमार शुक्ल थाना एसाई मनोज सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया पुलिस ने सेल्समैन प्रमोद कुमार सिंह व अनिल सिंह से पुछताछ कर रजिस्टर का मिलान किया गया तो हिसाब के रजिस्टर पर नवम्बर महिने का कोई भी हिसाब नहीं मिला ।वही पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से भी पुछताछ किया ।एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पुलिस टीम को दिए आवश्यक निर्देश ।सेल्समैन का कहना है कि पैसे के लिए मालिक को फोन किया गया था लेकिन मालिक ने पैसे लेने के लिए नहीं आए इसलिए हम लोगो द्वारा सारा पैसा देशी शराब की दुकान पर रखकर अपने घर चले गए ।जब सुबह हुआ तो किसी ने फ़ोन के माध्यम से बताया कि देशी शराब की दुकान का ताला खुला हुआ है ।तभी हम लोगों को जानकारी हुई ।देशी शराब की दुकान के अन्दर लगे सी सी टी वी कैमरे को भी तोड दिया गया।

# तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ ने स्कूली बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में किया जागरूक




जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊंजीपारा, रोहनपारा विकासखंड भीटी में छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया छात्रों को तंबाकू और धूम्रपान सेवन से हो रहे बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए प्रधानाचार्य राम प्रकाश ने छात्रों को तंबाकू न सेवन करने की शपथ दिलाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को बताया कि लाखों लोग प्रतिवर्ष धूम्रपान और तंबाकू से बने उत्पाद के सेवन से कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहा है और उनकी असमय मौत हो जा रही है कार्यक्रम में योगेंद्र प्रसाद, रामाशीष,कुसमांजलि मिश्रा, रत्नेश्वरी वर्मा,वंदना यादव, रचना सिंह,आशुतोष मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुनि विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर देखने जनकपुर पहुंचे राम और लक्ष्मण

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद के सम्मन पुर थाना क्षेत्र में आदर्श रामलीला समिति सीहमऊ मोलनापुर गांव में मंगलवार को सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। मंचन का शुभारंभ मां दुर्गा और मां काली की झांकी से की गई परशुराम लक्ष्मण संवाद देखने के लिए पंडाल में देर रात तक दर्शको की भारी भीड़ जमी रही। लीला मंचन के दौरान राजा जनक की प्रतिज्ञा के बाद भगवान शिव के दिए गए धनुष को स्वयंवर में रखा गया। इस दौरान आए राजाओं ने शिव धनुष उठाने की कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हुए। ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर राम ने शिव धनुष उठाया। प्रत्यंचा चढ़ाते ही वह टूट गया। धनुष भंग होते ही परशुराम ने पहुंचकर क्रोध किया।
स्थानीय कलाकारों ने रामलीला मंचन में अभिनय करते हुए दर्शाया कि राक्षसों का वध करने के बाद राम और लक्ष्मण मुनि विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर देखने पहुंचते हैं। लेकिन बारी-बारी से सभी राजा जोर आजमाइश के बाद शिव धनुष को उठाना तो दूर हिला भी नहीं सके । इस पर निराश होकर राजा दशरथ कहते हैं कि ÷ हे देश देश के राजगण में किसे कहूं बलशाली है मुझको तो यह लगता है पृथ्वी वीरों से खाली है÷राजा जनक के यह वचन सुन लक्ष्मण क्रोधित हो जाते हैं कहते हैं कि शिव धनुष क्या चीज है गुरु की आज्ञा मिले तो पूरा ब्रह्मांड ही उठा लूं। इस पर मुनि विश्वामित्र लक्ष्मण का क्रोध शांत करते हैं। और राम को शिव धनुष उठाने के लिए आदेश देते हैं। गुरु की आज्ञा पाकर राम ने शिव धनुष भंग कर दिया। शिव धनुष टूटते ही स्वयंवर में पहुंचकर परशुराम ने क्रोध किया। यहां लक्ष्मण के साथ परशुराम का जोरदार संवाद होता है।
लक्ष्मण को शांत कर राम शिव धनुष तोड़ने की बात स्वीकार करते हैं। सच्चाई जानने के बाद भगवान परशुराम लौट जाते हैं। इसके बाद सीता ने श्री राम के गले में वरमाला पहनाई। श्रद्धालुओ ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। सचिन यादव (राम), विजय चौहान (लक्ष्मण), प्रहलाद यादव (परशुराम), रामनयन राजभर (जनक), एवं राम तीरथ राजभर ने रामलीला में विश्वामित्र का अभिनय किया। स्थानीय कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को लोगों ने खूब सराहा। अध्यक्ष राम जगत राजभर, कोषाध्यक्ष रक्षा राम यादव, प्रबंधक पवन कुमार साहू, डायरेक्टर राम अनुज यादव, विपिन मौर्य, मनबोध मौर्य, सत्यनारायण यादव, जोगिंदर यादव, मंच संचालक शिव प्रसाद उपाध्याय आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# फिल्मी अंदाज में रोडवेज बस में लूटपाट

जन एक्सप्रेस। आगरा

पिनाहट थाना क्षेत्र में कार सवार युवकों ने मंगलवार रात रोडवेज बस को रोक लिया। इसके बाद बस चालक और परिचालक से मारपीट कर रुपये लूट लिए। मामला पिनाहट थाना क्षेत्र के भदरौली का है। बस चालक भूरा सिंह ने बताया कि रात के वक्त वो बस लेकर आगरा से बाह जा रहे थे। भदरौली चौकी से आगे निकलते ही कार सवार युवकों ने उनका पीछा किया। कुछ दूर निकलने के बाद कार सवार युवकों ने फिल्मी स्टाइल में कार को बस के आगे लगा दिया। बस के ब्रेक लगाते ही कार सवार युवक बस में चढ़ आए।
युवकों ने बस चालक भूरा सिंह से मारपीट शुरू कर दी। ये देख सवारियों ने दहशत फैल गई। बस में चीख पुकार मच गई। चालक भूरा सिंह का आरोप है कि कार सवार युवक उनके पास मौजूद पांच हजार की नकदी और परिचालक के पास मौजूद नकदी छीन ले गए हैं। मारपीट में बस चालक भूरा सिंह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के बाद चालक परिचालक दहशत में हैं। उनका कहना है कि सामने आने पर वो हमलावर युवकों को पहचान लेंगे। चालक ने बताया कि युवकों का बेखौफ अंदाज देखकर पहले तो बस में बैठी सवारियां सहम गई थी। इसी बीच बस में बैठे कुछ युवकों ने हमलावरों का विरोध शुरू किया तो अन्य सवारियों में भी हिम्मत आ गई। उन्होंने हमलावर युवकों को घेरना शुरू किया। मामला बिगड़ते देख हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पिनाहट थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बस चालक भूरा सिंह ने मिली तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन सत्र की हवन पूजन के साथ हुई शुरुआत

- जिलाधिकारी संजय सिंह ने झंडी दिखाकर सफारी वाहनों को किया रवाना
- पर्यटकों के लिए खुल गए पीटीआर के द्वार, पहले दिन 300 से अधिक सैलानियों ने की सैर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





बुधवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन सत्र की हवन पूजन के साथ शुरुआत हो गई। मुस्तफाबाद गेस्टहाउस परिसर में हुए कार्यक्रम के दौरान डीएम ने झंडी दिखाकर सफारी वाहनों को रवाना किया। वहीं उन्होंने नवनिर्मित बुकिंग कांउटर की भी फीता काटकर शुरुआत कराई। पहले दिन स्कूली बच्चों समेत 300 से अधिक सैलानियों ने निशुल्क सफारी वाहनों से चूका बीच तक सैर की। पर्यटन सत्र के पहले दिन सैलानियों में खासा उत्साह देखा गया।

बताते चले की देश-दुनिया में बाघों के मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व बुधवार को सैलानियों के लिए खोल दिया गया। इसके लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन पिछले कुछ दिन तैयारियों में जुटा हुआ था। मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस परिसर में हवन पूजन के साथ नए पर्यटन सत्र की विधिवत रूप से शुरुआत की गई। हवन पूजन के दौरान बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत डॉ.आस्था अग्रवाल, डीएम संजय कुमार सिंह, मुख्य वन संरक्षक बरेली वृत्त/फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह, डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह मौजूद रहे। समारोह के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व को जनपद की अमूल्य निधि बताया। कहा कि पीटीआर को बेहतर बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है। डीएम ने कहा कि पीटीआर बाघों के साइटिंग के लिए मशहूर है। उन्होंने नेचर गाइडों एवं चालकों से कहा कि पीटीआर में आने वाले सैलानियों से अच्छा बर्ताव किया जाए। मुख्य वन संरक्षक बरेली वृत्त/फील्ड डायरेक्टर ने पीलीभीत के जंगलों के इतिहास पर प्रकाश डाला। भाजपा के प्रफुल्ल मिश्रा ने संबोधन के दौरान कुछ सुझाव दिए। पूरनपुर विधायक प्रतिनिधि रितुराज पासवान ने भी उपलब्धियों पर चर्चा की। डिप्टी डायरेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के कुछ सुझावों पर भविष्य में काम करने की बात कही।

डीएम ने नवनिर्मित बुकिंग कांउटर का फीता काटकर शुरुआत कराई। इसके बाद डीएम ने झंडी दिखाकर सफारी वाहनों के संचालन की शुरूआत की। समारोह में मौजूद परिषदीय स्कूलों के बच्चों समेत अन्य लोग सफारी वाहनों से चूका बीच पहुंचे। पहले दिन समारोह में मौजूद लोगों को निशुल्क सफारी वाहनों से सैर कराई गई। चूका बीच पहुंचे स्कूली बच्चों समेत अन्य सैलानियों ने हरे-भरे जंगल के बीच बने चूका बीच में प्रकृति को बेहद करीब से देखा और जाना। चूका बीच में खुली कैंटीन पर जमकर लोगों ने स्नैक्स समेत खानपान की वस्तुए खरीदें। चूका बीच के सफर को यादगार बनाने के लिए विभाग की ओर से चूका बीच में सोबेनियर शॉप भी खोली गई। यहां सैलानियों ने वाइल्ड लाइफ से जुड़ी टीशर्ट, कैंप और अन्य सामान की खरीदारी की। सफारी के दौरान सैलानियों को हिरन, जंगली सुअर, मोर समेत अन्य वन्यजीवों के दीदार हुए। पहले दिन स्कूली बच्चों समेत 300 से अधिक सैलानियों ने निशुल्क सफारी वाहनों से चूका बीच की सैर की। चूका बीच पहुंचे सैलानियों ने खासा उत्साह दिखाई दिया।



### दिल्ली, नैनीताल, गौतमबुद्धनगर से पहुंचे सैलानी

बुधवार को पर्यटन सत्र के पहले दिन दिल्ली की पूजा मेहरिश ने सफारी वाहन की पहली बुकिंग कराई। इसके अलावा नैनीताल, गौतमबुद्धनगर, बहराइच, लखीमपुर समेत कुछ अन्य जनपदों के करीब 50 सैलानियों ने बुकिंग कराने के बाद सफारी वाहनों से चूका बीच समेत पीटीआर की सैर की। इस दौरान इन सैलानियों ने प्रकृति समेत कुछ वन्यजीवों की तस्वीरों को भी कैमरे में कैद किया। उधर, नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत, नगर पालिका अध्यक्ष पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता, डीएम, फील्ड डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी सफारी वाहनों से चूका बीच पहुंचे। चूका बीच पहुंचे अफसरों एवं जनप्रनिधियों ने यहां बनी हटों समेत अन्य खूबसूरत नजारों के करीब से देखा। वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों ने फोटोग्राफी भी की। चूका बीच में सैलानियों में सेल्फी लेने का खासा क्रेज देखा गया। अधिकांश सैलानी चूका बीच में हरी-भरी वादियों के साथ सेल्फी लेते देखे गए। इसमें परिवार समेत आए सैलानी भी पीछे नहीं रहे। कोई शारदा सागर डैम के नजदीक तो कोई वाटर हट पर सेल्फी लेते देखा गया।

## प्रेमी के दूसरी जगह शादी करने पर जहर खाकर थाने पहुंची युवती, पूरी तरह स्वस्थ




- आठ माह पहले दर्ज कराई थी प्रेमी के खिलाफ एफआईआर, पुलिस ने लगा दी फाइनल रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के थाना अमरिया क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मगर बुधवार को जब जानकारी मिली कि आरोपी युवक दूसरी जगह शादी कर रहा है। इस पर युवती थाने पहुंची और पुलिस पर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की पुलिस ने समझाना चाहा तो युवती ने थाने आने से पूर्व जहर खा लेने की बात की पुलिस के समझाने पर युवती ने थाने आने से पूर्व जहर खा लेने की बात भी कही। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में युवती को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालांकि युवती पूरी तरह से स्वस्थ है।

थाना अमरिया क्षेत्र के एक गांव की निवासी युवती ने करीब आठ माह पूर्व इसी थाना क्षेत्र के निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद कोई साक्ष्य न मिलने के कारण मुकदमे में पुलिस ने तीन माह पूर्व फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। फाइनल रिपोर्ट लगने की जानकारी होने पर युवती ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। बुधवार को युवती को जानकारी मिली कि आरोपी युवक दूसरी जगह शादी कर रहा है। इस पर युवती थाने पहुंची और पुलिस पर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की पुलिस ने समझाना चाहा तो युवती ने थाने आने से पूर्व जहर खा लेने की बात कही। चंद मिनट बाद ही युवती की हालत बिगड़ने लगी।

इसके बाद पुलिस युवती को सरकारी गाड़ी से लेकर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची।

जहां उसका इमरजेंसी में इलाज कराया जा रहा है। इतना ही नहीं युवती के पास पुलिस को लगा दिया गया है। कुछ देर बाद पुलिस को शक हुआ कि युवती के दुपट्टे में कुछ बंधा हुआ है। इस पर महिला सिपाही ने चेक किया। तो उसके दुपट्टेमें कीटनाशक दवा बंधी हुई मिली। जिसको पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ब्रजवीर सिंह ने बताया युवती के मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई है,अन्य आरोपों की जांच की जा रही है।

# औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को सुनिश्चित करने के लिए निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना लागू

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शासन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम अनुभाग -2 के पत्र 15 फरवरी 2023 के द्वारा प्रत्ये जनपद में औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को सुनिश्चित कराने हेतु निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना लागू की गयी है, जिसके निजी प्रवर्तक के द्वारा के आधार पर संचालित किया जा सकेगा। वर्तमान में प्रदेश में ऐसी लगभग 95 लाख औद्योगिक इकाईया है, जिन्हें और अधिक बढ़ाया जाना प्रदेश के हित में हैं। शासन के प्लेज स्कीम के तहत जिले में 10 से 50 एकड की निजी जमीन पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का फैसला लिया है। इसके लिए इच्छुक एक व्यक्ति या इससे अधिक व्यक्ति समूह बनाकर जमीन दे सकेगे। प्रति एकड पर शासन की ओर से बाउड्री, पार्क, सड़क और निर्माण के लिए 50 लाख रूपये का लोन छः साल के लिए एक प्रतिशत ब्याज पर दिया जायेगा। योजनान्तर्गत निजी प्रवर्तकों द्वारा विकसित किये गये औद्योगिक पार्कों में न्यूनतम प्रति एकड 01 इकाई को भूमि आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा तथा कुल विकसित औद्योगिक प्रयोजन की भूमि से 75 प्रतिशत भूखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाईयों के लिए आरक्षित रखा जायेगा। यदि 10 एकड क्षेत्रफल का औद्योगिक पार्क बनाया जाता है तो उसमें न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाईयो होगी इस प्रकार 25 एकड पर बने पार्क में न्यूनतम 25 इकाईयो होगी। निजी प्रवर्तक द्वारा औद्योगिक पार्क हेतु प्रस्तावित की जा रही भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में बंधक रखा जायेगा। इस योजना में विकसित किया जा रहे निजी औद्योगिक पार्कों के भूखण्डों के आवंटन, संचालन तथा मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं के रख रखाव का सम्पूर्ण दायित्व निजी प्रवर्तक का होगा। इस जमीन पर इकाई स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने पूजी निवेश को आकर्षित करने व अधिकारिक रोजगार दिए जाने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक प्रयास किये जा रहे है। प्लेज पार्क के स्थापना के सम्बन्ध में निजी क्षेत्र के विकासकर्ता को निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र कार्यालय उपायुक्त उद्योग को जमा करना होगा। आवेदनकर्ता को जिलाधिकारी से प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र सहित परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट डीपीआर चार प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा। निजी विकासकर्ता को भूमि के स्वामित्व सम्बन्ध वितरण से मुक्त/प्रस्तावित पार्क के लेआउट प्लान आदि विकास प्राधिकरण/ नगर पालिका को अवशेष सम्बन्धी जमा करना होगा। निजी विकासकर्ता को मुख्य मार्ग से कनेक्टीविटी व पावर लाइनों की सप्लाई के उपलब्धता के बारे में विवरण देना अनिवार्य होगा। निजी विकासकर्ता को 10 एकड से 50 एकड की भूमि पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित मूल्य 100 प्रतिशत अथवा 50 लाख प्रति एकड को 01 प्रतिशत की दर से 03 वर्षो तक साधारण ब्याज दिया जायेगा। वर्ष में 06 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर साधारण ब्याज लिया जायेगा। ब्याज का निर्धारा उपायुक्त उद्योग द्वारा निदेशालय को सूचित करना होगा। संस्तुति के उपरान्त एमएसएमई नीति 2022 के अन्तर्गत स्टाम्प शुल्क के साथ साथ अन्य प्रदत्त सभी सुविधाऐं प्रदान की जायेगी। निजी विकासकर्ता को 1000 के शपथ पत्र पर प्रति एकड 01 इकाई को भूखण्ड आवंटित करने के सम्बन्ध में शपथ पत्र देना होगा। निजी विकासकर्ता को भूमि खरीद पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट एमएसएमई नीति 2022 के अन्तर्गत दी जायेगी। निवेशक का आवेदन पत्र व डीपीआर प्राप्त होने के 07 कार्यदिवस में उपायुक्त उद्योग द्वारा जनपद स्तरीय गठित समिति से परीक्षण के माध्यम से परियोजना की तकनीकी व वित्तीय परीक्षण के उपरान्त स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

# प्राचार्य, सीएमओ समेत अन्य फैकल्टी ने छात्र-छात्राओं को सफेद एप्रिन पहनाकर किया स्वागत





- प्राचार्य और सीएमओ ने मंच पर बुलाकर छात्रों को पहनाई कोट
- डॉक्टर पेशा रोग का इलाज करना ही नहीं, बल्कि मानवता की सेवा करना- डॉक्टर संगीता अनेजा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बुधवार को मेडिकल कॉलेज में नए बैच की शुरुआत होते ही कॉलेज प्रशासन की ओर से पढ़ाई को आए छात्र-छात्राओं की व्हाइट कोट सेरेमनी कराई गई। इस अवसर पर प्राचार्य, सीएमओ समेत अन्य फैकल्टी ने छात्र-छात्राओं को सफेद एप्रीन पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्हें डॉक्टर पेशे से रुबरु कराते हुए अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर रोगों का इलाज नहीं करता है, बल्कि मानव की सेवा करने जितना होता है। इसलिए इस बात को सदैव याद रखें। अगर कोई समस्या होती है, तो तत्काल कॉलेज प्रशासन को अवगत कराएं।पूरनपुर हाईवे पर खाग गांव में बने मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक में बुधवार को व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डा.संगीता अनेजा, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, सीएमएस जिला पुरुष अस्पताल डॉ. रमाकांत सागर रहे। दीप प्रज्जवलित करके शुरुआत की गई। प्राचार्य और सीएमओ ने मंच पर छात्र-छात्राओं को बुलाकर उन्हें सफेद एप्रीन ग्रहण कराई। इसके बाद छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। शपथ लेते समय छात्रों के चेहरों पर सेवा और संकल्प का भाव साफ झलकता दिखाई दिया। प्राचार्य ने कहा कि व्हाइट कोट पहनते ही आपके कंधों पर एक नई जिम्मेदारी आ जाती है। यह कोट चिकित्सा सेवा की पवित्रता और आपके समर्पण को दर्शाता है। सफेद रंग आपको हमेशा यह याद दिलाएगा कि आपका कर्तव्य केवल रोग का इलाज करना नहीं, बल्कि मानवता की सेवा करना है। सीएमओ ने चिकित्सा जगत की चुनौतियों और जिम्मेदारियों के बारे में प्रेरणादायक बातें बताई। कार्यक्रम का संचालन बॉयोकेमेस्ट विभागध्यक्ष डॉ. शिखा सक्सेना, माइक्रोबायोलॉजी विभागणध्यक्ष डॉ.दीपिका वर्मा ने किया। इस मौके पर एनाटॉमी विभागध्यक्ष डॉ.अर्चना सिंह, कम्युनिटी मेडिसन विभागध्यक्ष डॉ.अरुण सिंह, डॉ.जगदंबा शरण, डॉ.श्रेयसी, डॉ.विभूति गोयल, डॉ. ज्योति, डॉ. केएल गुप्ता, डॉ.मानसी सिंह, डॉ.मुकेश, डा.स्नेह सुमन, डॉ.प्रियंका, डॉ.कमलेश मौजूद रहे।

## गोष्ठी में कस्तूरबा गांधी को किया याद, छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

नगर के शफ़ी डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत कस्तूरबा गाँधी के जीवन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएड विभाग के प्रवक्ता रविंद्र पाल सिंह गंगवार ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र कुमार ने कस्तूरबा गाँधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कस्तूरबा गाँधी ने महिला अधिकारों को लेकर महिलाओं को जागरूक किया और उन्होंने महात्मा गाँधी के साथ कई आंदोलनों में भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीए, बीएससी, बीसीए, बीएड और डीएलएड के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रवक्ता मो0 फहीम, चिरंजीव गंगवार, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, मो0 सज्जन, आशीष कुमार, नरेश कुमार, दिगंबर शर्मा, कु0 शोभना शुक्ला आदि प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। समस्त कार्यक्रम अनिल कुमार, कार्यक्रम अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं- हरिपाल लोधी

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। समाजवादी पार्टी 130-विधानसभा बीसलपुर की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी विधानसभा कार्यालय पर संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए बरिष्ठ नेता हरिपाल लोधी ने कहा कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर बैठक कर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी निभाते हुए अभी से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी कार्यकर्ता ईमानदारी के साथ जुट जाए। बैठक में संगठन से संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गए। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट तथा संचालन महासचिव यासीन अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष आफताब आलम अंसारी, समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव विशाल गंगवार, डॉ0 राम मूर्ति गंगवार, बी.डी.प्रजापति, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम प्रताप गंगवार, आरिफ सिद्दीकी, केदारनाथ गौतम, महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीनाक्षी गंगवार, मोहम्मद बलीउल्ला, विनोद दिवाकर, हरपाल बाल्मीकि, सुधा यादव, जीवेन्द्र गंगवार, शाहबाज हसन अंसारी, देवदत्त गंगवार, अवनीश यादव, राहुल सक्सेना, रमेश सिंह, मोहम्मद हनीफ खान, बंटी शर्मा, शिवनंदन मौर्य, आवेश सिंह गुर्जर, लाजपत गंगवार, एजाजुल हसन, भगवत शरण गंगवार, श्रीकृष्ण वर्मा, रूम सिंह यादव आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंग्रेजी भाषा की प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन




जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। बीआरसी में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक स्तर हिन्दी एवं अंग्रेज़ी भाषा की प्रतियोगिताओं का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर हर्षित शर्मा के निर्देशन एवं एआरपी मुईन अहमद खां व दिनेश राव की देखरेख में किया गया। श्रुतलेख, सुलेख, स्पेल बी, कविता पाठ, निबन्ध, क्विज आदि प्रतियोगिताओं में ब्लॉक बीसलपुर के समस्त न्याय पंचायतों के विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें हिंदी श्रुतलेख में प्राथमिक विद्यालय महादेवा की अनमता व प्राथमिक विद्यालय चठिया के कमल, उच्च प्राथमिक विद्यालय के आशीष कुमार एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहिचा की स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेज़ी श्रुतलेख में प्राथमिक विद्यालय हाफिज़नगर बन्नाही के दिवांश गंगवार, प्राथमिक विद्यालय रोहनिया की नैंसी राठौर, उच्च प्राथमिक विद्यालय खंनका के मुदित यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय नरोत्तम नगला की काम्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुलेख में प्रियांश, करिश्मा, राजनब्बू, रीतिका, हिन्दी सुलेख में अनमता, कुलदीप, सचिन सिंह, रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेज़ी कविता पाठ में मुदस्सिर, कीर्ति, रानी शर्मा, बौनी के अंश शुक्ला व हिंदी कविता पाठ में राधा देवी और रोहित वर्मा आदि बच्चों ने बाजी मारी। जीते हुए 40 बच्चों को कॉपी और पेन देकर पुरस्कृत किया गया। एआरपी मुईन अहमद खां, दिनेश राव, शिक्षक संकुल हरीश कुमार, संदीप कुमार, सत्यम गंगवार, ओमपाल, तालिब हुसैन, रोहित कुमार, रवि कुमार, चिराग शिव, शोभना कश्यप आदि अध्यापकों का सहयोग रहा।

## जौनपुर में हत्यारोपी दो भाइयों समेत तीन को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



उत्तरप्रदेश में जौनपुर के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनिल कुमार यादव की अदालत ने 4 वर्ष पूर्व जमीनी रंजिश को लेकर गोली मारकर हत्या करने वाले दो सगे भाइयों सहित तीन आरोपियों को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा श्याम नारायण तिवारी निवासी ग्राम बड़सरा थाना खुटहन ने मुकदमा पंजीकृत करवाया कि 2 जून 2020 को 8ः00 बजे दिन में भूमि विवाद को लेकर उसके पड़ोसी संदीप उर्फ सोनू तिवारी, उसके भाई संजय तिवारी तथा अंबुज तिवारी उसके ट्यूबवेल पर आकर गाली गलौज दे रहे थे, जिसका उसके पुत्र राजेश ने विरोध किया। इससे आक्रोशित होकर संदीप उर्फ सोनू ने असलहे से राजेश के सीने में गोली मार दिया। उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने हत्यारोपी संदीप उर्फ सोनू तिवारी को हत्या व आयुध अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 15 हजार रूपये अर्थ दंड से तथा अंबुज तिवारी व संजय तिवारी को हत्या के मामले में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

# जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने छठ पूजा के घाटों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में छठ पूजा की तैयारियों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों से तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुए घाटों पर साफ-सफाई ,सिल्ट सफाई, घाटों पर की गई व्यवस्था के संदर्भ में जानकारी ली। उन्होने घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था और बैरिकेडिंग बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर कूड़ेदान रखे जाने के निर्देश दिए और इसके साथ ही लोगों से कूड़ेदान का प्रयोग करने की अपील भी की। नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि कि चाईनीज मांझे के बिक्री करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग की तरफ से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष बल तैनात किए गए है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

इस दौरान छठ पूजा समिति के अध्यक्ष ने अवगत कराया कि सिपाह स्थित अचला देवी घाट का रास्ता कई वर्षो से खराब था, काफी प्रयास के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया।

जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के कुशल निर्देशन में सड़क का निर्माण हो चुका है, जिससे पूजन के दौरान अब लोगों को कठिनाई नहीं होगी। उन्होने बैठक में जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, ईओ नगर पालिका पूजा समिति के प्रतिनिधि, चेयरमैन, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संयुक्त सचिव ने सीएचओ गोधना का किया निरिक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जंघई। डा.मनस्वी कुमार सयुक्त सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने बुधवार को सीएचओ एवं एएनएम केन्द्र गोधना का निरिक्षण किया इस दौरान जरुरी दिशा निर्देश दिया। डा.मनस्वी कुमार संयुक्त सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार बुधवार दोपहर 12 बजे गोधना बाजार स्थित सीएचओ एवं एएनएम केन्द्र का निरीक्षण किया इस दौरान लगभग दो घंटे तक रहे,वह सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूजा गुप्ता से पूछताछ करके जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान आयुर्वेद से इलाज के लिए बढावा दिया तथा लोगो को प्रेरित करने के लिए कहा। आयुष मान कार्ड मे टेक्निकल ईशु आ रहे थे उस पर भी विस्तार सो चर्चा किया। केन्द्र पर क्या क्या सेवाए है उससे सम्बंधित पूछ ताछ किया। एएनएम केन्द्र पर नार्मल प्रसव होने की जानकारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा एएनएम शशिबाला गौतम की सराहना किया । सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी गोधना पूजा गुप्ता से संन्तुष्ट होकर प्रशस्ति भी पत्र दिया। इस मौके सीएमओ डा लक्ष्मी सिंह सीडीओ साई तेजा एसडीएम मछलीशहर कुमार गौरव वीडियो मछलीशहर सचिन भारतीय, अधीक्षक मछलीशहर डा.मेजर तपिस कुमार, मंडलीय परियोजना प्रबन्धक बृजेश मिश्रा, बाल विकास परियोजनाओं अधिकारी दीपक चतुर्वेदी, ए सीएमओ डा राजीव कुमार, डिप्टी सीएमओ अजय सिंह, डा.एएन यादव एमओ,आईओ अजीत कुमार, राय साहब चौहान एलटी, अरुण कुमार मौर्य बैम, विजय पाल वीपीएम, विरेन्द्र कुमार सिह सीपीएम, शशिबाला एएनएम,छोटे लाल ग्राम प्रधान गोधना, शिवकुमार ग्राम प्रधान किशुनदासपुर मौजूद रहे।

## दूसरी शादी करने पर पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मछली गाँव की एक विवाहित ने अपने पति पर मारने पीटने व दूसरी शादी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाई है।बताते चले कि तेजी बाजार थाना क्षेत्र के गढ़ा बाघराय निवासी श्रृंखला शुक्ला ने जौनपुर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाई की उनकी शादी 7 मई 2015 को बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के मछली गाँव निवासी अतुल शुक्ला के साथ हुई।विदाई के बाद से ही पति और उसके ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। श्रृंखला शुक्ला के पति वर्ष 2018 में प्राइमरी अध्यापक पद पर नियुक्ति हुए इसके बाद से वह अपने घर वालों के साथ उसे दहेज को लेकर और प्रताड़ना शुरू कर दिया।

# भाईदूज के दिन गायब युवक का शव नहर में मिला, प्रेम त्रिकोण में हत्या की आशंका



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के इंदरगढ़ थाना अंतर्गत जगतापुर गांव में बीए के एक छात्र का शव बुधवार को नहर में मिला। परिजनों का आरोप है कि उसके दोस्तों ने हत्या कर शव नहर में फेंक दिया है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में लिया था, जिनमें से एक आरोपी ने थाने से भागकर ट्यूबवेल पर सुसाइड करने की कोशिश की।

घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारण का पता चलेगा, वहीं मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### भाई दूज के दिन गायब हुआ था रामू

जगतापुर गांव के रमेश गुप्ता का बेटा रामू भाई दूज के दिन गायब हो गया था। शाम तक उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तीन दोस्तों को हिरासत में लिया था। बुधवार दोपहर में चटरुआपुर गांव के पास नहर में एक युवक का शव पड़ा मिला जिसे पुलिस ने बाहर निकाला और शव की शिनाख्त लापता छात्र रामू गुप्ता के रूप में की। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसे हत्या कर नहर में फेंका गया है।

### पुलिस ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया

सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पुलिस अभिरक्षा से भागा आरोपी, सुसाइड का प्रयास

पुलिस की हिरासत में आया एक आरोपी अंकित बुधवार सुबह थाने से पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। वह थाने से करीब 2 किलोमीटर दूर पूरारायपुर गांव के पास एक ट्यूबवेल पर पहुंचा और दीवार पर सिर पटक कर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे गांव के किसानों ने पकड़ लिया और पुलिस को बुलाया। पुलिस अंकित को फिर से गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस अधिकारी इस मामले पर ज्यादा कुछ बोलने से बचते नजर आए।

### त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में वारदात का शक

ग्रामीणों के अनुसार, रामू के दोस्त अंकित का प्रेमप्रसंग गुरसहायगंज के एक गांव की लड़की से था। हालांकि पिछले कुछ समय से लड़की की नजदीकियां रामू से बढ़ने लगी थीं। यह बात जब अंकित को पता चली तो उसने रामू से खुन्नस रखना शुरू कर दिया। भाई दूज के दिन अंकित ने रामू को पार्टी के बहाने घर से बलाया था जिसके बाद से रामू गायब हो गया।

### भाई दूज का तिलक न कर पाने का था मलाल

रामू की दो बहनें हैं, एक की शादी तिर्वा में और दूसरी की हरदोई में हुई है। भाई दूज के दिन रामू की एक बहन तिर्वा से गांव आई थी, जिससे रामू ने तिलक कराया। दूसरी बहन को गांव तक पहुंचने में समय लगा, इसी बीच रामू ने फोन करके कहा, दीदी जल्दी आओ, मुझे भाई दूज का तिलक कर दो, फिर कहीं जाना है। लेकिन कॉल आने के बाद रामू बिना तिलक कराए घर से चला गया और फिर वापस नहीं लौटा। अंत में बुधवार को उसका शव नहर में मिला।

# खाद के अन्धाधुन्ध प्रयोग की बजाय नैनो यूरिया का प्रयोग करें किसान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




मुख्य अतिथि विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत तथा जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर नमामि गंगे एवं नेशनल मिशन आन एडिबल आयल (आयलसीड) योजनान्तर्गत किसान मेला/कृषि प्रदर्शनी तथा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी-2024-25 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री राजपूत ने उपस्थित कृषकों से अपील की कि वह प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप नैनो डी0ए0पी0 एवं नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा दें तथा उत्पादन लागत में कमी लाये। वह रबी फसलों की अधिकतम पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नतशील बीजों एवं उर्वरकों का सन्तुलित प्रयोग तथा वैज्ञानिकों द्वारा बतायी गयी तकनीकी अपनाकर अधिक से अधिक लाभ उठायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि कृषकों की आय दो गुनी करने के लिए किसान भाई उन्नत तकनीकी से उत्पादन बढ़ाने एवं उत्पादन लागत में कमी करना तथा कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण, ब्रान्डिंग, पैकेजिंग एवं विपणन महत्वपूर्ण पहलू है। कृषको को नैनो डी0ए0पी0, नैना यूरिया के प्रयोग, रासायनिक कृषि रक्षा उपायों के साथ जैविक कृषि रक्षा उपायों का प्रयोग करने, भूगर्भ-जल को संरक्षित करने तथा मृदा स्वास्थ्य को सुदृढ बनाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि कृषक फसल अवशेषों को जलाये नहीं क्योंकि पर्यावरण संरक्षण एक वैश्विक जम्मेदारी है, किसान भाई स्वेच्छा से फसल अवशेष/पराली को निराश्रित गोवंश स्थलों पर भी दे सकते है।

उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही द्वारा कृषि प्रदर्शनी/गोष्ठी की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि वर्तमान में रबी उत्पादकता कार्यक्रम की गतिविधियॉ प्रगति पर हैं जिसमें उनके द्वारा रसायनिक उर्वरकों का कम से कम प्रयोग करने एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिये जाने तथा दानेदार डी0ए0पी0 एवं यूरिया के स्थान पर नैनो डी0ए0पी0 तथा नैनो यूरिया का अधिक से अधिक प्रयोग किये जाने का सुझाव दिया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद में धान की पराली जलाये जाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है जो कि एक दण्डनीय अपराध है इसके लिए किसानों से अपील की गयी कि वह फसल अवशेषों को खेतों में न जलाये बल्कि उनको सड़ाकर खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ायें।


डा0 अरविन्द कुमार सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी द्वारा कृषकों को अन्धाधुन्ध उर्वरकों के प्रयोग को रोकने तथा फसलों में मिट्टी की जॉच के आधार पर आवश्यकतानुसार सन्तुलित उर्वरकों के प्रयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ उपस्थित कृषकों को रबी में उगाई जाने वाली प्रमुख फसल गेंहू की खेती की नवीनतम तकनीकी जानकारी यथा-प्रजातियों का चयन, बुवाई का उपयुक्त समय, जल प्रबन्धन, फसल सुरक्षा आदि के बारे में बताया गया।

मानवेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको द्वारा कृषकों को नैनो डी0ए0पी0 एवं नैनो यूरिया की प्रयोग विधि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि इस उत्पाद की 01 बोतल 01 बोरी दानेदार खाद के बराबर कार्य करती है।

डा0 अमर सिंह वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी द्वारा आलू की खेती की विस्तार पूर्वक तकनीकी जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद में किसान भाई आलू की सिंचाई करने से पूर्व ही यूरिया की टॉप ड्रेसिंग कर देते हैं जो कि उचित नहीं है। फसलों में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग सिंचाई करने के उपरान्त ही किये जाने की सलाह दी गयी। इसके साथ उनके द्वारा आलू बीज उत्पादन तकनीकी एवं सब्जी वाली मटर की खेती की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी-मत्स्य, सहायक अभियंता नलकूप तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डा0 अमर सिंह एवं डा0 अरविंद कुमार आदि जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित लगभग 450 प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# छठ से कार्तिक पूर्णिमा तक गंगा घाट पर रहे चौकस इंतज़ाम- डीएम



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आगामी पर्व छठ पूजा, गुरूनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा आदि के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि कार्तिक पूर्णिमा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। अभी पर्याप्त समय है समस्त प्रकार की तैयारियां अभी से पूर्ण कर ली जाये। उन्होनें कहा कि मेले में प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता आदि की समुचित व्यवस्था की जाये। घाटो पर साफ-सफाई व्यवस्था एवं पार्किंग के लिये अभी से जगह चिन्हित कर ली जाए। कहा कि वाहन पार्किंग स्थल में रहेगे, श्रद्धालुओं को मेले तक आने-जाने हेतु ई रिक्शा की अनुमति रहेगी। प्लान के अनुसार ही दुकानों को लगवाया जाये, जिससे यातायात प्रभावित न हो। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होने चाहिए। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिये कि जो लाइटे मरम्मत योग्य है उन्हें ठीक करायें। उन्होंने कहा कि मेले में प्रकाश की व्यापक व्यवस्था होनी चाहिए। चूंकि कार्तिक पूर्णिमा स्नान हेतु श्रद्धालु रात्रि में आते है और स्नान करते है। सुरक्षा की दृष्टिगत घाटों पर बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही समय-समय पर माइक द्वारा एनाउंसमेंट किया जाये कि कोई भी श्रद्धालु खतरे के सांकेतिक निशान से आगे स्नान न करे, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। कहा कि मेले में स्वास्थ्य विभाग का कैम्प लगवाया जाये, एवं कन्ट्रोल रूम की व्यवस्था की जाये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता, आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## उन्नाव महोत्सव का आगाज आज से, 12 दिन चलेगा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर के जीआईसी मैदान में आज से 12 दिवसीय उन्नाव महोत्सव का आगाज होगा। शाम सात बजे डीएम, एसपी, व सदर विधायक महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। पहले दिन भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक मनीष सेंगर ने बताया कि महोत्सव लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल और भारतीय क्रांतिकारियों को समर्पित है। इसमें भक्ति, देशभक्ति, शास्त्रीय, लोग गीत संगीत नृत्य, कविसम्मेलन, मुशायरा, मैजिक शो, नाटक, शैक्षिक गायन नृत्य अभिनय, सामान्य ज्ञान परीक्षा, निबंध, मेहंदी, रंगोली, बॉडी बिल्डिंग आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न प्रदेशों के अलग-अलग उत्पादों के स्टॉल और अत्याधुनिक झूले मुख्य आकर्षण हैं।

महोत्सव में शहर व जिले के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। मंगलवार को दिन भर तैयारियों को अंतिम रूप देने का काम चलता रहा। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामसुमेर सिंह, महोत्सव समिति संस्थापक अशोक पटेल शिवा ने सभी से महोत्सव में पहुंचने की अपील की।

# पांच से दस वर्ष पुराने राजस्व वादों की होगी अब रोज़ सुनवाई

■ मुकदमो का बढ़ता बोझ घटाने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में पेशकारों के साथ आर0सी0सी0एम0एस0 पोर्टल और राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली आदि के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 01 वर्ष से 03 वर्ष तक अवधि के 1439 और 03 वर्ष से 05 वर्ष तक अवधि के 626 एवं 05 वर्ष से अधिक 928 मुकदमो का प्राथमिकता में लेकर शीध्रातिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। न्यायालयवाइज पुराने मुकदमों के निस्तारण की दिनांक वाइज सूची तैयार की जाये। तहसील स्तर पर प्रत्येक शनिवार कानूनगो, लेखपाल व नजारतवालो के साथ बैठक कर आईजीआरएस और न्यायालय संबंधित प्रकरणो का निदान किया जाये। सभी न्यायालयों में कम्प्यूटर और नेटवर्क की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिये। अच्छे विहैवियर के साथ कार्य करें, उत्कोच जैसी शिकायत नही मिलनी चाहिये। उन्होने निर्देश दिये कि 05 वर्ष व 10 वर्ष से अधिक पुराने समस्त वादों की दैनिक रुप से सुनवाई करायी जाये और प्रत्येक वाद पत्रावली आर0सी0सी0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड की जाये।

श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि आर0सी0सी0एम0एस0 पोर्टल पर प्रतिदिन आर्डर शीट भरी जाये। आर0सी0सी0एम0एस0 पोर्टल पर आदेश की प्रति पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर सहित सम्पूर्ण आदेश अपलोड किया जाये। समस्त पेशकार अपनी डी0एस0सी0 (डिजिटर सिग्नेचर) तत्काल बनवाना सुनिश्चित करें, जिससे ई-गवर्नेस के उद्देश्य को पूरा किया जा सके। पॉसवर्ड की पॉलिसी को अपनाकर सुरक्षित पासवर्ड बनायें। उन्होने निर्देश दिये कि प्रत्येक माह निस्तारित वाद पत्रावलियों को अभिलेखागार में समय से दाखिल कराया जाये। रेस्टोरेशन की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाये। कोई भी वाद अदम पैरवी में खारिज न किया जाये। सभी वाद गुणदोष के आधार पर लिखित व मौखिक बहस का समय प्रदान करते हुए ही निस्तारित किये जाये। उन्होने निर्देश दिये कि केश की डिटेल आने पर वादी व प्रतिवादी के फोन नम्बर में अपडेट किया जाये, जिससे उन्हे केश की डेट की जानकारी समय से मिल सके।

उन्होने कहा कि विभिन्न वादों की पत्रावलियों के ऊपर राजस्व संहिता की धारा यथा धारा-34, धारा-80, धारा-67, धारा 24 एवं धारा-116 में वाद के निस्तारण की निर्धारित समयसीमा का उल्लेख बड़े-बड़े अक्षरों में किया जाये। दाखिल-खारिज वादों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा 45 दिन के अन्दर प्रत्येक दशा में किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि न्यायालयों में बाहरी व्यक्तियों (प्राइवेट व्यक्तियों) से कार्य न लिया जाये। न्यायालय के जो कार्य हैं गुणवत्तापूर्ण किये जायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 सुश्री स्मृति मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यातायात उपकरणों की लगायी गयी प्रदर्शनी



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

एक नवम्बर से जनपद में चलाये जा रहे यातायात माह के क्रम में पुलिस लाइंस के मनोरंजन हॉल में यातायात जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिलाधिकारी, शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार आनंद द्वारा स्कूलों/ कॉलेजों के छात्र/छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य उपस्थित लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गयी तथा सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन नागरिकों को सड़क सुरक्षा की दिशा में मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### डीएम ने सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का लिया हाल



जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर बिलग्राम-मल्लावां मार्ग पर रोशनपुर गाँव के पास हुई दु:खद घटना में घायल लोगों का हाल जाना। उन्होंने घायलों से बात-चीत कर उनका हाल जाना। जिला अस्पताल के डाक्टरों को उन्होंने निर्देश दिए कि घायलों का अच्छी तरह से उपचार किया जाये। इसके बाद डीएम ने 100 शैया अस्पताल में स्थित मुर्दाघर पहुंचे। उन्होंने कहा कि नियमानुसार सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर शव परिजनों को सौंपे जाएं। डीएम ने घटना पर गहरा दु:ख जताया कि प्रशासन दु:ख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ है। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व डॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने टैक्सी स्टैंड व्यवस्थित करने हेतु प्रतिनिधियों से संवाद के दिये निर्देश



जन एक्सप्रेस । हरदोई। डीएम मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में टैक्सी स्टैंड के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निजी स्टैंड की व्यवस्था इस प्रकार की बनाये जाये जिससे लोगों को असुविधा न हो। व्यवस्थित स्टैंड के लिए सुविधाजनक स्थान की तलाश की जाये। सड़क पर अनधिकृत रूप से वाहन न खड़े होने दिए जाएं। टैम्पो चालकों के प्रतिनिधियों से संवाद किया जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने धान क्रय को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धान क्रय के सम्बन्ध में बैठक हुई। डीएम ने कहा कि क्रय केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों की पूरी सहायता की जाये। समस्त स्टाफ समय से केंद्रों पर पहुंचे। सत्यापन के कार्य में अनावश्यक देरी न की जाये। भुगतान की व्यवस्था को सुचारु रखा जाये। इस अवसर पर एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह,एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, डिप्टी आरएमओ निहारिका व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सामूहिक विवाह के आवेदनों का सत्यापन तत्काल कराएं: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदनों के सत्यापन के सम्बन्ध में बीडीओ व अधिशाषी अधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। डीएम ने कहा कि आवेदनों का सत्यापन तत्काल कराया जाये। सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। सम्बंधित सूचना का प्रेषण समाज कल्याण विभाग को सुनिश्चित किया जाये। समाज कल्याण विभाग को उन्होंने निर्देश दिया कि सामूहिक विवाह की सभी तैयारियां ससमय सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सम्बंधित लिपिक भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

# बिल्हौर नगरपालिका द्वारा ठीक कराई जाने लगी रोड लाइटें, नागरिकों की दूर होगी दिक्कतें

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन ने रोड लाइटों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है शाम होते ही सड़कों पर खासकर रेलवे स्टेशन आने जाने वाले मार्ग पर अंधेरा हो जाता है बुधवार को सुबह से ही नगर पालिका का बिजली कर्मचारी सड़कों पर दुरुस्त कथा करते नजर आए जब उनसे पूछा गया कि लाइट दुरुस्त हो रहे हैं या कोई खराब लाइट भी बदली जा रहे हैं तुरंत बताया कि बंद पड़ी जो लाइटें जल नहीं रही हैं उनको बंदरों द्वारा हिला देने से या तोड़ देने से बंद हो गई हैं उसे फाल्ट आदि चेक करके सभी दुरुस्त कराई जाएगी उन्होंने बताया कि सुबह छोटी बाजार में सब्जी का काम चार पांच बजे शुरू हो जाता है दूर-दूर से किस लेकर आते हैं तो अंधेरा रहता है इसलिए इस लाइट को और बड़ा करके लगाया जाएगा अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा ने बताया कि सभी लाइटो को दुरुस्त कराया जा रहा है। अगर लाइन कहीं पर फॉल्ट है तो उनके भी तार बदलवाए जा रहे हैं और टूटी हुई लाइटों को भी बदला जा रहा है।

## गांव के बाहर छात्र का फांसी पर झूलता मिला शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरपालपुर। अरवल थाना क्षेत्र के फदुल्लापुर गांव निवासी एक इंटर के छात्र का शव गांव के बाहर बाग में फांसी पर लटकता मिलने से हड़कम्प मच गया।ग्रामीणों ने फांसी पर लटका शव देखकर परिजनों को सूचना दी।उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के फदुल्लापुर गांव निवासी भुतू का लगभग 26 वर्षीय पुत्र अंकुल मंगलवार की शाम को घर से बिना बताए अचानक गायब हो गया। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। बुधवार की सुबह ग्रामीण जब गांव के बाहर शौच आदि के लिए गए तो अंकुल का शव उसी के बाग में फांसी पर पेंड से लटकता हुआ देखा। ग्रामीणों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दृगपाल सिंह गौर ने घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अंकुल दो भाइयों में छोटा था ।वह जनता इंटर कॉलेज परसौली में कक्षा 11 का छात्र था।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक




जन एक्सप्रेस । हरदोई

विवेकानंद सभागार में डीएम मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक हुई।डीएम ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर वसूली का कार्य किया जाये। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सांडी को वसूली की धीमी प्रगति पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मल्लावां की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कम वसूली पर अधिशाषी अधिकारी पिहानी को चेतावनी जारी करने को कहा। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के किसी कर्मचारी का वेतन न जारी किया जाये। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि निस्तारण में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये।एसडीएम सदर के स्तर पर अधिक संख्या में शिकायत लंबित होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। इस अवसर पर एडीएम वित्त प्रियंका सिंह, एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे की हालत में हुआ था विवाद ईंट से कूचकर वृद्ध की नृशंस हत्या



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

### पुलिस ने रात में ही हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

साथ ही, वृद्ध को सुरक्षा का आश्वासन दिया था। रात में ही सज्जन ने वृद्ध की सोते समय ईंट से कूचकर हत्या कर दी। वृद्ध की चीख सुन परिजन बचाने आए, तो हत्यारोपी उन्हें भी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद, सीओ अरविंद चौरसिया फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और रात में ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्नाव जिले के बांगरमऊ में मामूली विवाद में घर के सामने रहने वाले युवक ने वृद्ध की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। घटना जोगिकोट गांव की है, जहां मंगलवार देर शाम नशे की हालत में विवाद हो गया था। हत्या की सूचना पर दो थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के गांव जोगी कोट निवासी तुलसीराम (60) बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के संडीला रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास गुमटी रखे था। उसमें वह खाने पीने के सामान के साथ पानी पिछले कई सालों से बेच रहा। इसके पहले वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। गुमटी के पीछे ही किराये के मकान में परिजन भी रहते हैं। गुमटी में समान अधिक होने से वृद्ध उसी में सोता भी था। मंगलवार देर शाम नशे की हालत में तुलसीराम का दुकान के सामने रहने वाले सज्जन से विवाद हुआ था। विवाद के बाद सज्जन ने जान से मारने की धमकी दी थी।

# सड़क घेरकर खड़े लोडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सोनिक। उन्नाव-पुरवा मार्ग पर सोमवार रात सड़क घेरकर खड़े लोडर से बाइक सवार पीछे से टकरा गया। हेलमेट न लगाए होने से सिर में गहरी चोट आई। बिछिया सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के वक्त चालक लोडर की हेड लाइट ठीक कर रहा था। दही थानाक्षेत्र के गौरा गांव निवासी सूरज (20) पुत्र राकेश मजदूरी करता था। सोमवार शाम वह बाइक से घर जा रहा था। उन्नाव-पुरवा मार्ग पर गौरा मोड़ के पास सदर कोतवाली के ललऊखेड़ा निवासी रंजीत कुमार के लोडर की लाइट खराब होने पर वह वाहन को खड़ा कर तार जोड़ने लगा, इसी दौरान सूरज लोडर में पीछे से टकरा गया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने बिछिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई सुजीत के मुताबिक, सूरज दो भाइयों में छोटा था। मां लता और अन्य परिजन बेहाल हैं। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। चालक और लोडर कब्जे में है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

# ‘एलएमवी लाइसेंस धारक 7500 किलो तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन चलाने के हकदार’

■ बीमा कंपनियों का कहना है कि अदालतें बीमा विवादों में धारकों के पक्ष में फैसला ले रही हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हल्के मोटर वाहन एलएमवी का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि एलएमवी का ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाला व्यक्ति 7,500 किलोग्राम से कम वजन वाले परिवहन वाहन को चलाने के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, जिससे यह साबित हो सके कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के लिए एलएमवी लाइसेंस धारक जिम्मेदार हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय ने प्रधान न्यायाधीश सहित चार न्यायाधीशों की ओर से फैसला लिखते हुए कहा कि यह मुद्दा हल्के मोटर वाहन लाइसेंस धारकों वाले चालकों की आजीविका से संबंधित है।



### पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनाया फैसला

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ इस पर फैसला सुनाया। यह कानूनी सवाल दुर्घटना मामलों में बीमा कंपनियों की तरफ से मुआवजे के दावों के विवादों का कारण बन रहा था, जिनमें एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस धारकों की तरफ से ट्रांसपोर्ट वाहन चलाए जा रहे थे।

### बीमा कंपनियों का क्या है तर्क ?

बीमा कंपनियों का कहना है कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण एमएसीटी और अदालतें उनके आपत्तियों की अनदेखी करते हुए उन्हें बीमा दावे का भुगतान करने के आदेश दे रही हैं। बीमा कंपनियों का कहना है कि अदालतें बीमा विवादों में बीमाधारकों के पक्ष में फैसला ले रही हैं।

### तीन जजों की पीठ ने सुरक्षित रखा था फैसला

जस्टिस ह्रषिकेश रॉय, पी एस नरसिम्हा, पंकज मिथल और मनोज मिश्रा वाली पीठ ने इस मुद्दे पर 21 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रखा था, जब केंद्र के वकील, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा था कि मोटर वाहन एमवी अधिनियम, 1988 में संशोधन पर विचार-विमर्श लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है, और इसलिए अदालत ने इस मामले को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। क्या लाइट मोटर व्हीकल एलएमवी के ड्राइविंग लाइसेंस धारक को 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन को चलाने का अधिकार है, यही कानूनी सवाल सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। यह सवाल 8 मार्च 2022 को तीन-सदस्यीय पीठ की तरफ से संविधान पीठ को भेजा गया था, जिसमें जस्टिस यूयू ललित (अब सेवानिवृत्त) शामिल थे। यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के 2017 के मुकुंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मामले से उठा था। मुकुंद देवांगन मामले में, अदालत ने कहा था कि 7,500 किलोग्राम तक वजन वाले ट्रांसपोर्ट वाहन को एलएमवी की परिभाषा से बाहर नहीं किया गया है।

### बजाज आलियांज की तरफ से मुख्य याचिका दायर

इस फैसले को केंद्र सरकार ने स्वीकार किया और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों को इस निर्णय के अनुरूप संशोधित किया गया। 18 जुलाई को संविधान पीठ ने इस कानूनी सवाल पर 76 याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। मुख्य याचिका बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की तरफ से दायर की गई थी। मोटर वाहन अधिनियम कई प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग लाइसेंस देने के प्रावधान करता है। मामले को बड़ी पीठ को भेजते समय कहा गया कि कुछ कानूनी प्रावधानों को मुकुंद देवांगन निर्णय में ध्यान नहीं दिया गया था और इस विवाद का पुनः विचार आवश्यक है।

# एफसीआई को मिलेंगे 10,700 करोड़

## कैबिनेट के बड़े फैसले: पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मेधावी छात्रों को सस्ते लोन



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का मकसद है कि मेधावी छात्रों की पढ़ाई में अड़चन न आए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का लाभ एजुकेशन लोन में मिलेगा। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए बैंकों से 10 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण सस्ती दरों पर लिया जा सकेगा।

### बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लोन लेना आसान बनेगा

शिक्षा ऋण गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करेगा। वैष्णव ने बताया कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से समर्थन-मुक्त , गारंटर-मुक्त ऋण लिया जा सकेगा।

### क्या है पीएम विद्यालक्ष्मी योजना?

वैष्णव ने बताया कि ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये है। इन परिवारों के छात्रों की पढ़ाई के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर भारत सरकार 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी देगी। उन्होंने कहा कि मिशन मोड तंत्र शिक्षा के विस्तार को सुगम बनाएगा।

### 10,700 करोड़ रुपये की नई इक्विटी पूंजी देने का फैसला

मेधावी बच्चों की पढ़ाई के अलावा कैबिनेट ने कई और अहम फैसले लिए हैं। वैष्णव ने बताया कि खाद्यान्न की खरीद में एफसीआई की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आज भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को मजबूत करने का निर्णय भी लिया गया। कैबिनेट ने एफसीआई को 10,700 करोड़ रुपये की नई इक्विटी पूंजी देने का निर्णय लिया है।

वैष्णव ने बताया कि मेधावी बच्चे बैंकों से लोन उच्च शिक्षण संस्थानों से पढ़ाई के लिए लोन ले सकेंगे। इस योजना के प्रभाव से अब पैसे की कमी के कारण बच्चों की उच्च शिक्षा में कोई अड़चन नहीं आएगी।

# हिमाचल में कांग्रेस की प्रदेश, जिला और ब्लॉक इकाइयां भंग, प्रतिभा सिंह ने लिखा था पत्र

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की संपूर्ण प्रदेश इकाई, जिला अध्यक्षों और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। जिसकी नोटिफिकेश कांग्रेस ने जारी की है। बता दें कि हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हाईकमान को पत्र लिखकर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नए सिरे से गठन की मंजूरी मांगी थी। प्रतिभा सिंह ने संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों की जगह नई नियुक्तियां करने का हाईकमान से अधिकार मांगा था। नोटिफिकेशन देखें हिमाचल में अब प्रदेश सहित जिला और ब्लॉक स्तर पर नए सिरे से कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। हालांकि नई कार्यकारिणी का गठन कब तक होगा। इसको लेकर अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं, लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक अगले कुछ दिनों में इस बारे में हाईकमान से चर्चा करने के बाद फैसला लिया जा सकता है। नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर पार्टी हाईकमान कोई जल्दबाजी नहीं करेगा। प्रदेश कांग्रेस ने पहले ही प्रदेश सहित जिला और ब्लॉक स्तर पर निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर किए जाने की बात कह दी है। इसी आधार पर कांग्रेस की कार्यकारिणी को भंग किया गया है।

# पहली बार उत्तर कोरियाई सैनिकों के साथ यूक्रेनी बलों की झड़प, जेलेंस्की ने की पुष्टि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच बीते 32 महीनों से ज्यादा समय से जंग जारी है। इस युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों और यूक्रेनी बलों का पहली बार आमना-सामना हुआ है। उत्तर कोरियाई सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के एक हिस्से को नियंत्रण में ले लिया है। अमेरिका के एक प्रमुख समाचार पत्र ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। %न्यूयॉर्क टाइम्स% ने एक यूक्रेनी और एक अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी पुष्टि की है कि उनके बलों और उत्तर कोरियाई सैनिकों के बीच पहली बार सीधा संघर्ष हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि करीब 11 हजार उत्तर कोरियाई सैनिक पहले से ही रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तैनात हैं। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने भी मंगलवार को कहा कि करीब 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिक रूस में तैनात किए गए हैं और उनमें एक बड़ी तादाद में सैनिकों को अग्रिम मोर्चे के क्षेत्रों में भेजा गया। हालांकि, राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को बताया कि रूस के पश्चिमी मोर्चे पर तैनात उत्तर कोरियाई सैनिक अभी तक यूक्रेनी बलों के साथ जंग में पूरी तरह से शामिल नहीं हुए हैं। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने सोमवार कहा था कि कुर्स्क क्षेत्र में उत्तर कोरिया के 10 हजार सैनिकों की मौजूदगी है और आने वाले दिनों में वे युद्ध में शामिल हो सकते हैं। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भी युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौजूदगी को बहुत गंभीर स्थिति बताते हुए कहा कि यह यूरोप और एशिया दोनों पर असर डाल सकती है।



### ‘बड़ी संख्या में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिक’

दक्षिण कोरिया के सार्वजनिक प्रसारक केबीएस पर मंगलवार को प्रसारित एक इंटरव्यू में यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि उनके देश की सेना ने पहली बार उत्तर कोरियाई सैनिकों का मुकाबला किया है। वहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में यूक्रेनी अधिकारी ने मृतकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। लेकिन एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि बड़ी संख्या में उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए हैं।

### वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन मांगा

अमेरिकी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यूक्रेनी अधिकारी के मुताबिक, उत्तर कोरियाई सैनिकों ने एक रूसी नौसैनिक इन्फेंट्री ब्रिगेड के साथ मिलकर युद्ध किया। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मंगलवार को एक बयान में कहा, उत्तर कोरियाई सैनिकों के साथ पहले संघर्ष ने दुनिया में अस्थिरता का एक नया अध्याय खोल दिया है। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपने देश की रक्षा के लिए समर्थन मांगा।

### जून में पुतिन ने किया था प्योंगयांग का दौरा

रूस और उत्तर कोरिया ने फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से अपने सैन्य सहयोग को बढ़ाया है। जून में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्योंगयांग का दौरा किया था और और रूस व उत्तर कोरिया के बीच एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौता हुआ था, जिसमें एक-दूसरे की मदद करने का वादा किया गया था।

### उत्तर कोरिया ने कोरियाई युद्ध के बाद किसी संघर्ष में नहीं लिया हिस्सा

उत्तर कोरिया की सेना दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है, जिसमें 12 लाख सैनिक हैं। लेकिन उसने 1950-53 के कोरियाई युद्ध के बाद से किसी बड़े संघर्ष में हिस्सा नहीं लिया। रूस ने हथियारों की आपूर्ति को बढ़ाने के लिए उत्तर कोरिया की मदद ली है। इस बीच, दक्षिण कोरिया ने उपग्रह से लिए गए चित्र जारी किए हैं, जिसमें रूस के नौसैनिक जहाजों की गतिविधि और उत्तर कोरियाई सैनिकों का जमावड़ा दिखाया गया है।

## राहुल गांधी नागरिकता विवाद: इलाहाबाद हाईकोर्ट का याचिकाकर्ता दिल्ली हाईकोर्ट में पेश, दावा


# सीबीआई कर रही जांच

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट को बुधवार को सूचित किया गया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। कर्नाटक से भाजपा सदस्य विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ के समक्ष वर्चुअली विग्नेश शिशिर पेश हुए। पीठ इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन्होंने कांग्रेस नेता के खिलाफ अपनी शिकायत पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की है। शिशिर ने कहा इस मामले में वे सीबीआई के समक्ष पेश हुए है और इस मामले में बहुत गोपनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। इस मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। चूंकि इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यवाही बहुत आगे बढ़ चुकी है। शिशिर ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी जनहित याचिका में हुए घटनाक्रम पर प्रासंगिक दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर रखने के लिए कुछ समय मांगा। पीठ ने आदेश दिया कि पक्षकार बनने के लिए आवेदन के साथ दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल किया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित जनहित याचिका में व्यापक प्रार्थनाएं शामिल हैं और वह नहीं चाहती कि एक ही मुद्दे पर दो समानांतर कार्यवाही जारी रहे। स्वामी ने दावा किया है कि गांधी भारतीय नागरिक नहीं रह जाएंगे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 9 में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं होगा या भारत का नागरिक नहीं माना जाएगा यदि उसने स्वेच्छा से किसी विदेशी राज्य की नागरिकता प्राप्त की है। केंद्र सरकार ने 20 अप्रैल 2019 को गांधी को नागरिकता के संबंध में शिकायत विषय के साथ एक नोटिस भेजा था। स्वामी ने लिखा था कि बैकॉप्स लिमिटेड नामक एक कंपनी 2003 में यूनाइटेड किंगडम में पंजीकृत हुई थी, जिसमें गांधी निदेशक और सचिव थे।

### 2017 में ही यह मुद्दा उठाया था

शिशिर ने दावा किया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष उनकी जनहित याचिका एक उन्नत चरण में है, जबकि स्वामी ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर न्यायालय को बताया कि उन्होंने 2017 में ही यह मुद्दा उठाया था और दोनों मामलों में प्रार्थनाएं समान नहीं हैं। मामले की सुनवाई अब 6 दिसंबर को होगी। अगस्त 2019 में स्वामी ने कांग्रेस नेता द्वारा ब्रिटिश सरकार को स्वेच्छा से खुलासा करने में किए गए कथित उल्लंघनों पर केंद्र को एक पत्र लिखा था कि वह ब्रिटिश राष्ट्रीयता के नागरिक हैं, जो ब्रिटिश पासपोर्ट रखने के बराबर है। स्वामी ने आरोप लगाया है कि भारतीय नागरिक होने के नाते गांधी ने भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 9 का उल्लंघन किया है।



# सरकारी सब्सिडी चिंता का विषय, आरबीआई गवर्नर बोले, जीडीपी पर पड़ सकता है असर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है, लेकिन उच्च सब्सिडी व्यय चिंता का विषय है। दास मुंबई में आयोजित बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सब्सिडी व्यय बहुत अधिक है और पहली तिमाही में सरकारी व्यय जीडीपी को नीचे खींच रहा है। गवर्नर ने कहा, सरकारी व्यय में वृद्धि शुरू हो गई है। केंद्र और राज्यों के राजस्व और पूंजीगत व्यय दोनों में वृद्धि शुरू हो गई है। सब्सिडी व्यय एक मुद्दा बना हुआ है।÷ उन्होंने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सरकार की सब्सिडी के लिए भुगतान बढ़ा है। सरकार ने वित्त वर्ष 25 में खाद्य सब्सिडी के लिए 2,05,250 करोड़ रुपये का बजट रखा है। यह 2023-24 के लिए 2,12,332 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 3प्रतिशत कम है। सरकार ने रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरक सब्सिडी के लिए 24,475.53 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है।

# महाविकास अघाड़ी का घोषणापत्र जारी, महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना, कृषि ऋण करेंगे माफ



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर महाविकास अघाड़ी गठबंधन ने भी अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। महाविकास अघाड़ी ने जनता को पांच गारंटियां दी हैं। इसके तहत महाविकास अघाड़ी की सरकार बनी तो महाराष्ट्र में जातिगत जनगणना कराएंगे। महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना का एलान किया। इसके तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये मिलेंगे। हर परिवार का 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा। युवाओं को 24 हजार रुपये सालना देंगे। वहीं किसानों का तीन लाख तक का कृषि ऋण माफ करेंगे। मुंबई में महाविकास अघाड़ी की महाराष्ट्र स्वाभिमान सभा में कांग्रेस नेत राहुल गांधी और गठबंधन के अन्य नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया गया।

### यह विचाराधारा की लड़ाई: राहुल गांधी

मुंबई में महाविकास अघाड़ी की महाराष्ट्र स्वाभिमान सभा में राहुल गांधी ने कहा कि यह लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ भाजपा और आरएसएस है। जबकि दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है। एक तरफ आंबेडकर का एकता, समानता, प्रेम और सम्मान का संविधान है और दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस के लोग इस संविधान को नष्ट करना चाहते हैं, वे इसे खुलकर नहीं कह सकते। अगर वे इसे खुलकर कहेंगे, तो उन्हें पता है कि इसका नतीजा क्या होगा, पूरा देश उनके खिलाफ खड़ा हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि वे चुनाव आयोग पर दबाव डालते हैं। सरकार को गिराने के लिए सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने पिछली महाराष्ट्र सरकार को चोरी करके और पैसे देकर हटाया गया था।

# ‘विकसित भारत के सपने को साकार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगी सेना’

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि भारत की विकास महत्वकांक्षाओं के अनुरूप सेना में भी बदलाव हो रहा है। सेना तकनीकी रूप से मजबूत, चुस्त और सक्षम सेना का निर्माण करके विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि सेना राष्ट्र की ताकत का एख प्रमुख स्तंभ और क्षेत्र में एक सुरक्षा प्रदाता बनी रहेगी। सेना एक बयान में यह जानकारी दी। जनरल द्विवेदी ने 64वें एनडीसी (एनडीसी) पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को शुभकामाएं दीं। उन्होंने भविष्य के लिए भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने और नीति निर्माताओं के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।



# शरद और अजित पवार की एनसीपी को सुप्रीम कोर्ट ने दी नसीहत, अदालतों में समय बर्बाद न करें, वोट मांगें



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में जारी विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के राजनीतिक दलों-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को नसीहत दी है। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि चुनावी माहौल के बीच अदालतों में अपना समय बर्बाद न करें। अदालत ने दोनों दलों से कहा कि जमीन पर जाएं और मतदाताओं को अपनी नीतियों से प्रभावित कर उनके वोट मांगें। उच्चतम न्यायालय ने अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा को 36 घंटे के भीतर अखबारों में यह ‘डिस्क्लेमर’ जारी करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने साफ किया कि एनसीपी को ‘घड़ी’ चुनाव चिह्न आवंटित करने का मामला अदालत में विचाराधीन है, यह सूचना स्पष्ट रूप से प्रकाशित करानी होगी।

### तीसरी सबसे बड़ी विधानसभा में सियासी समीकरण

महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में महाविकास अघाड़ी सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 40 विधायक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 38 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है।

### महाराष्ट्र में विपक्षी खेमा कितना मजबूत

इसके अलावा विपक्षी खेमे (महाविकास अघाड़ी-एमबीए) में कुल 71 विधायक हैं। विपक्ष में कांग्रेस 37 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के 16 विधायक हैं। वरिष्ठ राजनेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टीके 12 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी के दो, सीपीआईएम और पीडब्लूपीआई के एक-एक विधायक हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के दो विधायक भी विपक्षी खेमे में हैं। 15 विधानसभा सीटें खाली हैं

# अजित पवार की एनसीपी ने जारी किया घोषणा पत्र

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की अगुवाई वाली पार्टी एनसीपी ने बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। एनसीपी ने अपने घोषणा पत्र में सरकार की लाडकी बहिन योजना की मासिक वित्तीय सहायता राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का वादा किया है। अभी इस योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार महिलाओं को मासिक 1500 रुपये दे रही है। अपने घोषणा पत्र में एनसीपी ने किसानों के लिए, शेतकरी सम्मान निधि योजना की राशि को 12,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये सालाना करने का भी वादा किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन का हिस्सा है। इस गठबंधन में तीसरी पार्टी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना है।

# कलकत्ता हाईकोर्ट का बंगाल सरकार को निर्देश, कहा, त्योहार पर शांति बनाए रखने के लिए उठाए कड़े कदम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को बंगाल सरकार को सख्त निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि लोग बिना किसी व्यवधान के हर्षोल्लास के साथ त्योहारों का जश्न मनाएं। कोर्ट ने बंगाल सरकार को सभी कड़े कदम उठाने के लिए कहा। ताकि त्योहारी सीजन के दौरान शांति बनी रहे। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायाधीश हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने भाजपा नेता और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को निर्देश दिए। पीठ ने राज्य सरकार को 18 नवंबर तक हलफनामे के रूप में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही याचिकाकर्ता से भी 21 नवंबर तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि काली पूजा के एक दिन बाद कोलकाता के नारकेलडांगा थाना अंतर्गत राजाबाजार इलाके में एक विशेष समुदाय की भीड़ ने प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव फैला। इस पर राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने दावा किया कि अलग-अलग समुदाय के लोगों के आपस में टकराव संबंधी आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है। दो लोगों के बीच झड़प के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई और उसके फलस्वरूप हुई हिंसा में कुछ पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के सिलसिले में कम से कम छह प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि कोलकाता के राजा बाजार इलाके में काली पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव की घटना हुई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)